

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, रविवार | 24 नवम्बर 2024 | वर्ष : 02 अंक : 188 | पृष्ठ - 14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### चुनाव को भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने के हथकंडे दुनिया के सामने उजागर: अखिलेश यादव



एजेंसी

उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीट पर उपचुनावों में समाजवादी पार्टी (सपा) की करारी हार पर अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि चुनावको भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने के हथकंडे तस्वीरों में कैद होकर दुनिया के सामने उजागर हो चुके हैं।निर्वाचन आयोग के मुताबिक, विधानसभा की नौ सीट पर हुए उपचुनाव में पांच सीट के परिणामों में समाजवादी पार्टी (सपा)को सीसामऊ व करहल सीट जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गाजियाबाद, खैर और फूलपुर में जीत दर्ज की।हालांकि, अन्य चार सीट में से तीन पर भाजपा और एक सीट पर सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के उम्मीदवार आगे हैं। यादव ने ह्यएक्सह्ण पर एक पोस्ट में कहा, ह्लचुनावको भ्रष्टाचार का पर्याय बनाने वालों के हथकंडे तस्वीरों में कैद होकर दुनिया के सामने उजागर हो चुके हैं। दुनिया से लेकर देश और उत्तर प्रदेश ने इस उपचुनाव में चुनावी राजनीति का सबसे विकृत रूप देखा। असत्य का समय हो सकता है लेकिन युग नहीं।

## महाराष्ट्र में झूठ, छल और फरेब बुरी तरह हारा, पीएम मोदी बोले-

# विकसित भारत का मजबूत हुआ संकल्प, झारखंड में करेंगे तेज विकास

**मोदी ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के नतीजे भी आए हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर फिर एक बार भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है।**

एजेंसी

नई दिल्ली:महाराष्ट्र में मिली जबरदस्त जीत के बाद भाजपा में उत्साह है।यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकताओं को पार्टी कार्यालय से संबोधित किया। इसके साथ ही झारखंड को लेकर उन्होंने बड़ी बात कही।नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हम यहां एक और ऐतिहासिक महाविजय का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज महाराष्ट्र में विकासवाद, सुशासन, सच्चे सामाजिक न्याय की जीत हुई है और महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है।उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विभाजनकारी ताकते हारी हैं, नकारात्मक राजनीति की हार हुई है परिवारवाद की हार हुई है। आज महाराष्ट्र ने विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया है।

मोदी ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के नतीजे भी आए हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर फिर एक बार भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी हमें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार में



ठउअ का समर्थन बढ़ा है।यह दिखाता है कि देश अब सिर्फ विकास चाहता है। मैं महाराष्ट्र के मतदाताओं का, युवाओं का, माताओं का, किसानों, देश की जनता को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं झारखंड की जनता को भी नमन करता हूं।झारखंड के तेज विकास के लिए हम अब और ज्यादा मेहनत से काम करेंगे।इसमें भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपना हर प्रयास करेगा।इस दौरान नड्डा ने कहा कि ये ऐतिहासिक दिन, विशेष दिन... जो आज भारत और महाराष्ट्र की जनता ने, और देश के विभिन्न राज्यों के उपचुनावों में जो जनता ने संदेश दिया है, वो निश्चित रूप से जिस कार्य को आदरणीय पीएम मोदी जी ने देशवासियों की सेवा करने का संकल्प उठाया। उस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज के दिन महाराष्ट्र और उपचुनावों में मिली जीत और पिछले दिनों हरियाणा में मिली जीत ने यह तय कर दिया है कि जिस बात को पीएम मोदी जी ने रखा... गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, महिला, युवा, किसान... इनको मुख्यधारा में शामिल करके देश को आगे ले जाना है... इस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने यह भी संदेश दिया कि समाज को बांटने वालों को करारी हार का सामना करना पड़ा और लोगों ने पीएम मोदी की विकास नीतियों की सराहना की है।पिछले कुछ समय से ह्यठउअह्ण गठबंधन को यह भ्रम था कि वे लोगों को जाति, संविधान, धर्म के नाम पर बांटकर सत्ता हासिल कर लेंगे। हरियाणा, महाराष्ट्र ने उन्हें जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि 2019 में उद्धव ठाकरे ने जनादेश का अपमान किया, लेकिन आज महाराष्ट्र की जनता ने दिखा दिया कि वो महायुति और पीएम मोदी के साथ हैं।

## योगी के नेतृत्व में एक रहा यूपी, कुंदरकी-कटेहरी ने भी लिखा नया इतिहास



एजेंसी

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने उपचुनाव में बड़ी जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश की जनता ने एक बार फिर बता दिया कि उन्हें योगी आदित्यनाथ का ही साथ पसंद है। प्रदेश में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव में सात पर एनडीए ने जीत दर्ज की। इसमें से छह पर भारतीय जनता पार्टी और एक सीट पर एनडीए गठबंधन (रालोद) ने जीत हासिल की। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के हिस्से की कुंदरकी व कटेहरी सीट भी जीत ली।इन दोनों सीटों पर नया इतिहास लिखा गया।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी व रालोद प्रत्याशी के पक्ष में पांच दिन में 15 चुनावी कार्यक्रम किए।सीएम योगी ने फूलपुर, मझवा, खैर व कटेहरी में दो-दो रैली की।गाजियाबाद में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक रैली व एक रोड शो कर कमल को फिर से खिलाने की अपील की, जिस पर जनता ने मुहर लगाया। वहीं कुंदरकी व मीरापुर में भी सीएम की रैली हुई।इसका असर यह हुआ कि कुंदरकी में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेहनत का ही प्रतिफल है कि समाजवादी पार्टी के घर करहल में भी सपा की जीत का अंतर काफी कम हुआ। 2022 आमचुनाव में सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव ने यहां 67504 वोटों से जीत हासिल की थी,**

## हॉट सीट कोपरी-पचपाखड़ी विधानसभा से सीएम शिंदे की शानदार जीत,



एजेंसी

**महाराष्ट्र:** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कोपरी-पचपखाड़ी सीट 1,20,717 वोटों से बरकरार रखी। पिछले विधानसभा चुनाव 2019 में एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस के घासीगांवकर संजय पांडुरंग को हराकर कोपरी-पचपखाड़ी सीट जीती थी। मुंबई से सटे अपने गृह क्षेत्र ठाणे में जबरदस्त प्रभाव रखने वाले शिंदे को 78.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 1,59,060 वोट मिले। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिव सेना (यूबीटी) के उम्मीदवार केदार दिघे, जो शिंदे के गुरु दिवंगत आनंद दिघे के भतीजे हैं, को 38,343 वोट मिले।शिंदे ने 2022 में बाल ठाकरे द्वारा स्थापित पार्टी को विभाजित करने के लिए तत्कालीन शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था और सीएम बनने के लिए भाजपा के साथ चले गए थे। जबकि विभाजन से सेना के दो गुटों के बीच कड़वाहट पैदा हो गई। अंततः उन्हें पार्टी का नाम और उसका 'धनुष-तीर' प्रतीक मिल गया। जीत के बाद एकनाथ शिंदे ने देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि आज जनता ने दिखा दिया कि बालासाहेब की शिवसेना कौन सी है। वे (कांग्रेस) जहां भी हारते हैं, आपत्ति जताते हैं...क्या झारखंड में ईवीएम सही है। जब वे जीतते हैं तो ईवीएम सही होती है, जब हारते हैं तो ईवीएम में समस्या होती है..

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने उपचुनाव परिणाम को जनता की अदालत में जीत करार दिया



एजेंसी

कर्नाटक:कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को विधानसभा उपचुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस की तीनों सीट पर जीत के बाद कहा कि उन्होंने जनता की अदालत में जीत हासिल की है। उन्होंने संडूर, शिग्गाओं और चन्नापटना विधानसभा उपचुनाव में पार्टी की जीत का श्रेय गारंटी योजनाओं को दिया।कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को विधानसभा उपचुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस की तीनों सीट पर जीत के बाद कहा कि उन्होंने जनता की अदालत में जीत हासिल की है। उन्होंने संडूर, शिग्गाओं और चन्नापटना विधानसभा उपचुनाव में पार्टी की जीत का श्रेय गारंटी योजनाओं को दिया।सिद्धरमैया ने पत्रकारों से कहा, आप जानते हैं कि महात्मा गांधी ने क्या कहा था। उन्होंने कहा था कि जनता की अदालत अदालतों से बेहतर है।

## असम उपचुनाव में सभी 5 सीटों पर NDA की जीत, सीएम सरमा ने ट्वीट कर जानें क्या कहा



एजेंसी

**नई दिल्ली:** समागुरी निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस की करारी हार हुई है।यह सीट 2000 से उसके पास थी। जिससे भाजपा और उसके सहयोगियों को असम की पांच विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव में क्लीन स्वीप हासिल करने में मदद मिली। भाजपा ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और उसके उम्मीदवारों ने हर एक पर जीत हासिल की। सामागुरी में डिप्लू रंजन सरमा, बेहाली में दिगंता घाटोवाल और धोलाई में निहार रंजन दास।इसने दो अन्य विधानसभा क्षेत्रों में अपने सहयोगियों का समर्थन किया - असम गण परिषद की दीप्तिमयी चौधरी ने बोंगाईगांव सीट पर जीत हासिल की, जबकि यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल के निर्मल कुमार ब्रह्मा ने सिडली में महत्वपूर्ण बढ़त के साथ जीत हासिल की।इनमें से चार सीटें पहले उन्हीं पार्टियों के विधायकों के पास थीं, भाजपा की सबसे बड़ी जीत समागुरी में है, एक बड़ी अल्पसंख्यक आबादी वाली सीट जिसका प्रतिनिधित्व 2000 से लगातार पांच बार असम कांग्रेस के दिग्गज नेता रकीबुल हुसैन ने किया था। रकीबुल के विधायक के रूप में लंबे कार्यकाल से पहले, उनके पिता नुरुल हुसैन, जो एक कांग्रेस नेता भी थे, ने 1980 और 1990 के दशक में दो बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था।उपचुनाव में कांग्रेस ने रकीबुल के 26 वर्षीय बेटे तंजील को सीट से मैदान में उतारा था, रकीबुल उनके अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। प्रचार सीट पर चुनाव संबंधी हिंसा की कई घटनाएं देखी गईं, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता घायल हो गए।

## एनडीए की जीत समझ से परे, किसान परेशान हैं औरमहाराष्ट्र के नतीजों पर उद्धव ठाकरे की पहली प्रतिक्रिया



एजेंसी

महाराष्ट्र :शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र में महायुति की जीत पर सवाल खड़े किए हैं। उद्धव ने महाराष्ट्र के लोगों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया, लेकिन एनडीए की जीत के पैमाने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि परिणाम दशार्ते हैं कि लहर नहीं बल्कि सुनामी थी। लेकिन मुझे समझ नहीं आता कि उन्होंने यह जनादेश पाने के लिए क्या किया। एनडीए 230 से अधिक सीटों पर आगे चल रहा था, और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) लगभग 50 निर्वाचन क्षेत्रों में बढ़त के साथ काफी पीछे रहकर संघर्ष करती हुई दिखाई दी।राज्य के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए, उद्धव ने किसानों के संकट और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर इशारा किया, और इस बात पर संदेह व्यक्त किया कि क्या इन मामलों को एनडीए के पक्ष में ऐसी चुनावी लहर की गारंटी देने के लिए संबोधित किया गया था। उन्होंने कहा कि किसान परेशान हैं और बेरोजगारी है। इस प्रकार की सुनामी लाने के लिए उन्होंने क्या किया है? मुझे नहीं लगता कि बटेंगे कटेंगे जैसे नारे काम करेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह काम नहीं आया। कुछ चीजें धर्मनिरपेक्ष हैं जैसे बेरोजगारी, महंगाई. हर कोई इससे प्रभावित है। तो यह काम नहीं किया। पूर्व सीएम ने कहा कि मैं उन्हें उनकी जीत के लिए बधाई देता हूं।

## महाराष्ट्र में हार को राहुल गांधी ने बताया अप्रत्याशित, बोले- विश्लेषण करेंगे, झारखंड में जीत के लिए हेमंत सोरेन को दी बधाई



एजेंसी

**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के फ्लॉप शो के बाद राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं। महायुति गठबंधन ने 200 से अधिक सीटें हासिल करके चुनाव में जीत हासिल की है, जबकि एमवीए 50 सीटों के आंकड़े तक पहुंचने में विफल रहा। राहुल ने एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं और इनका हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे। प्रदेश के सभी मतदाता भाई-बहनों को उनके समर्थन और सभी कार्यकताओं को उनकी मेहनत के लिए धन्यवाद। झारखंड चुनावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, जहां इंडिया ब्लॉक ने आसान अंतर से जीत हासिल की, राहुल गांधी ने लिखा कि झारखंड के लोगों का को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गठबंधन की यह जीत संविधान के साथ जल-जंगल-जमीन की रक्षा की जीत है।कांग्रेस ने महाराष्ट्र में अब तक के सबसे खराब प्रदर्शन के बाद अपनी हार का सिलसिला जारी रखा और झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो के दूर के कनिष्ठ भागीदार के रूप में समाप्त हो गई, जिससे विपक्षी गुट में उसकी भूमिका और भी कम हो गई क्योंकि अन्य सहयोगी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। जबकि झारखंड में इंडिया ब्लॉक की जीत कुछ सांत्वना थी, हरियाणा में उलटफेर के बाद महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य को खोने से गठबंधन राजनीति के इस युग में सबसे पुरानी पार्टी की व्यापक सौदेबाजी की शक्ति कमजोर होने की संभावना है।

## पंजाबु उपचुनाव में 3 सीटें जीती आप, केजरीवाल बोले- यह तो सेमीफाइनल है, दिल्ली में बनाएंगे...



एजेंसी

**नई दिल्ली:** पंजाब में चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने गिद्दड़बाहा, डेरा बाबा नानक और चब्बेवाल में जबकि कांग्रेस ने बरनाला सीट पर जीत हासिल की है। पंजाब उपचुनाव के नतीजे के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब उपचुनाव के नतीजे फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल जैसे हैं; आप को फिर से ऐतिहासिक जनादेश मिलेगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब उपचुनाव में आप ने चार में से तीन सीटें जीतीं, भाजपा ने तीन पर जमानत गंवाई। इस वर्ष के प्रारंभ में निवर्तमान विधायकों के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद उपचुनाव करवाना जरूरी हो गए थे। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी गिद्दड़बाहा और डेरा बाबा नानक विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के गढ़ को भेदने में कामयाब रही, हालांकि वह बरनाला विधानसभा क्षेत्र में अपना गढ़ मुख्य विपक्षी पार्टी के हाथों हार गई। उपचुनाव में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली क्योंकि उसके उम्मीदवार चारों सीटों पर तीसरे स्थान पर रहे। शिरोमणि अकाली दल ने उपचुनाव में हिस्सा नहीं लिया था। इस जीत के साथ ही 117 सदस्यीय विधानसभा में आप के पास 94 सीटें और कांग्रेस के पास 16 सीटें हो जाएंगी।

# महाराष्ट्र में फिर एक बार महायुति सरकार, सीएम की रेस बरकरार

## झारखंड में हेमंत सोरेन का चमत्कार



एजेंसी

**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आज सामने आ गए हैं। महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की है। वहीं, झारखंड में हेमंत सोरेन अपनी सरकार बचाने में कामयाब रहे हैं। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी ने 133 सीटों पर शानदार जीत हासिल की है। भाजपा का यह प्रदर्शन शानदार रहा है। भाजपा राज्य में 149 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। वहीं एकनाथ शिंदे की शिवसेना 57 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही है। जबकि अजित पवार की एनसीपी को 41 सीट हासिल की हैं।ऐसे 288 विधानसभा सीटों वाली महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन ने 234 सीटें अपने नाम की है। वहीं झारखंड की बात करें तो यहां हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक ने 56 सीटों पर जीत हासिल की है। तमाम मेहनत के बावजूद भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को सिर्फ 24 सीटों से संतोष करना पड़ा है। महाराष्ट्र में महायुति की जीत के बाद मुख्यमंत्री के कई दावेदार हो गए हैं वहीं मुख्यमंत्री के रशिम कई नाम की भी चर्चाएं शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत की सराहना करते हुए इसे विकास और सुशासन की विजय बताया तथा लोगों को आश्वासन दिया कि सत्तारूढ़ गठबंधन राज्य की प्रगति के लिए काम करना जारी रखेगा। मोदी ने ह्यएक्सह्ण पर पोस्ट में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन को राज्य विधानसभा चुनाव में जीत के लिए बधाई दी। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि उनकी पार्टी हमेशा लोगों के मुद्दों को उठाने में सबसे आगे रहेगी।

# भाजपा कार्यालय में एनडीए की जीत पर जश्न, बांटी गई मिठाईयां, लोगों ने एक दूसरे को दी बधाई

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- बिहार उप चुनाव में एनडीए की जीत पर जश्न, बांटी गई मिठाई, जमकर हुई आतिशबाजी
- देवतुल्य कार्यकताओं का समर्पण एव जनता के भरोसे की जीत : डॉ. दिलीप जायसवाल
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के संगठनात्मक निति का दिखा परिणाम
- केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और कार्यकताओं की मेहनत से एनडीए ने बनाई बढ़त : डॉ. दिलीप जायसवाल
- हमलोगों ने सेमी फाइनल जीता, फाइनल भी जीतेंगे : डॉ. दिलीप जायसवाल
- भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप






### जायसवाल ने कहा, अभूतपूर्व सफलता, सरकार पर जनता ने लगाई मुहर

पटना, 23 नवंबर। बिहार उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों की जीत के बाद बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में जमकर जश्न मनाया गया। इस जीत की खुशी में मिठाइयां बांटी गई और लोगों ने एक दूसरे को जीत की बधाई दी। एनडीए प्रत्याशियों की जीत पर भाजपा कार्यालय में होली और दिवाली का नजारा एक साथ नजर आया। कार्यकताओं ने इस मौके पर जमकर आतिशबाजी की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने इस जीत को लेकर मतदाताओं और कार्यकताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने सेमी फाइनल जीता, फाइनल भी जीतेंगे। दरअसल, उनका इशारा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की ओर है। उन्होंने इस जीत का श्रेय केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और कार्यकताओं की मेहनत को देते हुए कहा कि यह परिणाम सही मार्गदर्शन और कार्यकताओं के सपर्पित भाव से किये गए मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बेलागंज का परिणाम यह साबित करता है कि अब यहां की जनता किसी भी परिस्थिति में जंगल राज की पुनर्वापसी नहीं चाहती।

उन्होंने एनडीए में शामिल सभी दलों के नेताओं और कार्यकताओं का भी आभार जताया और जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जनादेश वर्तमान एनडीए की सरकार के किये जा रहे कार्यों पर मुहर है। इस उपचुनाव की जीत को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की जीत बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व को जनता ने फिर से मुहर लगाई है। उनकी सरकार में किये गये कार्यों को जनता ने स्वीकारा है, जिसका यह परिणाम है। उन्होंने कहा कि देवतुल्य कार्यकताओं का समर्पण एव जनता के भरोसे की जीत है।

बिहार के मंत्री डॉ. जायसवाल ने कार्यकताओं का अभिनन्दन करते हुए कहा कि राजद एक भी सीट नहीं ला सकी। उन्होंने कहा कि बिहार में भी मतदाताओं ने परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्टाचारी पार्टियों को पूरी तरह नकार दिया।

इस मौके पर बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा और भाजपा के पक्ष में नारे लगाए। इधर, इस जीत के बाद कार्यकर्ता पूरी तरह जोश में नजर आए। माना जा रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष के संगठनात्मक नीति और कार्यकताओं को उत्साहित करने को लेकर क्षेत्रों में किया गया दौरा मतदाताओं को आकर्षित किया।

# डीएम ने की समीक्षात्मक बैठक



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में कार्यालय प्रबंधन संबंधी समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने कार्यालय से संबंधित सभी महत्वपूर्ण संचिकाओं /दस्तावेजों को वर्षवार एवं क्रियाशील एवं तथा और क्रियाशील के आधार पर सूचीबद्ध करते हुए इंडेक्स बनाना सुनिश्चित करेंगे तथा ऐसे संचिकाओं एवं दस्तावेजों जिनकी वर्तमान में आवश्यकता नहीं है उनको सूचीबद्ध करते हुए एक जगह लाल कपड़े में बांधकर लोहे अथवा स्टील के बॉक्स में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जो संचिकाएं मूवमेंट में है उन्हें रैक पर वर्ष वार एवं कार्य की महत्वपूर्णता के आधार पर रखेंगे जिससे आवश्यकता पड़ने पर आसानी से ऐसी संचिकाओं एवं दस्तावेजों को ढूंढा जा सके। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि जब कोई संचिका या दस्तावेज ढूंढा जाता है तो बहुत सारे अप्रयुक्त या बेकार के दस्तावेज पड़े होने के कारण महत्वपूर्ण संचिकाए एवं दस्तावेजों को ढूंढने में समस्या का सामना करना पड़ता है इसके समाधान के लिए ही कार्यालय प्रबंधन की आवश्यकता है। अतः सभी पदाधिकारी इस कार्य के निमित्त अपने कार्यालय हेतु आवश्यक सामग्री की आवश्यकता का आकलन कर जिला नजारत शाखा से अधियाचना शीघ्र कर लेंगे। पुनः इस संबंध में बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी जिसमें इस कार्य के प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण शशिकांत पासवान, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश सिंह सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# फसल सहायता योजना



**प्रखंड संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो आसिफ**

पूसा (समस्तीपुर)। शनिवार को मोरसंड पंचायत में बिहार राज्य फसल सहायता योजना अन्तर्गत पंचायत स्तरीय अगहनी धान फसल कटनी प्रयोग जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर बीडीओ पूसा रविश कुमार रवि, प्रङ्ग साङ्ग पदाधिकारी रितेश कुमार, सांख्यिकी डीईओ सुमन सौरभ, सांख्यिकी डीईओ अमरेश पाठक, किसान सलाहकार राजू सिंह, विपिन कुमार, मोहन कुमार, जगन्नाथ चौधरी, किसान विन्देश्वर सिंह एवं गणमान्य किसान उपस्थित थे।

# निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद प्रसुता की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया हंगामा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के हसनपुर के स्थानीय अस्पताल गेट के सामने संचालित एम के मेमोरियल हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान अस्पताल में ताला लगाकर संचालक और चिकित्सक मौके से फरार हो गये। घटना में परिजनों ने उक्त चिकित्सक और कर्मी पर इलाज के दौरान लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक की पहचान बिथान थाना क्षेत्र के धोबोलिया गांव निवासी नवीन यादव की पत्नी चानौ देवी बताई गई है। घटना में पीड़ित परिजन ने बताया कि 22 नवम्बर की रात्रि प्रसव पीड़ा के बाद उक्त गर्भवती को एम के मेमोरियल हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर भर्ती कराया गया था, जहां गलत इलाज कर मेरे पेसेंट को मार दिया है। मरीज की मौत के बाद चिकित्सक और अस्पताल कर्मी मौके से अस्पताल में ताला जड़कर फरार हो गये। उक्त प्राइवेट हॉस्पिटल के समक्ष जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान परिजनों ने कहा की तबियत बिगड़ने का कारण मुख्य कारण ऑपरेशन के पहले बेहोसी के लिए किसी स्पेशलिस्ट के बजाय अनट्रेंड कर्मी से कराया गया। हॉस्पिटल हंगामा की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस भी किसी तरह हंगामा को शांत कराया।

# इनर व्हील क्लब ऑफ सारण ने लगाया छपरा मुफ्त दंत निरीक्षण शिविर




**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

भगवान बाजार स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में इनर व्हील क्लब सारण के द्वारा बच्चों का दांत जाँच शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने दंत चिकित्सक, स्कूली बच्चों और अध्यापकों का स्वागत किया। इस अवसर पर शहर के जाने माने दंत चिकित्सक डॉ. आशुतोष कुमार दीपक ने स्कूली बच्चों का दांत, मसूड़ों और मुंह का निरीक्षण किया। उन्होंने ने बताया कि सभी को दो बार ब्रश करना चाहिए और चॉकलेट, मैग्गी, फास्ट फूड व जंक फूड से दूरी बनाए रखें। क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने बच्चों के बीच टूथ ब्रश और टूथ पेस्ट का वितरण किया। अध्यक्ष ने दंत चिकित्सक को अंग वस्त्र व पौधा देकर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के प्रधानाध्यापक अनिल सिंह ने दिया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थें। इस बात की जानकारी क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने दी।

# जिलाधिकारी ने दीपशिखा सिंह द्वारा की गई मांगो का लिया संज्ञान, महिला सुरक्षा के लिए दिए सख्त निर्देश

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबू बकर सिद्दीकी**

**जिलाधिकारी ने दीपशिखा सिंह द्वारा की गई मांगो का लिया संज्ञान, महिला सुरक्षा के लिए दिए सख्त निर्देश**
**दीपशिखा सिंह की मांगो को लेकर जिलाधिकारी ने जारी किया आदेश**
**महिला सुरक्षा को लेकर दीपशिखा सिंह ने जिला प्रशासन को दिए कई अहम सुझाव**

महिला विकास मंच की अध्यक्ष दीपशिखा सिंह की पहल पर डीबी कॉलेज, जयनगर और आसपास के क्षेत्र में महिला सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दो को लेकर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दीपशिखा सिंह ने डीबी कॉलेज, जयनगर के पास छात्र-छात्राओ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस पड़ाव बनाने की मांग की। इसके साथ ही कॉलेज और विद्यालयों के आस-पास छुट्टी के समय पुलिस गश्त बढ़ाने और अनियमित रूप से चलने वाले ओवरलोडेड ई-रिक्शा पर रोक लगाने का सुझाव दिया।

जिलाधिकारी ने सुझावो को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागो को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला परिवहन पदाधिकारी को डीबी कॉलेज, जयनगर के गेट के पास बस पड़ाव स्थापित करने के लिए कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल और अनुमंडल पदाधिकारी, जयनगर से समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा के लिए विद्यालयो के पास छुट्टी के समय पुलिस गश्त बढ़ाने का आदेश दिया गया। साथ ही जिला परिवहन विभाग को अनियमित रूप से संचालित ई-रिक्शा के परिचालन को नियंत्रित करने और ओवरलोडिंग रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया गया।

महिला विकास मंच और जिलाधिकारी के प्रयासो ने क्षेत्र में महिला सुरक्षा के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया है। यह निर्णय छात्र-छात्राओ और महिलाओ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कदम न केवल महिलाओ और छात्राओं को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा, बल्कि प्रशासन और नागरिको के बीच सहयोग का उदाहरण भी स्थापित करेगा।।

# कांग्रेस कमिटी ने किया आवश्यक बैठक



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** शनिवार को समस्तीपुर जिला कांग्रेस कमिटी की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष मो अबू तमीम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकारणी के सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष एवं मोर्चा संघटनों के जिला अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रुप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी सुशील पासी ने भाग लिया। बैठक में संगठन पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी के संदर्भ में लोगों से जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर बोलते हुए विशिष्ट अतिथि श्री पासी ने आम कांग्रेसजानों को आहवान किया की वे अभी से पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों को आम जनों तक पहुंचाने का काम करें तथा अधिक से अधिक नये लोगों को पार्टी से जोड़कर संगठन को धारदार बनाने का काम करें ताकि आगामी विधानसभा चुनाव के चुनौतियों का सामना कर सकें। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री तमीम ने सर्व प्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा आशा व्यक्त किया की नये प्रभारी के मार्गदर्शन में ज़िले में कांग्रेस का संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर देवेंद्र नारायण झा, सत्य नारायण सिंह, राम उदगार महतो, अंजनी कुमार मिश्र, मिथिलेश पोद्दार, मनोज भारद्वाज, अब्दुल फत्ताह, सोनी पासवान, उपेंद्र नाथ तिवारी, समोली झा, कन्हैया कुमार, राज कुमार चौधरी, शंभू प्रसाद सिंह, उमेश चंद्र कुंवर, अब्दुल मालिक, कपिलेश्वर कुंवर, आशुतोष कुमार, सुभाष चन्द्र सिंह, नंद कुमार चौधरी, देवीता कुमारी गुप्ता, कामेश्वर पासवान, रितेश कुमार चौधरी, फैज अहमद फैज, मो मोहिउद्दीन, राम विलास राय, नंदन चौधरी, शंभू शरण चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, सोहैल सिद्दीकी, अबू अतहर कफील, राम बालक सिंह, अनिल कुमार कुशवाहा, मोइन रजा, चंदन कुमार, विश्वनाथ सिंह हजारी, कामिनी देवी राम, पवन सिंह, खुशबू कुमारी, सुमन कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# सरकार किसानों के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित : जिला पार्षद, ई किसान भवन में रबी कर्मशाला आयोजित




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के खानपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में आज रबी कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन स्थानीय जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह, आत्मा अध्यक्ष पंकज कुमार रॉय, केवीके बिरौली वैज्ञानिक वर्षा कुमारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह ने कहा कि बदलते मौसम को देखते हुए कृषक को परंपरागत खेती करने में थोड़ी बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए वैज्ञानिकों से कहा कि बदलते मौसम में क्या क्या सावधानी किसानों बरतना है किस किस माह में रबी फसल लगाना हितकर होगा, यह सब बात सही तरीके से बता दिया जाय। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित है और समय समय पर हर तरह के कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही उन्नत किस्म के बीज और खाद भी उपलब्ध करा रही है। कृषि वैज्ञानिक वर्षा कुमारी ने किसानों को विभागीय जानकारी के साथ साथ आत्मा योजना, उद्यान योजना, मिट्टी जांच, कृषि यंत्रीकरण, पौधा संरक्षण इत्यादि जानकारी विस्तार पूर्वक दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज कुमार राय ने किया, जबकि संचालन एटीएम सुशील कुमार कुशवाहा ने किया। मौके पर नोडल सह कृषि समन्वयक राजीव रंजन, प्रवेश कुमार, अजय कुमार, प्रदीप कुमार झा, बीटीएम सूरज कुमार सहनी, अमरदीप कुमार शर्मा, किसान सलाहकार कन्हैया चौधरी, रविंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, सरोज कुमार राय, किसान शंभू चौधरी सहित दर्जनों किसान और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कुमारी श्वेता ने रोसड़ा थाना में आवेदन देकर सुरक्षा के लिए लगाई गुहार



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के सहनी मोहल्ला, पुरानी काली वेदी वार्ड संख्या 20 निवासी हरिश्चंद्र कुमार की पत्नी कुमारी श्वेता ने स्थानीय थाना में एक आवेदन दिया है जिसमें कुमारी श्वेता में लिखा है कि मुझे व मेरे परिवार के लोगों को मेरा पड़ोसी विनोद मुंशी पिता नामालुम प्रिंस मुंशी पिता विनोद मुंशी, शुभांग मुंशी उर्फ टुकटुक पिता श्रवण मुंशी आदि सभी मोहल्ला पुरानी चौक कालीवेदी वार्ड संख्या 20 थाना रोसड़ा के निवासी हैं। उक्त सभी लोग मुझे और मेरे परिवार के लोंगों को बार-बार तंग व तबाह करते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। इससे में और मेरे परिवार के लोग खौफ व दहशत के बीच जीवन गुजारने पर मजबूर हैं। विदित हो कि मेरे पति बाहर रहते है और मैं दो बच्चों के साथ अकेले घर में रहती हूँ। जबकि उक्त सभी लोग मन बढ़ू हैं जिससे हमलोगों पर जान व माल की सुरक्षा का आशंका बना हुआ है। आवेदिका ने स्थानीय थाना से सुरक्षा की गुहार लगाई है। इधर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार मंडल ने आवेदन लेने के पश्चात उक्त लोगों पर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा आवेदिका को दिया है।

### बिहार में उपचुनाव के मतगणना के पश्चात मिली चारों सीटों पर एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में प्रचंड जनादेश से

# एनडीए के सभी घटक दलों के साथ लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश कार्यालय में खुशी की लहर

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बिहार में उपचुनाव के मतगणना के पश्चात मिली चारों सीटों पर एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में प्रचंड जनादेश से एनडीए के सभी घटक दलों के साथ लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश कार्यालय में खुशी की लहर देखी गई। पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को मिठाईयां खिलायें और आतिश-बाजी की गई। पटाखों की गूज से मानों होली और दीवाली सा नजारा देखा गया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा झारखण्ड के चतरा सीट पर पार्टी के प्रत्याशी जनार्दन पासवान को मिली जीत को लेकर पार्टी में दोगुनी खुशी की लहर से कार्यकर्ता और नेता ढोल-नगाड़ों के थाप पर झूमते नजर आयें। चतरा में भी पार्टी की प्रचंड जीत को लेकर झारखण्ड प्रभारी माननीय सांसद अरूण भारती जी ने मुंह मीठा कराकर बधाई दी। वहीं पार्टी के प्रधान कार्यालय



नई दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान जी को महाराष्ट्र, बिहार उपचुनाव के चारों सीटों पर एनडीए की जीत और झारखण्ड के चतरा विधानसभा सीट पर पार्टी के प्रत्याशी की प्रचंड जीत को लेकर बधाई दी। इस अवसर पर पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बिहार के माननीय मुख्यमंत्री और बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल जी से मिलकर उन्हें बधाई प्रेषित की। बिहार में चारों सीटों पर एनडीए के जीत को लेकर श्री चिराग ने एक्स पर पोस्ट किया है कि बिहार में भी 2025 विधानसभा चुनाव की नींव तैयार कर दी गई है। उपचुनाव में कई ऐसे गढ़ हैं जिसे ध्वस्त किया गया। चारों सीटों पर एनडीए ने जीत हासिल की है। मेरे पिता चाहते थे कि झारखंड विधानसभा में भी पार्टी का प्रतिनिधित्व हो, आज उस सपने को पूरा करने की शुरूआत हुई है। पार्टी ने चतरा की सीट जीतकर झारखंड में अपना खाता खोलने का काम किया है ।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व माननीय केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान जी ने चतरा के मतदाताओं के प्रति आभार जताया है, श्री चिराग ने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा है कि विधानसभा के समस्त मतदाताओं का मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने प्रत्याशी श्री जनार्दन पासवान जी को अपना प्यार, स्नेह और आशीर्वाद दिया। ये प्रचंड जीत मेरे नेता-मेरे पिता श्रद्धेय रामविलास पासवान जी को समर्पित है जिनका एक लंबे समय से सपना था कि झारखंड में भी लोक जनशक्ति पार्टी का प्रतिनिधित्व हो। आज मुझे बेहद खुशी है कि पार्टी के कार्यकताओं ने दिन-रात कड़ी मेहनत कर उनके सपनों को साकार किया। आने वाले दिनों में और भी कई राज्यों में पार्टी का विस्तार किया जाएगा। पार्टी का हर एक राज्यों में मजबूत जनाधार हो इसके लिए हम सब प्रतिबद्ध है। साथ ही मैं विश्वास दिलाता हूं कि अपने वायदे के अनुरूप चतरा विधानसभा को एक सशक्त, विकसित और शिक्षित चतरा बनाने के लिए जनार्दन पासवान जी आप सबों के बीच सदैव समर्पित रहेंगे। मैं, मेरी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एवं एनडीए के सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों का भी आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने अपने सेवा और सम्पूर्ण समर्पण भाव से इस जीत में अपना अमूल्य योगदान दिया। सभी 4 सीटों पर एनडीए की प्रचंड जीत पर देवतुल्य मतदाताओं का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। यह जीत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के कुशल नेतृत्व वाली डबल इंजन की एनडीए सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों, सुशासन की प्रतिबद्धता एवं राष्ट्रहित में लिए गए निर्णय के प्रति प्रचंड जनविश्वास को प्रदर्शित करती है।

## उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने देखी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्पेशल स्क्रीनिंग, कहा, 'सही घटनाओं का चित्रण' स्पेशल स्क्रीनिंग देखने पहुंचे भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया



**वरिष्ठसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना, 23 नवंबर। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल आज फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्पेशल स्क्रीनिंग देखने पटना के सिनेमा हॉल पहुँचे। उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने इस फिल्म को देखने के बाद कहा कि इस फिल्म में सच्चाई दिखाई गई है।

फिल्म देखने के बाद उन्होंने कहा कि फिल्म में पूरी सच्चाई दिखाई गई है कि किस तरह गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को फँसाने का काम किया गया था।

फिल्म के सभी पात्रों को धन्यवाद देते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि इस फिल्म से सच्चाई देश के सामने आएगा। जनता के बीच जो भ्रम फैलाने का काम किया गया था, वह बेनकाब होगा। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ किसी तरह सत्ता चाहती है और तुष्टिकरण की राजनीति करना जानती है। उन्होंने कहा कि आज अगर देश में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बनती है तो इसका कारण कांग्रेस की नीति है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण कर देश के लोगों को भी लड़ाने का भी काम किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म सही घटनाओं का चित्रण है। इस स्पेशल स्क्रीनिंग को संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया ने भी देखा और फिल्म की जमकर तारीफ की।

## थाना परिसर में लगा जनता दरबार, पहुंचे फरियादी




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थाना परिसर में शनिवार को भूमी संबधी विवादों के निपटारे को जनता दरबार आयोजित किया गया। जनता दरबार में अचल निरीक्षण अनिल कुमार शर्मा और थाना पुलिस की मौजूदगी में पहुंचे फरियादी की फरियाद को सुना गया। अंचल निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि जनता दरबार में 8 नया मामला सामने आया जिस पर सुनवाई करते हुए 2 मामले का निष्पादन किया गया। बचें 6 मामले में विपक्षी पार्टी को नोटिस निर्गत किया गया ।वहीं पहले से 31 मामले लंबित थे जिन पर सुनवाई करते हुए 2 मामले का समाधान कर दिया गया।

## 48वीं वहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा सीमा पर अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्यवाही में,

### प्रतिबंधित लहसुन एवं ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**अबू बकर सिद्दीकी**

48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,जयनगर के जवानों को सीमा पर अलग-अलग स्थान पर दो सफलताएं मिली हैं , जिसमें पहली सफलता भारत-नेपाल सीमा चौकी डिगयाटोल के जिम्मेवारी के इलाके में मिली है । भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 287/05 से लगभग 500 मीटर की दूरी पर भारतीय क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल के जवानो द्वारा विशेष गस्ती डयूटी के दौरान, 02 मोटरसाईकिल पर प्रतिबंधित लहसुन लेकर आ रहे तस्कर एसएसबी के जवानों को देखकर दूर से ही 04 बोरा लहसुन गिराकर नेपाल की और भाग गए । जब्त की गई प्रतिबंधित लहसुन को अग्रिम कार्यवाही हेतु कस्टम के सपुर्द कर दिया गया है ।इसी क्रम में दूसरी सफलता सीमा चौकी कमला के जवानों को मिली है सीमा स्तंभ संख्या 271 से 1.4 किलो मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ जवानों द्वारा विशेष गश्ती के दौरान मोटर साईकिल पर सवार एक तस्कर रविस रंजन यादव (31 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय विनोद यादव वार्ड नंबर - 10 गांव झ खेरामत, पुलिस थाना झजयनगर, जिला मधुबनी (बिहार) को 200 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है । जिसको पुलिस थाना जयनगर के सुपुर्द कर दिया गया है 'भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा ।श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

**जसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**अबू बकर सिद्दीकी**

स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश।

सभी आशा घर-घर जाकर 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग सहित अन्य लाभुकों का बनायेगी आयुष्मान कार्ड

डॉ0 अभिषेक कुमार सिंह,डॉ निक्की कुमारी,डॉ प्रीति कुमारी,डॉ अनिल कुमार एवं डॉ अभिषेक कुमार द्वारा ई टेलीमेडिसिन सेवा में निम्न प्रदर्शन को लेकर डीएम ने जताई गहरी नाराजगी।

अक्टूबर माह में ओवर ऑल प्रदर्शन में कलुआही प्रथम तो सबसे अंतिम पयदान पर लखनौर। हर हाल में संस्थागत प्रसव में वृद्धि करे ।-डीएम ।

संस्थागत प्रसव में अच्छे प्रदर्शन करने वाली आशा को प्रात्साहित करने का दिया निर्देश,वही वैसे आशा एवं एएनएम को चिन्हित कर करवाई करने का निर्देश दिया,जिनके द्वारा गर्भवती महिलाओं को बिना किसी विशेष कारण से निजी नर्सिंग होम में प्रसव हेतु भेजा गया ।फर्जी नर्सिंग होम,अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित रूप से औचक जाँच कर उनके विरुद्ध करे कड़ी कारवाई ।

बायोमेट्रिक उपस्थिति के अनुसार ही अधिकारियों एवं कर्मियो के नवम्बर का वेतन भुगतान करें। रोस्टर के हिसाब से सभी कर्मी एवं डॉक्टर उपस्थित रहे इसे हर हाल में करे सुनिश्चित।-जिलाधिकारी।- जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, मधुबनी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। समीक्षा के क्रम में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न मानकों में अक्टूबर माह में ओवर ऑल प्रदर्शन में कलुआही प्रथम तो सबसे अंतिम पयदान पर लखनौर पाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निम्न प्रदर्शन करने वाले अपने प्रदर्शन में सुधार करे अन्यथा लागातार निम्न प्रदर्शन पाये जाने पर कार्वाई के साथ साथ विभाग को भी सूचित किया जाएगा। ई टेलीमेडिसिन की समीक्षा के क्रम में डॉ0 अभिषेक कुमार सिंह,डॉ निक्की कुमारी,डॉ प्रीति कुमारी,डॉ अनिल कुमार एवं डॉ अभिषेक कुमार द्वारा ई टेलीमेडिसिन सेवा में निम्न प्रदर्शन को लेकर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई एवं सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के निबंधन एवं प्रसव पूर्व जांच की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए इसमें और भी सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को आईएफए एवं कैल्शियम टेबलेट शत प्रतिशत उपलब्ध कराए जाने को लेकर एएनएम के माध्यम से से विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया।। संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया गया कि सभी बीसीएम आशावार उपलब्धि की समीक्षा करें, जिससे यह पता चल सके की आशा कार्यकताओं के द्वारा कहां प्रसव कराया गया। अच्छे प्रदर्शन करने वाली आशा को प्रात्साहित करने का भी निर्देश भी दिया,साथ ही वैसे आशा एवं एएनएम को चिन्हित कर करवाई करने का निर्देश दिया,जिनके द्वारा गर्भवती महिलाओं को बिना किसी विशेष कारण से निजी नर्सिंग होम में प्रसव हेतु भेजा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि

# महाराष्ट्र की प्रचंड जीत पर एनडीए कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर एवं पटाखे फोड़ खुशी मनाएं कार्यकर्ता हर्षित एवं प्रफुल्लित उत्साहित

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**सैयद शकील**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीयो के दिलों में बसते हैं इन चुनावों में प्रमाणित हो गया - जनार्दन सिंह सिग्रीवाल,
- झारखंड मे भाजपा का बेहतर प्रदर्शन - रमेश प्रसाद,

यूपी बिहार की जीत योगी जी एवं नीतीश कुमार एवं भाजपा के सुशासन की जीत- रणजीत कुमार सिंह,,

महाराजगंज की सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने आज महाराष्ट्र एवं झारखंड के विधानसभा चुनाव एवं बिहार यूपी के उपचुनाव के परिणाम के घोषणा के बाद नगर पालिका चौक पर एनडीए कार्यकताओं में मिठाइयां बाटकर एवं पटाखे फोड़कर कहा कि यह साबित हो गया यह प्रमाणित हो गया कि भारतीय जनता पार्टी एवं देश के और विश्व के एक सर्वमान्य नेता



देश के सबसे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और उनके ही नेतृत्व में भारत एक विकसित राज्य के रूप में पूरे विश्व में अपनी पहचान बना रहा है भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद ने कहा कि निश्चित तौर पर भाजपा का प्रदर्शन हर राज्यों में बेहतर रहा है महाराष्ट्र की जीत जनता ने पहले ही सुनिश्चित कर दिया था झारखंड में भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया है भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बिहार के उपचुनाव में भाजपा का प्रदर्शन नीतीश कुमार के सुशासन एवं भाजपा गठबंधन का परिणाम लोकप्रियता एवं कार्यों की जीत है पूरा देश उनके साथ है आज के इन परिणामों में यह साबित कर दिया हर्ष एवं खुशी व्यक्त करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के पूर्वजिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद,महामंत्री विवेक कुमार सिंह ,धर्मेंद्र कुमार साह ,बलवंत सिंह ,डा चरण दास,, सुभाष राय उर्फ झरिमन राय ,इंजीनियर प्रभात शंकर, रमेश कुशवाहा, जदयू महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम देवी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता मिश्रा ,पीडी बाबा, मनीष मिश्रा, सुरेंद्र सिंह,राजेश फैशन, जहांगीर आलम, पप्पू सिंह, किसान मोर्चा मंत्री राकेश कुमार सिंह

## महाराष्ट्र के चुनाव, बिहार के उपचुनाव में डबल इंजन सरकार को मिला जनादेश - सम्राट चौधरी

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना ।उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव और बिहार विधान सभा की चार सीटों पर उपचुनाव में एनडीए की शानदार सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी नीतियों के प्रति जनता के बढते विश्वास की विजय है। दोनों राज्यों ने डबल इंजन की सरकार को आशीर्वाद दिया है और विपक्ष के फर्जी नरेटिव को नकार दिया है। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार के उपचुनाव में एनडीए ने लालू प्रसाद के नेतृत्व वाले महागठबंधन को 4-0 से हरा कर उनके अहंकार का गुब्बारा फुस्स कर दिया। ये परिणाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास मॉडल की जीत है। 2025 के चुनाव में भी यह परिणाम दोहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार ने गरीबों को आयुष्मान कार्ड के जरिये पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की गारंटी दी, शौचालय बनवाये, पक्के मकान दिए, उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिये और राज्य के 1 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया। इस सबका सकारात्मक असर हुआ।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मशरक में हुआ वार्षिक पैनल निरीक्षण



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों द्वारा केन्द्रीय विद्यालय मशरक का वार्षिक पैनल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल का स्वागत विद्यालय के स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने स्कार्फ पहनाकर किया। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने मंत्रोच्चार तथा पुष्प वर्षा के साथ अपने हृदय के भाव प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए सहायक आयुक्त ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन के प्रसंगों का उदाहरण दिया तथा उनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी।

निरीक्षण दल के सदस्य के रूप में आए केंद्रीय विद्यालय एयर फोर्स स्टेशन बिहटा के प्राचार्य श्री शुभेंदु प्रियदर्शी ने विद्यार्थियों के अतुलनीय प्रदर्शन को देखकर के कहा कि वास्तव में ऐसे बच्चों को विशेष आवश्यकता वाले बच्चे न कहकर, विशेष प्रतिभा वाले बच्चे कहा जाना चाहिए। इन बच्चों ने दिखा दिया कि वे किसी भी अन्य बालक से कमतर नहीं है बल्कि कुछ क्षेत्रों में तो वे अधिक कुशल हैं। निरीक्षण दल के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रंजना झा ने सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके बहुमूल्य सुझावों के प्रति साधुवाद प्रकट किया।

## बिहार विधान परिषद सदस्य शशि यादव के द्वारा +2 उत्कर्मित माध्यमिक विद्यालय कोयलास्थान रसलपुर मे पुस्तकालय भवन का शिल्यानास किया गया।

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

केवटी (दरभंगा):- बिहार विधान परिषद सदस्य शशि यादव के द्वारा +2 उत्कर्मित माध्यमिक विद्यालय कोयलास्थान रसलपुर मे पुस्तकालय भवन का शिल्यानास किया गया। सिल्यानास कार्यकर्म वार्ड सदस्य गोपाल माझी के अध्यक्षता मे हुआ। माले प्रखण्ड सचिव धर्मेश यादव की उपस्थिति मे सम्पन्न हुआ। स्वागत प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने किया। बिहार विधान परिषद सदस्य कॉमरेड शशि यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा की मै पुस्तकालय अपने कोष से दिया हूं। ताकि स्कुल का माहौल और अच्छा हो और बच्चे को सुविधा मिले मोदी सरकार तो नया शिक्षा नीति लाकर गरीब कमजोर तबके को पढ़ने से बंचित कर रही है। पढ़ाई लिखाई को भी प्रइवेट कॉम्पनियों के हवाले कर रही है। ताकि बड़े लोगो के बच्चे को ही शिक्षा मिले और गरीब पढ़ने से बंचित रह जाय।

उन्होंने कहा की संबिधान मे हमको पढ़ने लिखने का अधिकार मिला है। उसे खत्म नहीं होने देंगे। हमारी पार्टी भाकपा माले और छात्र संगठन आइसा ने लगातार शिक्षा के निजीकरण के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और लड़ती रहेगी। कार्यकर्म को सम्बोधित करते हुए। माले जिला सचिव बैधनाथ यादव कहा की मोदी नितीश की सरकार शिक्षा के माहौल को बिगाड़ने मे लगी हुई है। शिक्षा और रोजगार इनके एजेंडे नहीं है। भाजपा लोगो को सिर्फ धर्म के नाम पर लड़ाने मे लगी है।

सभा को भाकपा माले के वरिष्ठ नेता आर के सहनी गंगा मण्डल साधना शर्मा शनिचरी देवी तेतरी देवी मिथिलेश पंडित रामबहादुर यादव आदि ने किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने की बैठक

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा):- *प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री विनोद कुमार तिवारी के निदेर्शानुसार 14 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री रंजन देव ने बैठक किया। एडीआर भवन में पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए श्री देव ने कहा कि लोक अदालत में अपने-अपने विभाग से संबंधित मुकदमों का निपटारा कराने के लिए सुलहयोग्य वादों का चयन करें।

चयनित वादों की सूची कार्यालय को उपलब्ध कराये जिससे कि पक्षकारों को नोटिस जारी किया जा सके। इस तरह के मामलों में पक्षकारों से संपर्क कर उन्हें लोक अदालत के जरिए मामलों को निष्पादन कराने की सलाह दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए मुकदमों का निपटारा कराने से सरकारी विभागों के साथ-साथ पक्षकारों को भी लाभ होगा तथा न्यायालय से मुकदमो कम होगा।

बैठक में वन विभाग, श्रम विभाग, माप तौल, खनन विभाग, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग आदि के अधिकारी मौजूद थे।

# गया स्थित बिपार्ड संस्थान द्वारा 03 नए आपराधिक कानूनों पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया गया




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

आज गया स्थित बिपार्ड संस्थान द्वारा 03 नए आपराधिक कानूनों पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया गया। इसमें पूरे देश में नए कानून इठर के तहत गंभीर शीर्ष पहली सजा (रसूलपुर थाना के धनाडीह गांव में हुए तिहरे हत्याकांड से संबंधित कांड संख्या -133/ 24 में 14 दिनों मे अनुसंधान पूर्ण करते हुए गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र समर्पित किया गया था तदोपरांत माननीय न्यायालय में त्वरित विचारण के बाद घटना के 50वे दिन माननीय न्यायालय द्वारा दोनों दोषी अभियुक्तों को उम्रकैद सहित आर्थिक दंड की सजा सुनाई गईं) करवाने के लिए एसपी सारण और उनकी टीम की प्रशंसा की गयी। सेमिनार में एसपी डॉ कुमार आशीष ने पूरे घटनाक्रम और पुलिस अनुसंधान सहित अभियोजन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर एक ढढळ व्यख्यान भी दिया जिसकी वहां उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए अनुकरणीय प्रयास बताया। नए कानूनों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के प्रमुख लोगों द्वारा विचार मंथन लगातार जारी है। इस सेमिनार में श्री आलोक कुमार अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) बंगलौर, श्री बरिंदरजीत सिंह पुलिस उप -महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) उत्तराखंड, श्री हिमांशु शेखर सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बोलांगीर (उड़ीसा) द्वारा भी नए कानून के अनुपालन में उत्पन्न चुनौतियों और समस्याओं के संबंध में ढढळ व्याख्यान दिया गया। साथ ही इस मौके पर माननीय मुख्य न्यायाधीश पटना उच्च न्यायालय, एडवोकेट जनरल बिहार, निदेशक बिपार्ड, प्रधान सचिव (गृह) बिहार, प्रधान सचिव (सा०शा०) सहित 26 राज्यों और 08 उच्च न्यायालयों के कई वरीय अधिकारी/ माननीय न्यायाधीश की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# 15113/15114 छपरा कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस 24 नवम्बर से छपरा जंक्शन से खुलेंगी




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थावे छपरा रेलखंड पर चलने वाली 15113/15114 छपरा कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस 24 नवम्बर से छपरा जंक्शन से खुलेंगी। इसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब 15114 /15113 अब 24 नवम्बर से छपरा जंक्शन गोमतीनगर एक्सप्रेस होंगी जो 15114 छपरा जंक्शन से 18.50 बजें प्रस्थान कर 19.05 बजें छपरा कचहरी पहुंचेगी और 19.10 मिनट पर प्रस्थान कर मशरक थावे गोपालगंज कप्तानगंज गोरखपुर होते हुए गोमतीनगर को जाएंगी। वहीं गोमतीनगर से चलने वाली 15113 गोमतीनगर छपरा जंक्शन गोमतीनगर से चलकर गोरखपुर, कप्तानगंज,थावे गोपालगंज, मशरक के रास्ते छपरा कचहरी 8.40 बजें पहुंचेगी एवं 8.45 बजें प्रस्थान कर 9.00 बजें छपरा जंक्शन पहुंचेगी। मशरक पूरब टोला गांव निवासी शुभ नारायण सिंह ने बताया कि इस एक्सप्रेस के छपरा जंक्शन आने जाने से यात्रियों को लाभ होगा क्यूंकि यह एक्सप्रेस छपरा कचहरी तक ही रह जाती थी जिससे छपरा जंक्शन से लंबी दूरी के ट्रेनें पकड़ने में दिक्कत होती थी। वहीं छपरा जंक्शन के बगल के इलाके में प्रसिद्ध चिकित्सकों का क्लीनिक और बड़ा बाजार हैं जिससे अब लोगों को फायदा होगा।

# भूमि विवाद निवारन के लिए डीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

(दरभंगा) :- जिलाधिकारी दरभंगा श्री राजीव रौशन की अध्यक्षता में (कार्यालय प्रकोष्ठ) भूमि विवाद के मामले का ससमय सुनवाई कर निपटारा करने को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि जमीन विवाद संबंधित समस्याओं को निवारण के लिए प्रत्येक शनिवार को संबंधित थानों में थाना अध्यक्ष एवं अंचलाधिकारी बैठक बुलाकर भूमि विवाद समस्याओं का निवारन करना सुनिश्चित करें। आज बैठक से कई थाना अध्यक्ष अनुपस्थित पाए गए जिसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया गया। भूमि विवाद की समस्याओं को ऑनलाइन भी इंट्री करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश संबंधित थाना अध्यक्ष को दिया गया। साथ ही सभी मामलों को पोर्टल पर प्रविष्टि करने का निर्देश दिए। उन्होंने भूमि विवाद के संबंध में कहा कि प्रोफाइल (पोर्टल) को ठीक से बनावें, जिससे भूमि विवाद के मामले को निष्पादन करने में कोई कठिनाई न हो।

जिलाधिकारी ने सभी थानाऔर अंचल से भूमि विवाद के संबंध में विस्तृत फीडबैक लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि विवाद कि समस्याओं को निवारण में सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बैठक में अपर समाहर्त्ता (राजस्व) नीरज कुमार दास, उप निदेशक जन-सम्पर्क सत्येंद्र प्रसाद, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध श्री प्रदीप कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को लेकर विशेष शिविर

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्र पर मतदान सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए विशेष कैम्प का आयोजन शनिवार को किया गया। कैम्प का बीडीओ पंकज कुमार के द्वारा निरीक्षण किया गया। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि मतदाता पुनरीक्षण के लिए विशेष कैम्प में छूटे हुए सभी मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 एवं नाम, आयु, पता आदि सुधार के लिए फॉर्म 8 प्राप्त किया जा रहा है। विशेष कैंप का आयोजन 24 नवंबर को भी किया जाएगा। इसके अलावा नाम जोड़ने हटाने और सुधार करने के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन



वोटर हेल्पलाइन या एनवीएसवी पोर्टल से भी आवेदन किया जा सकता है।

# सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मशरक में 12 महिला का बंध्याकरण सफलता पूर्वक हुआ



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मशरक में शनिवार के शाम सेविका एनजीओ के द्वारा कैंप लगाकर 12 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि प्रति शनिवार को आशा कार्यकर्ता के सहयोग से बंध्याकरण लाभार्थी महिला को इस योजना में शामिल किया जाता है। अभी तक लगभग एक सौ महिलाओं का बंध्याकरण सफलता पूर्वक किया गया है । परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने का निरंतर प्रयास किया जाता है। शनिवार को सम्पन्न हुए बंध्याकरण में 29 वर्षीय सोनी देवी , मंजू देवी 27 वर्ष , पूनम देवी 30 वर्ष फजुल्लहपुर गोपालगंज सहित कुल 12 महिला पहुंची जिसमें मशरक के अलावे सीमावर्ती प्रखंड एवं जिला के लाभार्थी पहुंचे। सफल शल्य कार्य में डॉ स्मृति सिन्हा एवं डॉ धर्मेंद्र कुमार के साथ अस्पताल कर्मियों ने सहयोग किया ।

# मोहन झा ने केवटी अंचल परिसर में पहुंच कर आपदा मद से विभिन्न पंचायतों के पुर्व में पानी में डुबकर मारने वालों के आश्रितों को अलग-अलग चेक प्रदान किया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

केवटी (दरभंगा):- केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने केवटी अंचल परिसर में पहुंच कर आपदा मद से विभिन्न पंचायतों के पुर्व में पानी में डुबकर मारने वालों के आश्रितों को अलग-अलग चेक प्रदान किया।अंचलाधिकारी भास्कर कुमार मंडल और दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता, अंचलकर्मियों के मौजूदगी में मृतक के परिजनों विनोद यादव, सुलेखा देवी, गंगा राम मांझी को विधायक झा ने अपने हाथों चार-चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया।चेक देकर परिजनों को सांत्वना देते हुए सलाह दिया कि इस राशि का सदुपयोग कीजियेगा।हम मृत व्यक्ति को तो वापस नहीं ला पायेंगे लेकिन सरकार मिलने वाली जो भी सुविधा होगी उसे लगातार प्रयास करके दिलवाऊंगा।हमारी सरकार हर तरह के लाभार्थी को लाभ पहुंचाने का प्रयास करती है।हमलोग सतत उसमें सहयोग करते हैं।सरकार का जो भी लाभदायक योजना आएगी उसका पूरा-पूरा लाभ एक एक नागरिक को मिलेगा। मौके पर अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा ज्ञान रंजन चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विनोदानंद झा, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष निर्भय कुमार यादव (टुन्ना), ललित यादव, शशिशंकर मिश्रा, राम नरेश यादव, सतीश यादव, संतोष शाह, शिवजी पासवान, मनोज गुप्ता, चंदन यादव आदि उपस्थित थे।

# सारण से दो खिलाड़ी अंडर 14 स्कूली नेशनल हैंडबॉल के लिए छत्तीसगढ़ रवाना



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

छत्तीसगढ़ के महासमंद में 25 से 29 नवंबर तक आयोजित 68 वी स्कूली नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए बिहार टीम शनिवार को रवाना हुई। बिहार टीम में सारण से दो खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए । जिसमें बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय मशरक की छात्रा रीमा कुमारी जो रसौली , पानापुर के भगवान राउत एवं मंजू देवी की पुत्री है । जबकि बालक वर्ग में संत जलेश्वर एकेडमी बनियापुर के छात्र आदर्श कुमार जो अनिल कुमार ठाकुर के पुत्र है। दरभंगा में आयोजित राज्य स्तरीय बालिका एवं बेगुसराय में आयोजित बालक प्रतियोगिता में इनका चयन बिहार टीम में हुआ । पूरी टीम का प्रशिक्षण बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के देख रेख में बेगुसराय संपन्न हुआ। चयनित खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की शुभकामना जिला खेल पदाधिकारी सारण मो शमीम अंसारी , प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार , प्राचार्या अनुपमा मिश्रा, खेल प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह एवं अभिषेक कुमार सिंह सहित ने दी।

# जनता दरबार में डी.एम ने कई मामलों का किया समाधान

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

(दरभंगा):- जिलाधिकारी दरभंगा श्री राजीव रौशन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता के दरबार में परिवादियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

*उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में 1:00 बजे अपराह्न से आए हुए परिवादियों की शिकायतों का निष्पादन करने हेतु हर संभव प्रयास करते हैं।



जिलाधिकारी श्री राजीव रौशन ने आज जनता के दरबार में 52 से अधिक मामलों की सुनवाई किया और और कई मामलों का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया।

उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को कहा कि शिकायतों को निष्पादन में सर्वोच्च प्राथमिकता देना सुनिश्चित करें । जनता दरबार में समाज ,भूमि विवाद, आदि के मामलों का निष्पादन किया गया। आज के जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन किया गया।साथ ही अन्य मामलों को शीघ्र निष्पादन के लिए अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार, अपर समाहर्ता नीरज कुमार दास, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था-सह-जिला-आपूर्ति राकेश रंजन, उप निदेशक जन संपर्क सत्येंद्र प्रसाद, पूजा कुमारी आईटी सहायक एवं अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# भारतीय सेना के शौर्य चक्र विजेता अयूब अली हवारी को किया गया सम्मानित,



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

विशेष संवाददाता भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यालय पटना में राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नूर आलम धोबी के नेतृत्व में भारतीय सेना के बहादुरी चक्र विजेता श्री अयूब अली हवारी को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा अंग वस्त्र एवं फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया श्री अयूब हवारी ने बताया कि मुझे बिहार आकर बहुत अच्छा लग रहा है कि बिहार के लोग ऐसे प्यार और प्रेम बांटते हैं इस प्रेम को मैं कभी भुला नहीं सकता, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजन क्लेमेंट, श्री फिरोज साकरी, मीडिया सेल से दिलशाद अहमद, तनवीर अहमद एवं डॉक्टर सरवर जमाल के साथ अन्य लोगों ने भी श्री अय्यूब अली का जोरदार स्वागत किया,

# "काम लकीर का फकीर बनकर नहीं हो सकता"

## सीएम योगी बोले- पहले भर्ती निकलते ही महाभारत के रिश्ते भी निकल पड़ते थे







**लखनऊ।** काम लकीर का फकीर बनकर नहीं हो सकता है। अक्सर होता है कि सरकारी नौकरी पाने के बाद अपने दायित्व का निर्वहन करने में विफल होता है। काम लकीर का फकीर बनकर नहीं हो सकता है। अक्सर होता है कि सरकारी नौकरी पाने के बाद अपने दायित्व का निर्वहन करने में विफल होता है।सीएम योगी ने कहा- मेरे लिए प्रसन्नता का क्षण है कि 701 में से 140 महिलाएं नियुक्त हुई है। यह दिखाता है कि हमने जो लक्ष्य तय किया था कि 20 फीसदी महिला नियुक्त होने चाहिए उसके आसपास नियुक्ति महिलाओं की हो रही है। इस जीवन के लिए सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण बन चुका है। दुनिया और देश का हर व्यक्ति चिंतित है जो जीवन और पर्यावरण के बारे में सकारात्मक भाव रखता है। ग्लोबल वार्मिंग पूरी दुनिया के लिए एक चुनौती है। सीए ने कहा- यह कहीं ओर से नहीं किया है, अनियोजित विकास के पथ पर बढ़ने का परिणाम है, उसे मनुष्य अतिवृष्टि या अनावृष्टि, हीटवेव और कोल्डवेव के रूप में झेल रहे हैं। कहीं बाढ़ से जीवन तबाह है तो कहीं एक बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। यह विसंगति क्यों हुई, प्रकृति का भयानक रूप कैसे देख र हे हैं। जानते और समझते हुए भी हम लोग प्रकृति के रूप को समझने का प्रयास नहीं कर पा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा- चयनित अभ्यर्थियों को लोगों के लिए कुछ कर गुजरने का मौका मिल रहा है। याद रखें कि लोगों को चेतावनी दी जा रही है कि घर के बाहर नहीं निकले। यदि समस्या मनुष्य ने दी है तो समाधान का रास्ता भी मनुष्य को निकालना पड़ेगा। इस समस्या का समाधान वन विभाग के कार्मिकों को निकालना होगा। सीएम योगी ने आगे कहा- वन्यजीवों की रक्षा और प्राणी उद्यान, टाइगर रिजर्व को पर्यटन के लिए खोलें। लेकिन वन्य जीवों में अनावश्यक छेड़छाड़ और उनके जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं हो। संवाद के माध्यम से वन्य जीवों के प्रति आम नागरिक को जागरूक करना होगा। लेकिन यह काम लकीर का फकीर बनकर नहीं हो सकता है। अक्सर होता है कि सरकारी नौकरी पाने के बाद अपने दायित्व का निर्वहन करने में विफल होता है। जबकि उसे निश्चिंत भाव से काम कर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ना चाहिए। उसे अपने विभाग को शासन के अच्छे विभाग की दिशा में स्थापित करने के लिए प्रयास करना चाहिए। नवाचार करना चाहिए। अपनी कार्यपद्धति को अनुकरणीय बनाना चाहिए। ऐसा नहीं है कि हमने बीते साढ़े सात साल में कुछ नहीं किया हो, हमने नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम इसलिए शुरू किया क्योंकि नवनियुक्त अभ्यर्थी से सरकार का संवाद नहीं हो सकता है। नियुक्ति की प्रक्रिया में ईमानदारी और पारदर्शी होना चाहिए। कहीं भी गड़बड़ी हुई तो जवाबदेही तय की जाएगी। साढ़े सात साल में सात लाख सरकारी कर्मचारी भर्ती किए हैं। कल पुलिस भर्ती का परिणाम आया है, 60 हजार से अधिक अभ्यर्थी चयनित होंगे। 50 लाख अभ्यर्थी थे, इतनी कई देशों की आबादी भी नहीं है। इतनी बड़ी संख्या में पुलिस बल में भी 20 फीसदी बालिका है। इतनी भर्ती इससे पहले कभी नहीं हुई। इतनी पारदर्शी तरीके से भर्ती कभी नहीं हुई। पहले, जब भर्ती निकलती थी तो महाभारत के रिश्ते एक साथ निकल पड़ते थे। हमने भेदभाव को बंद किया। किसी नौजवान के साथ भेदभाव किया तौ भेदभाव करने वाले को कीमत चुकानी होगी। सरकार भी आपसे अपेक्षा करती है कि आप लोग भी जिम्मेदारी से काम करें। राज्य पहचान और सम्मान दे रहा है तो राज्य के प्रति भी हमारा कोई दायित्व बनता है। हमारा राज्य आर्थिक दृष्टि से संपन्न होगा तो हमारा भावी पीढ़ी भी सुरक्षित होगा। एक एक कार्मिक का योगदान होना चाहिए। यूपी को देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाना चाहिए। हमारी प्रति व्यक्ति आय दोगुना हुई है, अर्थव्यवस्था बेहतर हुई है। दो करोड़ युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगारसे जुड़ा है। प्रदेश में रोजगार की कमी नहीं है, सबसे अधिक युवा हमारे पास है। उसकी ऊर्जा का लाभ हम ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग में साढ़े सात साल पहले खबर आती थी कि जंगल साफ हो गए, जंगल काट दिए गए, बहराइच में जंगली जानवरों का शिकार हो गया।लेकिन बीते साढ़े सात में यूपी में वन क्षेत्र बढ़ा है। हमने इस साल 36 करोड़ पौधरोपण किया है। बीते सात साल से यह क्रम चल रहा है। अब तक यूपी ने लगभग 200 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूरा किया है। हमारे 75 फीसदी से अधिक वृक्ष जीवित पाए गए हैं, अन्य विभागों की ओर से लगाए गए 65-70 प्रतिशत वृक्ष जीवित पाए गए हैं। सीएम योगी ने कहा- वन विभाग में काम कर जनता से दूरी नहीं बनाए, जनता के साथ बेहतर संवाद बनाए। इससे वन की रक्षा भी कर पाएंगे। जीवन और जंतु की रक्षा कर पाएंगे। वन्य प्राणी की भी रक्षा कर पाएंगे। पर्यावरण और जीव जंतु को बचाने की दृष्टि से काम करने की आवश्यकता है। प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। प्लास्टिक के बिना भी काम चल सकता है, लोगों को उसके दुष्परिणाम के बारे में जनता को बताना होगा। वन दरोगा की नियुक्ति वन विभाग के काम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। कार्यक्रम में वन राज्यमंत्री अरुण सक्सेना और राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी मौजूद थे।

# पुण्यतिथि पर याद किये गए पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्व. राजमंगल पाण्डेय

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्व. राजमंगल पाण्डेय की 31 वीं पुण्यतिथि नगर के वार्ड नम्बर 13 राम जानकी नगर स्थित निज आवास राजभवन पर शिद्दत के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया और गणमान्य जनों व पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर स्व. पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती रमा राज पाण्डेय ने सम्मानित किया। शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पीसीसी सदस्य नागेंद्र सिंह, सूचना



आयोग अध्यक्ष पंचानंद मिश्रा, ओबीसी प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष तारा यादव, कांग्रेस किसान मोर्चा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, कांग्रेस महिला मोर्चा जिलाअध्यक्ष वृंदा प्रजापति, नगर अध्यक्ष सीमा भारती, एबीपीएसएस प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, ब्लाक अध्यक्ष रिंकू देवी आदि ने स्व. पाण्डेय के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने स्व. पाण्डेय के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान राजनेता, कुशल शासक, विकास पुरुष बताया और कहा कि पूर्वांचल के विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रमा राज पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि अपने पति के पद चिन्हों पर चलते हुए कुशीनगर की जनता की सेवा के लिए समर्पित हूँ। इस दौरान केडी सिंह, पारस नाथ मिश्रा, पूर्व जिपंस आनन्द सिंह, सदा शिव मणि त्रिपाठी, गोंविन्द सिंह पटेल, प्रमिला देवी, लक्ष्मी देवी, संजू देवी, प्रभावती, ज्ञानती, लालमति सहित सैकड़ों लोगों ने स्व पाण्डेय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# ट्रक में लगी आग, ड्राइवर ने ट्रक से कुद कर बचाई जान

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के अभिनायकपुर गांव के समीप शुक्रवार की भोर मे फोरलेन हाईवे पर जा रही चावल लदी ट्रक में आग लगने से ट्रक पूरी तरह से जल गया। ड्राइवर ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार देवरिया जिले के गौरी बाजार से चावल लोड कर वेस्ट बंगाल जा रही ट्रक संख्या यूपी 53 एटी 2080 में चलते हुए ट्रक में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। आस पास के लोगो ने बताया कि ट्रक कसया से अभी तीन किलोमीटर आगे ही पहुंचा था कि ड्राइवर बाबूजान को ट्रक में लगी



आग का पता चला। आग देख ड्राइवर ने ट्रक को किनारे लेजाकर खड़ा करने का प्रयास किया पर किनारे गड्ढा होने से सड़क के किनारे जाकर ट्रक पलट गया। ड्राइवर बाबुजान ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई। ट्रक पर चावल लदा हुआ था। आग इतनी तेज थी कि थोड़ी ही देर में ट्रक आग के गोले का रूप ले लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अग्निशमन को सूचना दी। अग्निशमन की सहायता से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था।

# गोरखपुर जेल में शिक्षा-तकनीकी विकास की होगी शुरूआत

**गोरखपुर।** जिला कारागार में शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। शिव नाडर फाउंडेशन की पहल पर, 10 बंदियों को स्मार्ट क्लासेस के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जो अब जेल के भीतर अन्य बंदियों को डिजिटल शिक्षा देने का कार्य करेंगे। यह पहल जेल में बंदियों के लिए एक नया आशा का स्त्रोत बन सकती है, क्योंकि अब वे न केवल शिक्षा प्राप्त करेंगे, बल्कि तकनीकी कौशल में भी निपुण होंगे। शिव नाडर फाउंडेशन ने इस परियोजना के तहत बंदियों को शिक्षण सामग्री जैसे किताबें, कॉपी, और अन्य जरूरी साधन प्रदान किए हैं। इसके साथ ही, स्मार्ट क्लासेस में शिक्षा के आधुनिक तरीकों को अपनाया जाएगा, ताकि बंदियों को सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि डिजिटल कौशल भी मिले। इन बंदियों को जो ट्रेनिंग दी जा रही है, उसका उद्देश्य उन्हें न केवल सीखने का अवसर देना है, बल्कि उन्हें समाज में पुनः सफल जीवन जीने के लिए सक्षम बनाना है। फाउंडेशन



की योजना है कि ये प्रशिक्षित बंदी अन्य कैदियों को डिजिटल तरीके से पढ़ाएं और उन्हें आधुनिक शिक्षा से जोड़े। यह कदम न सिर्फ बंदियों के लिए शिक्षा के द्वार खोलता है, बल्कि उनके मानसिक और सामाजिक विकास की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। जेल प्रशासन के अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से बंदियों का व्यक्तित्व विकास होगा, जिससे उनका सामाजिक पुनर्वास आसान होगा और वे जेल से बाहर आने के बाद समाज में एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभा सकेंगे। जेल प्रशासन और समाज के सभी वर्गों में इस पहल की सराहना की जा रही है। खासकर, शिव नाडर फाउंडेशन की इस पहल को एक सकारात्मक और प्रभावी कदम माना जा रहा है, जो जेलों में सुधारात्मक उपायों को बढ़ावा देने के साथ-साथ बंदियों की जीवनशैली को बेहतर बनाने का एक सार्थक प्रयास है। इस कदम से यह भी उम्मीद जताई जा रही है कि अन्य कारागारों में भी ऐसी पहलें शुरू हो सकती हैं, जो बंदियों के पुनर्वास और सुधार के प्रयासों को मजबूत करें। इस पहल के तहत, बंदियों को न केवल तकनीकी शिक्षा मिलेगी, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक समझ और जीवन कौशल में भी सुधार होगा। यह पहल न केवल गोरखपुर जिला कारागार के लिए, बल्कि पूरे राज्य में एक नई दिशा की शुरूआत मानी जा रही है, जिससे बंदियों को अपनी जिंदगी में एक नया मोड़ मिल सकता है।

# स्व. राज मंगल पांडेय ने की आजीवन मूल्यों व शुचिता की राजनीतिः पीएन पाठक

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री पं.राजमंगल पांडेय की 31 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर सपहा चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर उनके परिवार के सदस्यों सहित विधायक एवं गणमान्य लोगों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सपहा कोठी पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सपहा चौराहे के राजमंगल पाण्डेय चौक पर स्थित प्रतिमा पर स्व.पाण्डेय के सुपुत्र पूर्व सांसद राजेश उर्फ गुड्डू पांडेय की अगुवाई में तमाम नेता गण एकत्र होकर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कुशीनगर के विधायक पी एन पाठक ने कहा की स्व.पांडेय जी आजीवन मूल्यों व शुचिता की राजनीति की और सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं किया। पूर्व व वर्तमान समय की राजनीति में ऐसा व्यक्तित्व देखने को नहीं मिलता। विधायक सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा की स्व. पांडेय



और उनके परिवार का पूरा जीवन समाज के विकास व कल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने पूर्वांचल के हजारों लोगों को रोजगार प्रदान किया। आज भी लोग इस बात को याद रखे हैं, यह बहुत बड़ी बात है।इस कार्यक्रम को खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, रामकोला विधायक विनय गोंड, नगरपालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल आदि ने भी संबोधित किया। पूर्व सांसद राजेश पांडेय उर्फ गुड्डू भैय्या ने कार्यक्रम में आए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की उनके पिता एक न्यायप्रिय व्यक्तित्व के साथ श्रेष्ठ प्रशासक थे। तत्कालीन देवरिया और कुशीनगर जिला के नागरिकों के सम्मान की रक्षा के साथ 30 हजार परिवारों के आजीविका की व्यवस्था की जिस कारण आज लाखों लोग प्रतिष्ठित जीवन जी रहे हैं। इस अवसर पर चिकित्सक डा सीपी गुप्ता,डा.ज्ञान प्रकाश राय, डा वाई के मध्देशिया, एडवोकेट प्रभुनाथ मिश्र, पत्रकार एवं कवि दिनेश भोजपुरिया, गुरूदत उपाध्याय, लल्लन मिश्र,बपूर्व नपा अध्यक्ष कृष्ण कुमार, वरिष्ठ भाजपा नेता दीवाकर मणि, राजन शुक्ला, अमरचंद जायसवाल, सभासद सुर्यनाथ यादव संत जी, दिनेश गुप्ता, अशोक मिश्र, मंटू तिवारी, सुमित जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, हरीद्र जायसवाल, टुनटुन, राजू जायसवाल,सहित भारी संख्या में स्व पाण्डेय को मानने वाले लोग उपस्थित रहे।

# श्रीराम कथा में राम वनवास का मार्मिक चित्रण, श्रोता भावुक

संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के अमवा श्री दूबे में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ में श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्रीधाम मानस मर्मज्ञ अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने श्रीराम कथा का रसपान कराते हुए राम वनवास का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनकर श्रोता भावुक हो गए। महाराज जी ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने कुल की मयार्दा और पिता के वचन की रक्षा के लिए राजपाट त्यागकर वनवास स्वीकार किया।



राजा दशरथ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने उम्र व कर्तव्यों को समझते हुए राजपाट श्रीराम को सौंपने का निर्णय लिया। कथा में लक्ष्मण और माता कौशल्या के त्याग और आदर्श का भी वर्णन हुआ। महाराज जी ने कहा, भाई हो तो लक्ष्मण जैसा, जिन्होंने अपने माता-पिता के स्थान पर राम-सीता को ही अपना सब कुछ मान लिया। माता कौशल्या ने पति की वचनबद्धता का सम्मान करते हुए राम के वनगमन को स्वीकार किया। बताया कि यदि माता कैकेयी राम को वनवास नहीं भेजतीं, तो रामकथा अधूरी रह जाती। उनके कठोर प्रेम और त्याग ने राम को मयार्दा पुरुषोत्तम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पूजन-अर्चन के साथ कथा का शुभारंभ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, शिक्षक अखिलेश मिश्रा, हृषीकेश द्विवेदी, पारसनाथ द्विवेदी और नागेंद्र उपाध्याय ने किया। इस दौरान रिटायर्ड आरटीओ अजय त्रिपाठी, समाजसेवी प्रदीप तिवारी, अनिल जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, साधन सहकारी समिति अध्यक्ष नीलेश उपाध्याय, सुरेश राय, काशी से पधारे यज्ञाचार्य पंडित त्रिभुवन पांडेय, मुख्य यजमान सोनी देवी, हिरण्यगर्भ द्विवेदी पंकज, ज्ञानेश्वर द्विवेदी दीपक, चित्रसेन द्विवेदी, ग्राम प्रधान राकेश द्विवेदी, जीतन गौड़, शैलेश गौड़, गुड्डू द्विवेदी, मनोज द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी, उपेंद्र द्विवेदी समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### सीआरएम टीम ने सीएचसी, आयुष्मान अस्पताल, वेलनेश सेंटर का किया जांच



संवाददाता

**कुशीनगर।** स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार की सीआरएम टीम ने शुक्रवार को जांच के अंतिम दिन कसया सीएचसी, एक निजी अस्पताल, एक वेलनेश सेंटर की जांच की। शुक्रवार को सीआरएम टीम ने सबसे पहले आयुष्मान हॉस्पिटल गोपालगढ़ की जांच की और संचालक और वहां के स्टाफ से आयुष्मान योजना की जानकारी ली। ऑपरेशन, इलाज, खर्च आदि की जानकारी ली। गोपालगढ़ में ही हेल्थ वेलनेश सेंटर को देखा। टीम के सीएचसी कसया पहुंचने पर फूल बरसा कर स्वागत किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने बुके देकर सदस्यों का स्वागत किया। टीम ने सबसे पहले इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण किया और तैनात चिकित्सक से मरीजों को दी जा रही सुबिधा की जानकारी ली तथा दवाओं की जानकारी ली। एक्सरे कक्ष, लैब, डेंटल कक्ष, बच्चों के वार्ड में जानकर स्टाफ व मरीजों से जानकारी ली। सीएचसी प्रभारी डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवा की हकीकत जानने टीम आयी थी। सभी स्टाफ यूनिफॉर्म में मुस्तैद रहे और सफाई व्यवस्था बेहतर दिखी। करीब एक घण्टे रहने के बाद टीम वापस कुशीनगर के लिए निकल गयी। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/ जिला क्षय रोग अधिकारी एसएन त्रिपाठी, डीसीपीएम आनन्द पति त्रिपाठी, डीएचआईएमएस अजय प्रकाश त्रिपाठी, डॉ नेहा, डॉ आशुतोष पाण्डेय, डॉ जलज गुप्ता, डॉ सौनक श्रीवास्तव, डॉ युसुफ, डॉ अनामिका, डॉ रीतेश, डॉ आनन्द पाल सिंह, डॉ अमित श्रीवास्तव, लिपिक अमित सिंह, आदि मौजूद रहे।

### हमीरपुर के बरदहा, कलौलीतीर में माफिया मोरम का अवैध खनन, परिवहन कर लाखों के राजस्व का लगा रहे हैं चूना



संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की कुछेछा चौकी क्षेत्र के बरदहा और कलौलीतीर में क्षेत्रीय युवक लम्बे समय से कर रहे हैं धडल्ले से मोरम का अवैध खनन और परिवहन। गौरतलब है कि मोरम के इस अवैध खनन और परिवहन में लिप्त माफिया पहले कराते हैं नावों से नदी किनारे मोरम का अवैध डम्प, और फिर रात भर ट्रैक्टरों से किया जाता है धडल्ले से मोरम का अवैध परिवहन,जबकि खनिज विभाग के जिम्मेदार मोरम के इस अवैध खनन को बढावा देकर उत्तर प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को कर रहे हैं बदनाम, वहीं हमीरपुर के तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीना के आदेशों का बना रहे हैं मजाक।

### अवैध नशीली दवाओं की तस्करी के गुनाहगार को छह महीने की सजा के साथ ही पांच हजार का हुआ जुमार्ना

संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की सुमेरपुर पुलिस ने 30 मार्च 2011 में सुमेरपुर के चांद थोक निवासी धर्मेंद्र उर्फ रणवीर पुत्र शंकरलाल श्रीवास के पास से नाईट्रेट की 90 गोलियां जिनका वजन 51 ग्राम था बरामद कीं थीं, इस मामले में अभियुक्त के खिलाफ सुमेरपुर थाने में अ०सं०- 504/2011 धाराझ8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 21 नवंबर 2024 को एफटीसी फर्स्ट गैंगस्टर हमीरपुर के विद्वान जज ने अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ राजवीर को गुनाहगार मानते हुये 6 महीने की सजा के साथ ही पांच हजार रुपये का किया जुमार्ना। गौरतलब है कि इस मामले की जांच एस आई डी०आर० सिंह ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। जबकि अभियोजन की तरफ से जोरदार पैरवी एडीजीसी प्रवीण सिंह भदौरिया, रिंकू ने की।



एडीजीसी--प्रवीण भदौरिय, रिंकू

### इछौरा झिटकिरी के 25/21 खण्ड में प्रतबंधित पोकलैण्ड मशीनों से दबंगई के बल पर किया जा रहा था अवैध खनन, प्रशासन की टीम ने मारा छापा

संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में शासन प्रशासन की कोशिशों के बावजूद मोरम माफिया अवैध खनन से बाज नही आ रहे हैं, जी हाँ, ताजा मामला सरीला तहसील के इछौरा झिटकिरी खण्ड सं० 25/21 मे० डिजयाना कं० के संचालक विवेक श्रीवास्तव अपनी दबंगई के बल पर एनजीटी के नियमों को ताख पर रखकर जबकि शासन प्रशासन को धता बताकर प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से कर रहे थे, मोरम का अवैध खनन, मामले की जानकारी मिलते ही तेज तर्रार कार्यकुशल हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना के आदेश पर एसडीएम सरीला सहित खनिज अधिकारी वशिष्ठ यादव ने खण्ड में पहुँचकर की छापे मारी, जबकि प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीन को किया सीज। प्रशासन के छापे से मोरम माफियाओं में मचा हडकंप।



# दिल का दर्द पहचानें इसके लक्षण



**कोरोनरी हार्ट डिजीज किसी भी उम्र में हो सकती है। समय रहते इलाज करा लिया जाए तो आप दिल के दौरे जैसे खतरे से बच सकते हैं।**

कोरोनरी धमनी रोग यानी सीएडी एक तरह का हृदय रोग है, जिसमें हमारे हृदय की धमनियों के अंदर प्लेक नाम के एक मोम जैसे पदार्थ का निर्माण होने लगता है, जिससे हमारी धमनियां सिकुड़ जाती हैं और हमारे हृदय तक ऑक्सीजन युक्त खून का प्रवाह घट जाता है। यही प्लेक जब हमारे हृदय की धमनियों के आधे हिस्से में फैल जाता है तो हमारी छाती में दर्द होने लगता है और रोजमर्रा के काम में हमें परेशानी होने लगती है।

इसके अलावा छाती में कसाव और ऐंठन भी महसूस होने लगती है, जिसे एनजाइन कहते हैं। कंधे, बांह, गर्दन, दांत के जबड़े, पीठ और पेट के ऊपरी भाग में भी यह दर्द हो सकता है। सीएडी की वजह से ही दिल का दौरा पड़ता है। किसी व्यक्ति को दिल का दौरा तब पड़ता है, जब उसके प्लेक टूटने लगते हैं और धमनियों पर खून के थक्के जमने लगते हैं, जिससे हृदय की धमनियों में खून का प्रवाह बहुत कम समय में ही अवरुद्ध हो जाता है।

ऐसे में अगर खून का प्रवाह तुरंत पहले जैसा नहीं हुआ, तो हृदय की मांसपेशियां 20 मिनटों के बाद ही मृत होने लगती हैं। ऐसे में व्यक्ति का तुरंत इलाज करवाना चाहिए, नहीं तो सेहत से जुड़ी परेशानियों के अलावा मृत्यु तक का खतरा हो सकता है। सांस की कमी, मिचली आना, उल्टी करना, चक्कर आना आदि दिल के दौरे के लक्षण हैं।

## इन वजहों से सीएडी में विकास होता है

धूम्रपान, बीमारी का पारिवारिक इतिहास, मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, सुस्त जीवनशैली, व्यायाम में कमी, तनाव, हाईपरलीपिडेमिया (खून में लीपिड की मात्रा का बढ़ना)।

## समय रहते करा लें इलाज

सही समय पर हृदय से जुड़ी इस परेशानी का इलाज न कराया जाए तो हृदय काम करना बंद कर सकता है। इससे हृदय की पम्पिंग क्षमता कम हो जाती है, तो फेफड़ों में खून का जमाव होने लगता है और व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। इसके अलावा हृदय की गति अचानक से रुक जाना भी इसकी एक बड़ी समस्या है। कई बार मरीज को यह आभास नहीं हो पाता कि उन्हें हृदय से जुड़ी कोई परेशानी है। इसलिए शुरुआत में ही बीमारी की पहचान हो जाए तो इस बीमारी का इलाज करना संभव होगा। फिर भी अगर बीमारी की पहचान नहीं हो पा रही हो और दवाइयों से भी कोई फायदा नहीं हो पा रहा हो, तो कार्डिएक रिसिंक्रोनाइजेशन थेरेपी की मदद ली जा सकती है। वहीं दिल के दौरे पड़ने पर खून के थक्कों को हटाने के साथ एंजियोप्लास्टी (अवरुद्ध धमनियों को खोलने की एक तकनीक) एक सुरक्षित तरीका है।

## अपनाएं ये उपाय

अपनी जीवनशैली में कुछ जरूरी बदलाव कर आप इस बीमारी से बच सकते हैं, जिसमें वजन को नियंत्रित रखने के साथ निम्न बातों पर अमल करने की सलाह दी जाती है।

## स्वस्थ डाइट अपनाएं

एक स्वस्थ डाइट एक स्वस्थ जीवनशैली का अहम हिस्सा होती है। एक दिन की डाइट में 25-35 प्रतिशत से ज्यादा कैलोरी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही स्वस्थ डाइट में घुलनशील फाइबर होता है। फाइबर पाचन तंत्र को कोलेस्ट्रॉल सोखने से रोकता है। ओटमील, जई का चोकर, सेब, केले, संतरे, नाशपाती, आलूबुखारे, काबुली चने, राजमा, दाल, लोबिया में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा खाने में नमक संतुलित मात्रा में होनी चाहिए, साथ ही खाने में ऊपर से नमक कभी न डालें। नियमित तौर पर अल्कोहल का सेवन करने वाले पुरुषों को दिन में दो बार से ज्यादा ड्रिंक नहीं लेनी चाहिए।

## शारीरिक तौर पर रहें सक्रिय

नियमित रूप से शारीरिक श्रम हृदय से जुड़ी कई बीमारियों (जैसे उच्च रक्तचाप, अत्यधिक वजन) के खतरे को कम कर देता है। यही नहीं, यह मधुमेह के खतरे को भी कम करता है। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए आप रोज तेज-तेज चलें, सीढियां चढ़ें या कोई खेल खेलें। जॉगिंग, स्विमिंग, बाइकिंग, वॉकिंग जैसे एरोबिक व्यायाम भी आपके हृदय को स्वस्थ बनाते हैं। एक हफ्ते में 150 मिनट यानी करीब ढाई घंटे के हल्के व्यायाम या 75 मिनट यानी सवा घंटे के कड़े व्यायाम की सलाह दी जाती है।

## धूम्रपान से बचें

धूम्रपान दिल का दौरा पड़ने का एक बहुत बड़ा कारण है। आंकड़े बताते हैं कि 65 साल के कम उम्र के एक तिहाई लोगों में क्रोनिक हर्ट डिजीज का मुख्य कारण धूम्रपान होता है। वहीं जिन लोगों ने समय रहते ही धूम्रपान छोड़ा है, उनमें कोरोनरी धमनी रोग से उत्पन्न मृत्यु का खतरा करीब आधा कम हो गया। यह भी देखा गया है कि जो लोग धूम्रपान नहीं करते, उनका इलाज धूम्रपान करने वाले लोगों से ज्यादा प्रभावी तरीके से हो पाता है।

## तनाव से रहें दूर

रिसर्च बताते हैं कि मानसिक तनाव भी दिल का दौरा पड़ने का एक अहम कारण है। कई बार तनाव दूर करने के लिए लोग ड्रिंक, धूम्रपान या ओवरईटिंग का सहारा लेने लगते हैं, जिससे हृदय की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए तनाव से दूर रहें और हृदय को स्वस्थ रखें।

# ऐसे पहचानें ब्रेन हैमरेज

**सामान्य चिकित्सक सबअरैक्नॉइड हैमरेज़ के मुख्य लक्षण के तौर पर तेज होने वाले सिरदर्द की पहचान करने में विफल रहते हैं और 18 फीसदी मरीज़ों को अस्पताल में भर्ती कराते समय तंत्रिका संबंधी जांच नहीं उपलब्ध नहीं होती है।**

ब्रेन हैमरेज यानी मस्तिष्क आघात, विशेषकर धमनी विकार से पीड़ित व्यक्ति की जांच या उसके इलाज में हुई देरी मरीज़ की देखभाल के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है।

## इन 7 अंगों में दर्द हो सकता है गंभीर रोगों का इशारा

मरीज़ों की स्थिति और मृत्यु को लेकर राष्ट्रीय विश्वसनीयता जांच रिपोर्ट (एनसीईपीओडी) में कहा कि सामान्य रोग चिकित्सक मस्तिष्क आघात के लक्षणों की पहचान करने में विफल रहते हैं और स्वास्थ्य लाभ की स्थितियां खराब हैं।

## बार-बार सिरदर्द के पीछे हो सकती है यह वजह

हालांकि एनसीईपीओडी ने 58 फीसदी मामलों में बेहतर देखभाल पाई है। ब्रिटेन में हर वर्ष पांच हजार लोग सबअरैक्नॉइड हैमरेज़ से प्रभावित होते हैं। एनसीईपीओडी की यह रिपोर्ट सबअरैक्नॉइड हैमरेज़ के 427 मामलों के विश्वसनीय विश्लेषण पर आधारित है। इनमें इंग्लैंड, वेल्स, उत्तरी आयरलैंड, द चैनल आइसलैंड और आइल ऑफ मैन से पीड़ित शामिल हैं। कुल मिलाकर रिपोर्ट में इस प्रकार के मस्तिष्क आघात वाले मरीज़ की देखभाल में बड़े स्तर पर आए बदलाव का एक उपलब्धि के तौर पर स्वगत किया गया है। रिपोर्ट में कहा कि 90 फीसदी अस्पतालों में सप्ताह के साते दिनों सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध रहती है और 86 फीसदी मरीज़ों का इलाज आधुनिकतम एंडोवैस्कुलर तकनीकों के इस्तेमाल के जरिए होता है। लेकिन दूसरे इलाकों में मरीजों को यह सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं।

## सप्ताहांत में होने वाली देरी

देखा गया है कि सामान्य चिकित्सक सबअरैक्नॉइड हैमरेज़ के मुख्य लक्षण के तौर पर तेज होने वाले सिरदर्द की पहचान करने में विफल रहते हैं और 18 फीसदी मरीज़ों को अस्पताल में भर्ती कराते समय तंत्रिका संबंधी जांच नहीं उपलब्ध नहीं होती है। रिपोर्ट के अनुसार अस्पताल में भर्ती होने के बाद सप्ताहांत के समय इलाज में देरी होना आम बात है। तीस फीसदी मरीजों को 24 घंटों के अंदर इलाज मिल पाता है। जबकि सामान्य दिनों में 70 फीसदी मरीजों का इलाज संभव हो पाता है। एनसीईपीओडी की रिपोर्ट के अनुसार सर्जरी के बाद अस्पताल से छुट्टी होने पर देखभाल में सुधार किया जा सकता है।

इस रिपोर्ट के सह-लेखक और सलाहकार सर्जन प्रोफेसर माइकल गॉह ने कहा कि सबअरैक्नॉइड हैमरेज़ के बहुत से मरीज़ अपनी बाकी के जीवन में रोज़मर्रा के कामकाज के लिए दूसरों पर निर्भर हो जाते है। इसलिए यह जरूरी है कि इस बीमारी से पीड़ित सभी मरीज़ों की न केवल सर्जरी के बाद तुरंत सही देखभाल हो बल्कि बाद में ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिनता जल्दी संभव हो, मरीजों की उनके स्वस्थ होने में मदद की जाए। एनसीईपीओडी की इस रिपोर्ट में अस्पतालों को स्थानीय विशेषज्ञ तंत्रिकातंत्र केंद्र से सम्बद्ध करने की सिफारिश की गई है, ताकि मरीजों का समय रहते इलाज संभव हो सके। इसके साथ ही मरीजों की जांच और प्रबंधन सुधारने के लिए देखभाल के मानक प्रक्रियाएं लागू करने की सिफारिश की है।





# किशोरों में बढ़ रही मधुमेह की बीमारी

**एक दशक पूर्व व्यस्कों में होने वाली मधुमेह की बीमारी अब किशोरों को भी चपेट में ले रही है। लेकिन इसके बारे में जानकारी हासिल करना कि बच्चा मधुमेह से पीड़ित है या नहीं प्रत्येक माता-पिता के लिए चिंता का कारण बन रही है। किशोर मधुमेह अनुसंधान फाउंडेशन के मुताबिक तेजी से बच्चों में टाइप-1 मधुमेह की बीमारी बढ़ रही है। जीवन शैली में लगातार हो रहे बदलाव से टाइप-2 मधुमेह भी बढ़ रहा है। जिले में भी एक बड़ी संख्या में बच्चे मधुमेह की चपेट में आ रहे हैं। मधुमेह के प्रति जागरूकता लाने के लिए विश्व मधुमेह दिवस किशोर मधुमेह जागरूकता के रूप में मनाया जाता है।**

## क्या है मधुमेह बीमारी का कारण

वरिष्ठ फिजीशियन डा. अरविंद डोगरा बताते हैं कि किशोर मधुमेह अनुवाशिक मुद्दा है। बच्चों में टाइप-1 मधुमेह का मतलब है कि उनके शरीर में इंसुलिन नहीं बन रहा और इस बीमारी से बचने के लिए उन्हें बाहर से इंसुलिन लेने की जरूरत है। किशोर मधुमेह या इंसुलिन- डिपेंटेंड मधुमेह के तौर पर जाना जाने वाली यह बीमारी बच्चे के जीवन को पुनर्परिभाषित कर सकती है जिन्हें नियमित रूप से रक्त शर्करा स्तर (बल्ड शुगर लेवल) और उसके प्रबंधन की आवश्यकता होगी।

कैलोरी का च्यादा सेवन, सामान्य चीनी, संतृप्त वसा और कम फाइबर वाले अनुचित आहार एवं कम होती शारीरिक गतिविधि के साथ तेजी से बदलती जीवनशैली उन्हें अधिक घातक टाइप-2 मधुमेह की चपेट में धकेल सकता है।

## कैसे पहचाने मधुमेह

ज्यादातर लोग इस बात से अनजान हैं कि मधुमेह बच्चों को भी हो सकता है, जब तक हालात बहुत न बिगड़ जाए तब तक बीमारी का पता नहीं चलता। हालाकि बीमारी की शुरुआत धीमी है और माता-पिता अक्सर लक्षण के बारे में भ्रमित रहते हैं या उसे नजर अंदाज कर देते हैं। इसके बावजूद प्यास या पेशाब में वृद्धि, देखने की क्षमता से जुड़ी समस्याएं, अचानक कम होता वजन या बच्चे में सुस्ती कुछ ऐसे लक्षण हैं जिन्हें गंभीरता से लेना चाहिए। तुरंत किसी डॉ से परामर्श करना चाहिए और बच्चे की जरूरी जाच करनी चाहिए क्योंकि इन समस्याओं की वजह संभव है मधुमेह हो।

## सावधानी बरत कर करें बचाव

मधुमेह को रोकने के लिए जरूरी है कि हम अनिवार्य और नियमित शारीरिक गतिविधि के साथ स्वस्थ खानपान और ग्लूकोस के स्तर की नियमित निगरानी करें। स्वस्थ खानपान और शारीरिक गतिविधि के जरिए मोटापे और इसके विनाशकारी परिणाम से बचा सकती है। मधुमेह से पीड़ित कोई बच्चा हाइपोग्लिसेमिक (ब्लड शुगर कम हो जाना) हो जाए, तो जरूरी है कि बच्चे को दो चम्मच चीनी, ग्लूकोज या मीठा पेय दिया जाए।



# रोज योग का फायदा जानते हैं आप?

**योग हमारी सेहत के लिए कितना फायदेमंद है, यह बताने की जरूरत नहीं। पर यह फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित मरीजों की जिंदगी को बेहतर बनाने का बेहद आसान और कम खर्चीला तरीका भी साबित हो सकता है।**

## ये नौकरियां हैं फेफड़े के लिए खतरनाक

एम्स के डॉक्टरों द्वारा किए गए अध्ययन में यह दावा किया गया है। इस अध्ययन को यहां आयोजित चेस्ट 2013 की बैठक में पेश किया गया।

## जानें, एक्सरसाइज के दिलचल्प विकल्प

इसमें 12 हफ्तों की ट्रेनिंग के बाद क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पुलमोनेरी डिजीज (सीओपीडी) से पीड़ित मरीजों के फेफड़े और सांस संबंधी तकलीफों में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिला। ऐसे मरीजों को अपने फेफड़ों से सांस बाहर निकालने में तकलीफ होती है, जिससे ताजी हवा शरीर के अंदर लेना मुश्किल हो जाता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि वैसे तो सीओपीडी का कोई इलाज नहीं है, लेकिन सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षणों को नियंत्रित कर इस बीमारी से पीड़ित मरीजों की जिंदगी को बेहतर बनाया जा सकता है। सिगरेट पीने की वजह से ज्यादातर लोग इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं और इसके लक्षण अक्सर 40 की उम्र में देखने को मिलते हैं।



# ओला इलेक्ट्रिक 500 से अधिक कर्मचारियों की कर सकती है छंटनी

**नई दिल्ली ।**

ओला इलेक्ट्रिक ने एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि कंपनी की 500 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की संभावना है। इसका मुख्य कारण मार्जिन को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपने आईपीओ के लिए दस्तावेज दायर किए थे, जिसमें यह बताया गया था कि कंपनी मार्च 2024 तक 4,011 कर्मचारियों के साथ काम कर रही है। इसके बावजूद ओला इलेक्ट्रिक अभी तक कोई लाभ नहीं कमा पाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च लागत और ईवी सब्सिडी में कटौती के कारण कंपनी लाभ नहीं कमा पा रही है। हालांकि, ओला ने भविष्य की योजनाओं को लेकर विश्वास जताया है कि वह इन-हाउस बैटरी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके लागत कम करेगी और मुनाफा बढ़ाएगी। पिछले कुछ महीनों में शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत के बाद ओला इलेक्ट्रिक में कुछ सुधार नहीं हो रहा है। इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते कंपनी की धाक कम हो रही है। राज्यों ओला इलेक्ट्रिक की सर्विसेज और प्रोडक्ट क्वालिटी की जांच भी की गई है। कंपनी के प्रतिद्वंदी भी इसके चारों ओर घूमकर कंपनियों से किनारा कर रहे हैं। गुरुवार को ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 3 फीसदी गिरकर 67.23 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए। यह कंपनी के सबसे कम बंद भाव को दर्शाता है, जिसके कारण वित्तीय विश्लेषकों ने उम्मीद जताई है कि और जोरदार गिरावट हो सकती है। ओला इलेक्ट्रिक की आने वाली कार्रवाई और मुद्रा बाजार में उसका प्रभाव देखने योग्य होगा।

वहीं, कंपनी ने अपने आगामी योजनाओं के संदर्भ में अनुमान लगाने के लिए स्थिर धारणा दिखाई है कि वह अपनी स्थिति सुधारने की कड़ी चाह में है।

# टाटा नेक्सन ईवी 45 की रियल रेंज का हुआ खुलासा

**नईदिल्ली ।**



अगर आप टाटा मोटर्स की नेक्सन ईवी मॉडल को खरीदने की तैयारी कर रहे हैं, तब आपको पता होना चाहिए कि नेक्सन ईवी 40.5 केडब्ल्यूएच की तुलना में इसकी रेंज कितनी ज्यादा है। नेक्सन ईवी 45 के नाम से पता चलता है कि इसमें 40.5केडब्ल्यूएच की तुलना में 45केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक दिया है।

कंपनी का कहना है कि नया बैटरी पैक 15 प्रतिशत ज्यादा एनर्जी-डेंसिटी वाला है, इसलिए यह 40.5केडब्ल्यूएच यूनिट जितनी ही जगह लेता है, लेकिन इसका वजन थोड़ा ज्यादा है। इस तरह, इसकी अराई सर्टिफाइट रेंज 489केएम है, जो 40.5केडब्ल्यूएच यूनिट की तुलना में 24केएम ज्यादा है। टाटा का कहना है कि नेक्सन ईवी 45 के लिए रियल-वर्ल्ड सी 75 साइकिल रेंज लगभग 350 से 370केएम है। ब्रांड के सी75 चक्र को लगभग रियल वर्ल्ड की ड्राइविंग रेंज का प्रतिनिधित्व करने वाला बताया जाता है। रियल वर्ल्ड रेंज की बात करें तो 7.9केएम केडब्ल्यूएचकी एवरेज सिटी इफिसियंसी और 7.67केएम/केडब्ल्यूएच की एवरेज हाईवे इफिसियंसी हासिल की। इसके चलते फुल चार्ज पर 350केएम (सिटी और हाईवे) रेंज प्राप्त हुई। इसकी तुलना में 40.5केडब्ल्यूएच वर्जन से 273केएम की रेंज मिली। ये टेस्टिंग ईको मोड में की गई। जहां टॉर्क कुल आउटपुट के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित है। इसकी टॉप स्पीड भी सीमित है।

रीजन ब्रेकिंग को शहर में लेवल 2 और हाईवे पर लेवल 1 (सबसे कम अग्रेसिव) पर सेट किया गया था। बड़ी बैटरी के साथ, अपडेटेड नेक्सन ईवी 5एचपी अधिक बनाता है। इसमें एक नया पैनोरमिक सनरूफ है। 10 से 80प्रतिशत से चार्ज होने का समय भी 40.5केडब्ल्यूएच यूनिट के 56 मिनट के बजाय 48 मिनट रह गया है। टाटा मोटर्स के इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो में नेक्सन ईवी पॉपुलर मॉडल है। कंपनी ने इस मॉडल को बड़े बैटरी पैक, जायादा पावर और ज्यादा फीचर्स के साथ अपडेट किया है। इस मॉडल को नेक्सन ईवी 45 नाम दिया गया है।

# भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक पैसा निकाल कमा रहे मोटा मुनाफा

### -आईपीओ और प्रीफरेंशियल शेयर में लगाए 11.5 बिलियन डॉलर, बनाया रिकॉर्ड

**मुंबई।**



विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजारों से लगातार पैसे निकाल रहे हैं। इसी साल अक्टूबर में निवेशकों ने शेयर बाजार से पैसा निकालना शुरू किया था, वह अभी भी जारी है लेकिन वह यह पैसा किसी दूसरे देश में नहीं बल्कि आईपीओ में लगा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि इस साल अभी तक उन्होंने आईपीओ और प्रीफरेंशियल शेयर की खरीद में 11.5 बिलियन डॉलर लगा चुके हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा रेकार्ड है। इससे पहले साल 2021 में विदेशी निवेशकों ने सबसे ज्यादा पैसे आईपीओ में लगाया था। जानकारों का कहना है कि विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से ही कमाई का नया तरीका अपनाया है। अब वे सेकंडरी मार्केट से पैसा निकालकर प्राइमरी मार्केट में लगा रहे हैं और उससे मुनाफा कमाने में जुटे हुए हैं। इसका मतलब है कि एफपीआई का फोकस आईपीओ से पैसा बनाने पर है। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड ने बीते दिनों आंकड़े जारी किए। इसके अनुसार विदेशी निवेशक अब आईपीओ और प्रिफरेंशियल शेयर सेल्स सहित उनकी प्राइमरी मार्केट में जम कर खरीदारी कर रहे हैं। विदेशी निवेशकों की इस साल की खरीदारी 11.5 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई है। आईपीओ बाजार में निवेश का पुराना रिकार्ड साल 2021 में बना था। अब उन्होंने साल 2021 का अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साल 2021 में विदेशी निवेशकों ने प्राइमरी मार्केट में 10.8 बिलियन डॉलर लगाए थे। इसके विपरीत इस साल ग्लोबल फंड्स ने शेयर बाजार के दोनों एक्सचेंजों पर 13 बिलियन डॉलर से ज्यादा के शेयर बेचे हैं। तभी तो बीएसई और एनएसई के प्रमुख सूचकांकों में करेक्शन दिख रहा है।

मीडिया रिपोर्ट में डीआरचोकसी फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि विदेशी निवेशक अब कई कंपनियों के आईपीओ में निवेश कर रहे हैं, क्योंकि उनमें बहुत तेज गति से रिटर्न जेनरेट करने की क्षमता है। वहीं दूसरी ओर सेकंडरी मार्केट में मुनाफावसूली का प्रमुख कारण हाई वैल्यूएशन है।

# अगले हफ्ते खुलेगा आभा पावर एंड स्टील का आईपीओ

### - आईपीओ का प्राइस बैंड 75 रुपये प्रति शेयर है

**नई दिल्ली ।**

छत्तीसगढ़ स्थित आभा पावर एंड स्टील कंपनी अपना पहला पब्लिक इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 27 नवंबर को खोलेगी। इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने 38.5 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। आईपीओ का प्राइस बैंड 75 रुपये प्रति शेयर है और इसमें 41.39 लाख फ्रेश इश्यू शेयर और प्रमोटर सुभाष चंद अग्रवाल द्वारा 10 लाख शेयर के ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) का मिश्रण है। यह एक फिक्स प्राइस इश्यू है और निवेशक न्यूनतम और अधिकतम 1,600 इक्विटी शेयरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आईपीओ में निवेश की सीमा को 2 लाख रुपये तक रखा गया है, जिससे एक बड़ी भागीदारी के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। आभा पावर एंड स्टील का आईपीओ 27 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने जा रहा है और सब्सक्राइब की तारीख 29 नवंबर है। आईपीओ का आवंटन 2 दिसंबरको होने की उम्मीद है। इसकी लिस्टिंग तारीख 4 दिसंबर है, जिस पर इसे एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट किया जाएगा। आभा पावर एंड स्टील कंपनी छत्तीसगढ़ में दो





मैन्युफैक्चरिंग प्लांट संचालित करती है, जिनकी कुल इंस्टॉल्ड क्षमता 14,400 एमटीपीए है। कंपनी लोहे और स्टील के कस्टमाइज्ड उत्पादों की कास्टिंग और निर्माण करती है। इसके अलावा, कंपनी आरडीएसओ प्रमाणित वेंडर है और भविष्य में अपनी निर्भरता घटाने की योजना बना रही है।

# 2025 में शेयर बाजार में 15 फीसदी तक की रिकवरी होने का अनुमान

### - घरेलू स्तर पर भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 2025 में 6.3 फीसदी रहने का अनुमान

**मुंबई ।** इस समय घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है लेकिन गोल्डमैन सैक्स ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर अपना अनुमान जताया है कि 2025 में भारतीय शेयर बाजार में 15 फीसदी तक की रिकवरी देखने को मिल सकती है। इसके साथ ही निफ्टी 50 के 27,000 तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि सितंबर 2024 के शिखर से वर्तमान में 9.5 फीसदी की गिरावट से उबरने की संभावना है। उन्होंने आईटी और फार्मा सेक्टर्स को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया है। इन सेक्टर्स को क्रमशः ओवरवेट और मार्केट वेट में बढ़ाया गया है। आईटी और फार्मा सेक्टर्स को वैश्विक मांग में सुधार, कमजोर रुपए और उनकी रक्षात्मक विशेषताओं से लाभ हो सकता है। आईटी सेक्टर को ओवरवेट में अपग्रेड किया गया है, खासकर निर्यात पर केंद्रित कंपनियों के कारण, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय राजस्व में सुधार का लाभ मिल रहा है। फार्मा को मार्केट वेट में बढ़ाया गया है, इसके रक्षात्मक गुण और स्थिर मार्जिन की वजह से। अनुमान के मुतो बिक निफ्टी 50 अगले तीन महीनों में केवल 2 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,000 तक सीमित रह सकता है। ब्रोकरेज ने कहा कि एमएससीआई इंडिया का फॉरवर्ड प्राइस-टू-अर्निंग अनुपात 8 फीसदी गिरकर 22.7 गुना पर आ गया है। घरेलू स्तर पर भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 2025 में 6.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जो 2024 में 6.7 फीसदी से कम है।

# ज़किा लॉजिस्टिक्स का शेयर करीब तीन प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध

### - बीएसई पर शेयर की शुरुआत निर्गम मूल्य से 2.21 प्रतिशत बढ़कर 279.05 रुपए पर हुई

**नई दिल्ली ।** ट्रक संचालकों के लिए जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्युशंस लिमिटेड ने एक उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। जिनके शेयर शुक्रवार को बीएसई पर लॉन्च हुए और लगभग तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुए। इसके निर्माण में शेयर की शुरुआती कीमत 2.21 प्रतिशत ऊपर बैंड करने के बावजूद, बाद में शेयर में 3.44 प्रतिशत की गिरावट आई। एनएसई पर शेयर 2.89 प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध हुए, लेकिन इसके बाद गिरकर 264.65 रुपये पर पहुंच गए। इन संकेतों के बावजूद जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्युशंस लिमिटेड ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश को सफलतापूर्वक पूरा किया। इसमें बिक्री का मूल्य 259-273 रुपये प्रति शेयर रखा गया था। कंपनी ने आईपीओ में 550 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर जारी किए गए, जिससे 2.06 करोड़ शेयरों की बिक्री हुई। इस सफलता से स्पष्ट होता है कि ट्रक संचालकों को डिजिटल मंच पर बहुत उम्मीद है और उन्हें इस नवाचारिक सॉल्युशंस से बहुत लाभ हो सकता है।



# एचएमएसआई सीआरएफ1100 अफ्रीका ट्विन की कुछ इकाइयां वापस मंगाएगी

**नई दिल्ली ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने कहा कि वह थ्रॉटल ऑपरेशन (इंजन) से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने के लिए सीआरएफ1100 अफ्रीका ट्विन की कुछ इकाइयों को वापस मंगा रही है। कंपनी ने कहा कि स्वैच्छिक वापसी वैश्विक बाजार की कार्रवाई के अनुरूप है। यह निर्देश फरवरी, 2022 और अक्टूबर, 2022 के बीच बनीं इस रोमांचक मोटरसाइकिल की कुछ इकाइयों को प्रभावित करेगा। एचएमएसआई ने कहा कि कंपनी ने मोटरसाइकिल की इंजन संबंधी एक खामी की पहचान की है। इसमें कहा गया है कि एक्सीलरेशन के दौरान, पहिया नियंत्रण प्रणाली अप्रत्याशित रूप से सक्रिय हो सकती है, जिससे कुछ मामलों में संतुलन बिगड़ सकता है। एचएमएसआई ने कहा कि सुधारात्मक उपाय के रूप में होंडा प्रभावित मोटरसाइकिलों में ईसीयू सॉफ्टवेयर को सही प्रोग्रामिंग के साथ अपडेट करेगी। बयान में कहा गया है कि वाहन की वारंटी स्थिति पर ध्यान दिए बिना यह कार्य निःशुल्क किया जाएगा।

# ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं: आरबीआई

### - स्थिर मुद्रास्फीति जनता और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम हित में है

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए इसके रेपो दरों में कटौती करने की तैयारी में है, लेकिन इसकी कोई संभावना अभी तक दिख रही है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दोहराया है कि मुद्रास्फीति के खिलाफ केंद्रीय बैंक की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं। दास ने ग्लोबल साउथ के केंद्रीय बैंकों के सम्मेलन में अपने भाषण में कहा कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने की प्रतिबद्धता पर जोर देने के साथ ही हमें सहनशीलता सीमा के भीतर रहना पर्याप्त नहीं है। गवर्नर ने कहा कि मजबूत विकास ने हमें मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करने की जगह दी है ताकि इसे 4 फीसदी के लक्ष्य तक स्थायी रूप से लाया जा सके। स्थिर मुद्रास्फीति जनता और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम हित में है और विकास की आधारशिला के रूप में कार्य करती है। वाणिज्य मंत्री और वित्त मंत्री दोनों ने हाल ही में कम मुद्रास्फीति के लिए जोर दिया है, जबकि आरबीआई ने रेपो दर में बदलाव नहीं किया है। कमी में ब्याज दरों में इसी मिसाल दी गई है जिसे सूचित करने का सुझाव दिया गया है। यह बड़ी रणनीतिक बदलावों के दौर में सूचित करता है जो मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए किए गए हैं।

# ब्रिक्सटन लांच की अपनी 4 नई बाइक्स

**नईदिल्ली ।**

भारतीय बाजार में ब्रिक्सटन कंपनी ने अपनी 4 नई बाइक्स लॉन्च की हैं। इन बाइक्स का मुकाबला रॉयल एनफील्ड, केटीएम और हार्ले डेविडसन जैसी कंपनियों से होगा। आस्ट्रेलियाई कंपनी ब्रिक्सटन ने क्रॉसफायर और क्रॉमवेल रेंज की बाइक्स पेश की हैं, जिनकी कीमतें 4.74 लाख रुपये से लेकर 9.11 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक हैं। कंपनी इन बाइक्स को कंप्लीटली नॉक्ड डाउन रूट के जरिए भारत में लाएगी, और इन्हें कोल्हापुर स्थित केएडब्ल्यू वेलोस मोटर्स की फैक्ट्री में असेंबल किया जाएगा। यही कारण है कि इन बाइक्स की कीमत थोड़ी ज्यादा है, लेकिन कंपनी भारत में लोकल प्रोडक्शन शुरू करने की योजना बना रही है, जिससे भविष्य में इनकी कीमतें कम हो सकती हैं। बाइक्स की डिलीवरी जनवरी 2025 से शुरू होने की संभावना है। क्रॉसफायर 500एक्स और 500एक्ससी मॉडल नियो-रेट्रो डिज़ाइन में हैं। इन बाइक्स में 486 सीसी का लिक्विड कूल्ड इंजन है, जो 46 बीएचपी की पावर और 43 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। इनकी कीमत क्रमशः 4.74 लाख रुपये और 5.19 लाख रुपये रखी गई है। क्रॉमवेल 1200 और 1200एक्स मॉडल में 1222 सीसी का पैरलल ट्विन इंजन है, जो 82बीएचपी पावर और 108 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है। क्रॉमवेल 1200 की कीमत 7.84 लाख रुपये और 1200एक्स की कीमत 9.11 लाख रुपये है।

# जेप्टो ने घरेलू वित्तपोषण चरण में जुटाए 35 करोड़ डॉलर

### - वित्तपोषण अभियान में कई पारिवारिक कार्यालयों और निवेशक शा मिल हुए

नई दिल्ली ।

त्वरित वाणिज्य कंपनी जेप्टो ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वह अपने हालिया वित्तपोषण (फंडरेजिंग) दौर में 35 करोड़ डॉलर जुटाएगा। कंपनी ने इसे भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के अंदर 100 प्रतिशत घरेलू वित्तपोषण जुटाने का प्रतीक बताया है। इस चरण में भारतीय एचएनआई, पारिवारिक कार्यालय और अग्रणी वित्तीय संस्थानों से निवेश शामिल हैं। इस वित्तपोषण दौर का नेतृत्व विशेष रूप से मोतीलाल ओसवाल के प्राइवेट वेल्थ डिवीजन द्वारा किया गया। इस वित्तपोषण अभियान में कई पारिवारिक कार्यालयों और निवेशक शा मिल हुए। जेप्टो ने कहा कि यह दौर परिवर्तनकारी स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए भारतीय निवेशकों की बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जेप्टो ने कहा कि यह ऐतिहासिक वित्तपोषण ऐसे समय में हुआ है जब भारत की अर्थव्यवस्था घरेलू स्तर पर संचालित वृद्धि की ओर तेजी से बढ़ रही है। जेप्टो के एक व रिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जब हमने यह उद्यम शुरू किया था, तो घरेलू निवेशकों में जोखिम उठाने की क्षमता सीमित थी, खासकर 18 साल के युवाओं पर भरोसा करने की। आज हम भारत की आर्थिक वृद्धि में एक ऐसे स्थान पर पहुंचकर गौरवान्वित हैं, जहां हमने न केवल उस भरोसे को बढ़ावा दिया है, बल्कि इस परिमाण के धन जुटाने का भी नेतृत्व किया है। उम्मीद है कि आने वाले स्टार्टअप के लिए यह एक मिसाल कायम करेगा।

# शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद

### सेंसेक्स 1961, निफ्टी 557 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**





घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को भारी बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आया है। इसके साथ ही आज घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीद और अमेरिकी बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से भी बाजार को बल मिला। बैंक ऑटो और आईटी शेयरों में तेजी से भी बाजार ऊपर आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1961.32 अंक करीब 2.54 फीसदी बढ़कर 79,117.11 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 557.35 अंक तकरीबन 2.39 फीसदी ऊपर आकर 23,907.25 पर बंद हुआ। आज बाजार में सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में बढ़त देखी गई। एसबीआई, टीसीएस, टाइटन, आईटीसी और इंफोसिस सेंसेक्स के सभी बढ़त वाले शेयरों में रहे। वहीं निफ्टी के 50 में से 49 शेयर तेजी पर बंद हुए। सबसे ज्यादा बढ़त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाइटन कंपनी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक के शेयरों में बढ़त आई। केवल बजाज ऑटो के शेयर ही नीचे आये। बाजार जानकारों के अनुसार भारतीय बाजार में बड़ी कंपनियों के स्टॉक्स में सस्ते दाम पर खरीदारी से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। डॉलर इंडेक्स में बढ़ोतरी से भी आईटी स्टॉक्स की मांग बढ़ी।

इसके अलावा, महाराष्ट्र चुनाव के एग्जिट पोल्स में महायुति गठबंधन को बढ़त मिलने की संभावना से भी बाजार में सकारात्मक माहौल रहा है। वहीं गत कारोबार सत्र में बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के साथ कारोबार देखा जा रहा है। सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 750 अंक की तेजी के साथ 77,920 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 230 अंक की तेजी है, ये 23,580 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.02 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 1.10 फीसदी की तेजी है। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.46 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। गत दिवस अमेरिका का डाओ जोंस 1.06 फीसदी चढ़कर 43,870 पर और एसएंडपी 500 0.53 फीसदी बढ़कर 5,948 पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 0.033 फीसदी चढ़कर 18,972 पर बंद हुआ।

# केन्या सरकार ने अडानी ग्रुप के प्रोजेक्ट्स को रद्द करने का ऐलान किया

### - अडानी समूह के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप का मामला

**नई दिल्ली ।**

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने अडानी ग्रुप से जुड़ी दो प्रमुख परियोजनाओं को रद्द करने की घोषणा की। यह कदम अमेरिकी अदालत द्वारा गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद उठाया गया है। उन पर भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देकर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने का आरोप है। पहला केन्या के मुख्य हवाई अड्डे के विस्तार के लिए खरीद प्रक्रिया थी, जबकि दूसरा पावर ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण के लिए 700 मिलियन डॉलर का ऊर्जा सौदा था, जिस पर पहले ऊर्जा मंत्रालय ने अडानी समूह की सहायक कंपनी के साथ हस्ताक्षर किए थे। बिजनेसमैन गौतम अडानी पर अमेरिकी कोर्ट ने भारत में सोलर कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए मन मुताबिक शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ डॉलर (लगभग 2,200 करोड़ रुपए) की रिश्वत देने का आरोप लगाया है। भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अडानी तथा उनके भतीजे सागर अडानी सहित सात अन्य पर महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इसमें अधिकारियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। अडानी समूह ने 2021 में स्थानीय रूप से विनिर्मित सौर सेल और मॉड्यूल आधारित संयंत्रों का उपयोग करके उत्पन्न 8,000 मेगावाट (आठ गीगावाट) बिजली की आपूर्ति के लिए बोली जीती थी, लेकिन समूह बिजली खरीदने वाली राज्य सरकारों की मूल्य अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका। अमेरिकी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों में अडानी पर रिश्वत देने और प्रतिभूति धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।



इसमें न्यूयॉर्क की एक अदालत में अमेरिकी न्याय विभाग की तरफ से दायर एक आपराधिक मामला है। इसमें उन पर और उनके भतीजे सागर सहित सात अन्य लोगों पर आरोप लगाया गया है। इसके अलावा, अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने गौतम और सागर अडानी तथा एज्योर पावर के एक कार्यकारी पर संघीय प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी रोधक प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस बीच अडानी समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया और उन्हें निराधार बताया है।

# 'बादल पे पांव है' में बानी ने रजत को तलाक के कागजात सौंपे

**मुंबई :** सोनी सब के 'बादल पे पांव है' के आगामी एपिसोड में बानी अपने वकील माहिर की मदद से अपने तलाक के नोटिस को



अंतिम रूप देती है और कागजात रजत को सौंप देती है। जहाँ लावण्या हैरान है, वहीं मन ही मन खुश भी है, रजत हैरान और दुखी है। इस अप्रत्याशित मोड़ ने लावण्या और रजत को चौंका दिया, जबकि परिवार को समाधान की उम्मीद है।

क्या यह आखिरी मौका बानी और रजत को करीब लाएगा, या लावण्या की साजिशें उन्हें हमेशा के लिए अलग कर देंगी? अदालत ने उन्हें साथ रहने का आदेश दिया है, उम्मीद है कि यह मजबूरी की निकटता उन्हें आखिरकार बात करने और गलतफहमियों को दूर करने का मौका दे सकती है।

# महाराष्ट्र में सिर चढ़कर बोला नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता का जादू

कृष्णमोहन झा

महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में भाजपा की सुनामी ने केवल विपक्ष ही नहीं, सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य दलों को भी आश्चर्यचकित कर दिया है। गौरतलब है कि भाजपा ने 288 सदस्यीय विधानसभा की 149 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे जिनमें 127 उम्मीदवार अपने अपने चुनाव क्षेत्रों में बढ़त बनाए हुए हैं। इस तरह उसका स्ट्राइक रेट 86 प्रतिशत है। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है।

महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की करिश्माई लोकप्रियता पर न केवल मुहर लगा दी है बल्कि यह भी यह साबित कर दिया है कि नरेंद्र मोदी की इस करिश्माई लोकप्रियता को चुनौती देने की ताकत देश के किसी राजनीतिक दल में नहीं है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ महायुति ने विधानसभा में बहुमत हासिल कर प्रमुख विपक्षी दलों कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एन सी पी की सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। दरअसल इन तीनों पार्टियों ने यह मान लिया था कि जिस तरह पिछले लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के मतदाताओं ने उन्हें अपना व्यापक दिया था उसकी पुनरावृत्ति राज्य विधानसभा के चुनावों में होना बिल्कुल तय है लेकिन मतगणना के रुझानों में शुरू से ही महायुति ने अपनी बढ़त बनाने का जो सिलसिला प्रारंभ किया वह पूरी मतगणना के दौरान कभी भी बाधित नहीं हुआ और अंततः महायुति के पक्ष में जो जनादेश आया उसमें महाविकास अगाड़ी के घटक दलों को सदन के अंदर विपक्ष में बैठकर आत्ममंथन करने का संदेश छुपा हुआ था। महाविकास अगाड़ी के प्रमुख घटक दल शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को महायुति की प्रचंड जीत ने हक्का बक्का कर दिया है। उसके प्रवक्ता संजय राऊत ने यहां तक कह दिया कि इन चुनाव परिणामों में कुछ तो गडबड है। यह महाराष्ट्र की जनता का फैसला हो ही नहीं सकता। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में मूल शिव सेना के कुछ विधायकों ने एक नाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी से बगावत कर भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई थी इसके अलावा शरद पवार की एनसीपी के कुछ विधायकों ने भी अजित पवार के नेतृत्व में पार्टी से विद्रोह कर महायुति सरकार में



शामिल होने का फैसला किया था। इन चुनावों में शिव सेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) यह उम्मीद लगाए बैठे थे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की करिश्माई लोकप्रियता भी एकनाथ शिंदे और अजित पवार को महाराष्ट्र के मतदाताओं का कोपभाजन बनने से नहीं रोक पाएगी परंतु चुनाव परिणामों ने उन्हें एकदम सदमे की स्थिति में पहुंचा दिया है। चुनाव परिणामों में गड़बड़ी की आशंका व्यक्त करने वाले महाविकास अगाड़ी के घटक दलों को इस सवाल का जवाब अपने अंदर ही खोजना होगा कि लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के मतदाताओं ने उन्हें जो समर्थन प्रदान किया था उस पर कायम रहने के लिए वे राज्य के मतदाताओं को राजी क्यों नहीं कर पाए। महाराष्ट्र विधानसभा के इन चुनावों में भाजपा ने अभूतपूर्व विजय प्राप्त कर इतिहास रच दिया है और स्वाभाविक रूप से अब वह महायुति सरकार के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर उसका अधिकार होगा। एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी की तुलना में दुगनी से भी अधिक सीटों पर जीत हासिल करने वाली भाजपा को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपने के लिए एक नाथ शिंदे को राजी करने में भाजपा को कोई दिक्कत पेश होने का तो कोई सवाल ही नहीं उठता। अगर भाजपा चाहेगी तो सत्ता में बने रहने के लिए एकनाथ शिंदे को यह त्याग अब खुशी खुशी करना होगा। राज्य में सत्ता परिवर्तन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस भी ऐसा ही उदाहरण पेश कर चुके हैं। अब यह उत्सुकता का विषय है कि महायुति की नयी सरकार का नेतृत्व करने का गौरव देवेन्द्र फडनवीस अर्जित करते हैं अथवा पार्टी उन्हें कोई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपती है लेकिन इसमें दो राय नहीं हो सकती कि महाराष्ट्र विधानसभा के इन चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत में देवेन्द्र फडनवीस ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महाराष्ट्र भाजपा के अंदर से यह मांग उठने भी लगी है। इन चुनाव परिणामों ने महाराष्ट्र की राजनीति में देवेन्द्र फडनवीस के कद को बहुत ऊंचा कर दिया है और पार्टी की प्रदेश राजनीति में उन्हें पार्टी के अंदर चुनौती देने का साहस कोई नहीं कर सकता। एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने भी चुनाव जीत कर अपनी अहमियत दिखा दी है लेकिन महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में भाजपा की सुनामी ने केवल विपक्ष ही नहीं, सत्तारूढ़ गठबंधन के अन्य दलों को भी आश्चर्यचकित कर दिया है। गौरतलब है कि भाजपा ने 288 सदस्यीय विधानसभा की 149 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे जिनमें 127 उम्मीदवार अपने अपने चुनाव क्षेत्रों में बढ़त बनाए हुए हैं। इस तरह उसका स्ट्राइक रेट 86 प्रतिशत है। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है।

## संपादकीय

### बैकफुट पर कनाड़ा

कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को अपनी ना समझी और शरारतपूर्ण रवैये के कारण एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के सामने शर्मसार होना पड़ा है। भारत सरकार के कड़े विरोध के बाद उनकी सरकार को बयान जारी करके यह कहना पड़ा है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की किसी तरह की भूमिका नहीं है। इतना ही नहीं बल्कि कनाडा ने 'द ग्लोब एंड मेल' में प्रकाशित उसे दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि निज्जर की हत्या में भारत के शीर्ष नेतृत्व का हाथ है। 18 जून 2023 में खालिस्तान समर्थक आतंकवादी निज्जर की हत्या कनाडा के सरे स्थित एक गुरु द्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भारत के खिलाफ पश्चिमी देशों की मीडिया हमेशा से विषवमन करती रही है। पिछले वर्ष सितम्बर में अमेरिका और पश्चिमी देशों की मीडिया में भारत विरोधी दुष्प्रचार का दौर शुरू हुआ था। 'द न्यूयार्क टाइम्स', 'द इकोनॉमिस्ट' और 'टाइम मैगजीन' जैसे पत्रझपत्रिकाओं ने आतंकवादी की हत्या के लिए भारतीय एजेंसियों को दोषी ठहराया था भारतीय मीडिया में आतंकवादी। भारतीय मीडिया में आतंकवादी निज्जर की हत्या को लेकर प्रायः एक जैसी राय है कि कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोप निराधार और शरारतपूर्ण हैं। मोदी सरकार का विरोध करने वाले समीक्षक भी ट्रूडो के आरोपों को खारिज करते हैं। जस्टिन ट्रूडो को यह समझना होगा कि उनकी नासमझी और शरारत के कारण अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ही नहीं बल्कि भारत के राजनीतिक-सामाजिक जीवन में भी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। पिछले कुछ वषाड्डु से कनाडा और भारत के रिश्तों में तल्खी आई है। एक महीना पूर्व कनाडा ने भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और कुछ अन्य राजनीतिकों पर निज्जर की हत्या के मामले में संलिप्तता का आरोप लगाया था जिसके बाद भारत ने अपने छह राजनयिकों को वापस बुला लिया था। उसके बाद से दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण चल रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि कनाडा सरकार अगर इस तरह का भारत विरोधी अभियान चलाती रही तो दोनों देशों के रिश्तों में और तल्खी आएगी। कनाडा सरकार भारत विरोधी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानती है जो कि पूरी तरह गलत है। मोदी सरकार के तेवरों से स्पष्ट है कि भारत अब इन शरारतपूर्ण कार्रवाइयों को बर्दाश्त नहीं करेगी। अब आगे दोनों देशों के रिश्ते इस बात पर निर्भर करेंगे कि कनाडा अपने यहां खालिस्तानी तत्वों के बारे में कैसा रवैया अपनाते है?



## चिंतन-मनन

### बद्धजीव का कर्मक्षेत्र

अर्जुन प्रकृति, पुरुष, क्षेत्र, क्षेत्रज्ञ, ज्ञान तथा ज्ञेय के विषय में जानने का इच्छुक था। जब उसने इनके विषय में पूछा तो कृष्ण ने कहा कि यह शरीर क्षेत्र कहलाता है और इस शरीर को जानने वाला क्षेत्रज्ञ है। यह शरीर बद्धजीव के लिए कर्म-क्षेत्र है। बद्धजीव इस संसार में बंधा हुआ है और वह भौतिक प्रकृति पर अपना प्रभुत्व प्राप्त करने का प्रयत्न करता है। इस प्रकार प्रकृति पर प्रभुत्व दिखाने की क्षमता के अनुसार उसे कर्म-क्षेत्र प्राप्त होता है। यह कर्म-क्षेत्र शरीर है। और यह शरीर क्या है? शरीर इन्द्रियों से बना हुआ है। बद्धजीव इन्द्रियतृप्ति चाहता है, और इन्द्रियतृप्ति को भोगने की क्षमता के अनुसार ही उसे शरीर या कर्म-क्षेत्र प्रदान किया जाता है। इसीलिए बद्धजीव के लिए शरीर क्षेत्र अथवा कर्मक्षेत्र कहलाता है।

जो व्यक्ति अपने को शरीर मानता है, वह क्षेत्रज्ञ कहलाता है। क्षेत्र तथा क्षेत्रज्ञ अथवा शरीर और शरीर के ज्ञाता (देही) का अन्तर समझ पाना कठिन नहीं है। कोई भी व्यक्ति सोच सकता है कि बाल्यकाल से वृद्धावस्था तक उसमें अनेक परिवर्तन होते रहते हैं, फिर भी वह व्यक्ति वही रहता है। इस प्रकार कर्म-क्षेत्र के ज्ञाता तथा वास्तविक कर्म-क्षेत्र में अन्तर है। एक बद्धजीव जान सकता है कि वह अपने शरीर से भिन्न है। बताया गया है कि जीव शरीर के भीतर है और यह शरीर बालक से किशोर, किशोर से तरुण तथा तरुण से वृद्ध के रूप में बदलता जाता है और शरीरधारी जानता है कि शरीर परिवर्तित हो रहा है। स्वामी स्पष्टतः क्षेत्रज्ञ है।

कभी-कभी हम सोचते हैं। मैं सुखी हूं, मैं पुरुष हूं, मैं स्त्री हूं। यह ज्ञाता की शारीरिक उपाधियां हैं, लेकिन ज्ञाता शरीर से भिन्न होता है। भले ही हम तरह-तरह की वस्तुएं प्रयोग में लाएं- जैसे कपड़े इत्यादि, लेकिन हम जानते हैं कि हम इन वस्तुओं से भिन्न हैं। इसी प्रकार, थोड़ा विचार करने पर हम यह भी जानते हैं कि हम शरीर से भिन्न हैं। मैं, तुम या अन्य कोई जिसने शरीर धारण कर रखा है, क्षेत्रज्ञ कहलाता है- अर्थात वह कर्म-क्षेत्र का ज्ञाता है और यह शरीर क्षेत्र है- साक्षात कर्म-क्षेत्र है।

# क्या अब मणिपुर पर भी फिल्म बनेगी....?



मुस्ताअली बोहरा



गोधरा कांडः फिर ताजा हो गए जख्म...
गोधरा कांड को एक बार फिर पर्दे पर उतारा गया है। द साबरमती रिपोर्ट नाम से आई इस फिल्म की तारीफ खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित और भी भाजपाई दिग्गज कर चुके हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सूबे में इस फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया है। ऐसा नहीं है कि गोधरा कांड पर ये पहली फिल्म है। इससे पहले 2018 में गोधरा, जुलाई 2024 में दुर्घटना या साजिशः गोधरा चेप्टर 1 रिलीज हो चुकी है। इसके अलावा चेतन भगत के उपन्यास, 3 मिस्टेक्स ऑफ माई लाइफ पर आधारित काई पो चे फिल्म 2013 में रिलीज हुई थी जिसमें गोधरा कांड के बाद तीन दोस्तों में साम्प्रदायिक मतभेद पैदा हो जाते हैं। वर्ष 2008 में नंदिता दास की मल्टीस्टारर निर्देशन वाली फिल्म आई थी फिराक। ये गोधरा दंगों के बाद की स्थिति और आम लोगों के जीवन पर इसके प्रभावों पर आधारित एक दमदार फिल्म थी। राहुल ढोलकिया द्वारा निर्देशित पहली फिल्म थी परजानिया। 2007 में आई यह फिल्म एक पारसी लड़के परजान पिथावाला की सच्ची कहानी पर आधारित थी, जो 2002 के गुलबर्ग सोसाइटी हत्याकांड के बाद लापता हो गया था। यह उस परिवार के संघर्षों को दशार्ता है, जो अपने लड़के की तलाश कर रहा है। 2005 में एक फिल्म आई थी चांद बुझ गया। चांद बुझ गया हिंदू-मुस्लिम प्रेम कहानी पर आधारित थी जिसकी पृष्ठभूमि गोधरा ट्रेन अग्निकांड था।

फिल्म द साबरमती रिपोर्ट 27 फरवरी 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड पर आधारित है। गोधरा स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस की बोगी नंबर एस 6 में आग लगा दी गई थी। इस घटना में अयोध्या से लौट रहे 59 हिंदू कारसेवक जिंदा जल गए थे। मरने वालों में 27 महिलाएं और 10 बच्चे भी शामिल थे। उसके बाद पूरे गुजरात में दंगे भड़क गए थे। उस समय गुजरात के मुख्यनमंत्री नरेन्द्र मोदी थे।

27 फरवरी 2002 की सुबह मुजफ्फरनगर से निकली साबरमती एक्सप्रेस गोधरा पहुंचीं थी। ट्रेन करीब चार घंटे की देरी से चल रही थी। अहमदाबाद जा रही ट्रेन में तकरीबन 2 हजार कारसेवक अयोध्या से सवार हुए थे। ये सभी विश्व हिंदू परिषद के बुलावे पर पूणार्हुति महायज्ञ में भाग लेने अयोध्या गए थे। यह महायज्ञ राम मंदिर आंदोलन का एक हिस्सा था। साबरमती एक्सप्रेस अभी गोधरा स्टेशन पर पहुंची ही थी कि भीड़ ने धावा बोल दिया। एस 6 कोच में बाहर से आग लगा दी गई। कोच में सवार 59 यात्री जलकर मर गए। उनमें 27 महिलाएं और 10 बच्चे शामिल थे। ट्रेन में सवार 48 अन्य यात्री जख्मी हो गए थे। गोधरा में ट्रेन जलाए जाने का परिणाम पूरे गुजरात में दंगों की शक्ल में सामने आया। केंद्र सरकार ने वर्ष 2005 में राज्यसभा को बताया था कि सन 2002 के गुजरात में हुए दंगों में 254 हिंदुओं और 790 मुसलमानों की जान गई थी। कुल 223 लोग लापता बताए गए थे, हजारों लोग बेघर भी हो गए थे। इसके अलावा सैकड़ों करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ था। द साबरमती रिपोर्ट फिल्म के रिलीज होने के साथ इससे जुड़े और भी कई घटनाक्रम ताजा हो गए है। इन्हीं में से एक थी अमेरिका की वो रिपोर्ट जिसके सामने आने के बाद राजनीति भूचाल आ गया था। अमेरि?का के एक सरकारी आयोग ने अमेरि?की सरकार से कहा था कि वह गुजरात के मुख्युमंत्री नरेंद्र मोदी के वीजा पर बैन कायम रखे। आयोग के जि?स पैनल ने अमेरि?की सरकार से यह अनुशंसा की थी उसका कहना था कि 2002 में गुजरात दंगों में नरेंद्र मोदी की भी भूमिका थी। यूएस कमीशन फॉर इंटरनेशनल रि?लीजि?यस फ्रीडम ने यह अनुशंसा अपनी वार्षिक रि?पोर्ट में की थी।

गोधरा कांड और गुजरात दंगों के मामले में जांच भी हुई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी के वकील ने नरेन्द्र मोदी पर लगे आरोपों पर कहा था कि मोदी ने कभी नहीं कहा कि जाइए और लोगों की हत्या कीजिए। एसआईटी ने जकिया जाफरी की शिकायत की जांच करने के बाद 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामले में गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट दे दी थी। एसआईटी के वकील आरएस जमुआर ने कहा था कि सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और अन्य ने मुख्यमंत्री को निशाना बनाकर झूठी शिकायत दर्ज करवाई। मुख्यमंत्री ने कभी भी जाकर लोगों की हत्या करने की बात नहीं कही। मालूम हो कि गोधरा कांड के एक दिन बाद 28 फरवरी को अहमदाबाद की गुलबर्ग हाउसिंग सोसायटी में बेकाबू भीड़ ने 69 लोगों की हत्या कर दी थी। मरने वालों में उसी सोसाइटी में रहने वाले कांग्रेस के पूर्व सांसद अहसान जाफरी भी शामिल थे। इन दंगों से राज्य में हालात इस कदर बिगड़ गए कि स्थिति काबू में करने के लिए तीसरे दिन सेना उतारनी पड़ी।गुजरात दंगों में मारे गए कांग्रेस के पूर्व सांसद अहसान जाफरी की पत्नीत जाकि?या ने आरोप लगाते हुए अपने पति की हत्या के लिए नरेंद्र मोदी को जिम्मेदार ठहराया था। जकिया जाफरी ने कहा था कि जब उनके पति ने मोदी को फोन किया तो जवाब मिला था जाफरी अब तुम अकेले हो, खुद को बचा सको तो बचा लो। नरसंहार के खिलाफ गठबंधन नामक संगठन की ओर से हैदर खान ने भी आरोप लगाते हुए कहा था कि तत्कालीन विधायक माया कोडनानी और पूर्व मंत्री अमित शाह को दोषी ठहराए गए हैं। इससे सिद्ध हो गया कि दंगों में मोदी प्रशासन का हाथ था।

मार्च 2002 में गोधरा कांड की जांच के लिए नानावटी-शाह आयोग बनाया गया था। हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज केजी शाह और सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जीटी नानावटी इसके सदस्य थे। आयोग ने अपनी रिपोर्ट का पहला हिस्सा सितंबर 2008 को पेश करते हुए गोधरा कांड को सोची-समझी साजिश बताया गया। साथ ही नरेंद्र मोदी, उनके मंत्रियों और सीनियर अफसरों को क्लीन चिट दी गई थी। सन 2009 में जस्टिस केजी शाह का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद गुजरात हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस अक्षय मेहता इसके सदस्य बने और तब आयोग का नाम नानावटी-मेहता आयोग हो गया। आयोग ने दिसंबर 2019 में अपनी रिपोर्ट का दूसरा हिस्सा पेश किया। दूसरे हिस्से में भी ज्यादातर वही बातें थीं जो पहले हिस्से में कही गईं थीं। गोधरा कांड के बाद चले मुकदमों में करीब 9 साल बाद 31 लोगों को दोषी ठहराया गया था। 2011 में कोर्ट ने 11 दोषियों को फांसी और 20 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बाद में अक्टूबर 2017 में गुजरात हाईकोर्ट ने 11 दोषियों की फांसी की सजा को भी उम्रकैद में बदल दिया था।

साल 2002 में गुजरात में हुए दंगों के समय नरोडा पाटिया हत्याकांड का जिक्र भी लाजमी हो जाता है। अहमदाबाद की स्पे शल कोर्ट ने इस मामले में 61 आरोपियों में से 32 को दोषी करार देते हुए 29 आरोपियों को बरी कर दिया था। इस हत्याकांड में 97 लोग मारे गए थे। इस दंगों में राज्य की पूर्व मंत्री माया कोडनानी और बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी को भी दोषी ठहराया गया था। इस मामले में तीन सौ से ज्यादा लोगों ने गवाही दी है। माया कोडनानी को अदालत ने जेल भेद दिया था।

खैर, चाहे साबरमती एक्सप्रेस मामला हो या फिर उसकी परिणती के स्वरूप हुए गुजरात में साम्प्रदायिक दंगे, ये सब आज भी आम आदमी को भीतर तक सालते हैं। हर वो शख्स जो इंसानियत का हिमायती है उसका दिल इन सब चीजों से दुखता है लेकिन राजनीतिक रोटियां सेंकने वाले ऐसे ही मसलों को हवा देते हैं। बहरहाल, कश्मीर पर भी फिल्म बन गई और गोधरा पर भी, क्या अब मणिपुर पर भी फिल्म बनेगी........?

# मोदी सरकारः मुसलमान सबसे बड़ा लाभार्थी



कौसर जहां



मुसलमानों को डर दिखाकर कांग्रेस इस देश में कई दशक तक शासन सत्ता में रही। मुसलमान आजादी के बाद भी कई दशकों तक हाशिये पर रहा, लेकिन कभी भी उसे मुख्यधारा में शामिल नहीं होने दिया गया। वजह सिर्फ एक थी मुसलमान को भय दिखा कर उसे अपना वोट बैंक बनाए रखना। मोदी राज में अब पुरानी धारणाएं पूरी तरह बदल गई हैं। जब देश के प्रधानमंत्री 140 करोड़ भारतीयों की बात करते हैं तो मुसलमान भी उनकी नीतियों में, उनके विकसित भारत के विजन में शामिल होता है।

हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम एक हैं, तो सेफ हैं तो देश के मुसलमान को डरने की जरूरत नहीं। क्योंकि यह नारा किसी एक समुदाय के लिए नहीं है, बल्कि उन सभी देशवासियों के लिए जिन्हें यहां की विविधता में एकता की संस्कृति पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी योजना में ऐसा नहीं किया कि कोई खुद को अलग महसूस करे। जहां तक विपक्ष की बात है तो उनके लिए यही कहा जा सकता है जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। उनको सब कुछ नकारात्मक ही दिखता है। सैकड़ों कल्याणकारी योजनाओं के केंद्र में सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र सर्वोपरि रहा यानी योजनाओं को किसी खांचे में नहीं बांटा गया और इनका लाभ सभी जरूरतमंद लोगों को मिला।

मुझे यह कहने में भी कोई संकोच नहीं कि इन योजनाओं का सबसे बड़ा लाभ देश की अल्पसंख्यक आबादी खास तौर पर मुसलमानों को मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना हो, मुफ्त राशन योजना हो, आयुष्मान स्कीम हो या अन्य कोई कल्याणकारी कार्यक्रम। लिस्ट उठा कर देख लीजिए कहीं कोई भेदभाव नहीं मिलेगा। लाभार्थियों में मुसलमान बड़ी संख्या में शामिल हैं। सच्चर कमेटी की सिफारिशों में देश के मुसलमान की बदहाली बयान की गई थी। कहना चाहूंगी कि यह रिपोर्ट कांग्रेस की विफलताओं का दस्तावेज भी था। क्योंकि मुसलमान सबसे ज्यादा बदहाल हुआ तो कांग्रेस के कई दशकों के कुशासन और राजनीतिक हथकंडे. की वजह से हुआ। कांग्रेस ने मुसलमानों को हाशिये पर रख कर उन्हें केवल वोट बैंक समझा। सच्चर रिपोर्ट कांग्रेस सरकारों के ही अधिसंख्य कार्यकाल पर आधारित थी। वे रिपोर्ट बनवाते रहे, अपनी ही विफलताओं को दिखा कर मुसलमानों को डराते रहे लेकिन उनकी भलाई के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन आज मैं फख्र फक्र के साथ कह सकती हूं कि हालात तेजी से बदल रहे हैं। अब मुसलमान तुष्टिकरण अस्वीकार्य है और संतुष्टिकरण सबकी भागीदारी का मूलमंत्र है। कांग्रेस के मुस्लिम आरक्षण के कर्नाटक मॉडल की हकीकत मुसलमान समझ रहा है। धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई आधार नहीं है। दुर्भाग्य से कांग्रेस और विपक्ष के पास इस तरह के राजनीतिक झुनझुनों के अलावा कोई और विजन नहीं है। कांग्रेस कर्नाटक में सरकारी पब्लिक टेंडर में 4 फीसद आरक्षण का सब्जबाग दिखा रही है और इसके उलट मोदी सरकार और भाजपा शासित राज्य सरकारें मुसलमान को जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समृद्धि का रास्ता दिखा रही हैं। पिछले दस वर्षों में मोदी प्रशासन के दौरान किए गए कई प्रयासों से अल्पसंख्यक समुदायों को लाभ हुआ है। अनुच्छेद 370 के खत्म होने से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, दोनों में अल्पसंख्यकों को समान अधिकार दिए गए हैं। पीएम ने सिखों के धर्म का अहम प्रतीक करतारपुर कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित किया। सभी हज प्रक्रियाएं कंप्यूटरीकृत हो गई हैं, जिससे ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।

हम नहीं भूल सकते कि पीएम मोदी जब सऊदी प्रिंस से मिले तो उन्होंने हज कोटा बढ़ाने का अनुरोध किया। यह दशार्ता है कि उनके लिए मुसलमान अल्पसंख्यक राजनीतिक हथियार नहीं है बल्कि उन्हें 140 करोड़ भारतीयों की समान चिंता है। रिकॉर्ड 2 लाख भारतीय मुसलमानों, जिनमें 48प्र. महिलाएं थीं, ने 2019 में हज यात्रा की। इसके अलावा, मोदी प्रशासन ने कई शहरों में 'हुनर हाट' शुरू किए जिससे हजारों अल्पसंख्यक समुदाय के कारीगरों, शिल्पकारों और पारंपरिक रसोइयों को मदद मिली। वक्फ संपत्तियों का उचित उपयोग और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वक्फ लीजिंग नियमों और वक्फ संपत्तियों की जीआई मैपिंग में सकारात्मक सुधार किए गए। वक्फ संशोधन का मकसद भी यही है । लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोगों को यह रास नहीं आ रहा। वे मुसलमान को बंधुआ बना कर रखना चाहते हैं। उसे लगातार गुमराह करने का अभियान चलाया जा रहा है।

मोदी सरकार 'सबका साथ-सबका विकास' कर रही है और इसका लक्ष्य राष्ट्रीय एकता को बनाए रखते हुए विकसित भारत का सफर तय करना है। 2009-14 तक यूपीए के कार्यकाल के दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को मात्र 11,208.20 करोड़ आवंटित किए गए थे, जबकि 2014 में कार्यभार संभालने वाली एनडीए सरकार ने २०१९ तक इस आवंटन को बढ़ा कर 17,715 करोड़ रुपये कर दिया जो यूपीए की तुलना में 58प्र. की सराहनीय वृद्धि है। इसके अलावा, 2023 तक यह आवंटन बढ़कर ?18,539.16 करोड़ हो गया है, जो यूपीए सरकार की तुलना में 65.4प्र. की महत्वपूर्ण वृद्धि है। आज का भारत तुष्टिकरण नहीं एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना के साथ सबके विकास की अवधारणा वाला देश है। (लेख में व्यक्त विचार निजी हैं)

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ 09 पटना झ 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# करण जौहर ने 'बागी 4' के लिए टाइगर श्रॉफ को दी शुभकामनाएं, साजिद को बताया दूरदर्शी



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म 'बागी 4' की घोषणा इसके पहले पोस्टर के साथ कर दी है। यह फिल्म टाइगर श्रॉफ अभिनीत बागी की चौथी किस्त है। फिल्म के पहले पोस्टर के सामने आने के बाद करण जौहर ने शुभकामनाएं दी हैं। करण ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा करते हुए लिखा, दूरदर्शी साजिद...नाडियाडवाला और टाइगर जैकी श्रॉफ के साथ उनके घातक संयोजन और एक ब्लॉकबस्टर यात्रा की शुरुआत के लिए बधाई। करण के इस पोस्ट से लगता है कि वह इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं।

### टाइगर श्रॉफ का दिखा खूंखार अंदाज

सोमवार को निर्माताओं ने बागी 4 से टाइगर श्रॉफ का दिलचस्प पोस्टर साझा करते हुए फिल्म की घोषणा की। पोस्टर में टाइगर हाथ में चाकू और पास में शराब की बोतल लिए टॉयलेट सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं। उनका चेहरा, दीवारें और फर्श खून से सना हुआ है। जबकि उनके चारों ओर कई शव पड़े हैं। बागी 4 का निर्देशन कन्नड़ फिल्म निर्माता ए हर्षा करेंगे, यह उनकी बॉलीवुड में पहली फिल्म है। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने नाडियाडवाला ग्रैंडसन बैनर तले किया है और यह 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### बागी फेंचाइजी

बागी फेंचाइजी की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी। इसका निर्देशन सब्बीर खान ने किया था। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और सुधीर बाबू मुख्य भूमिकाओं में थे। दूसरी किस्त, बागी 2 वर्ष 2018 में आई थी। अहमद खान द्वारा निर्देशित यह तेलुगु फिल्म क्षणम की रीमेक थी। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के साथ दिशा पटानी, मनोज बाजपेयी और रणदीप हुड्डा भी नजर आए थे।



# ये काली काली आंखें के साथ ओटीटी पर लौट रही हैं श्वेता त्रिपाठी

**अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी फिर लौट आई हैं। मिर्जापुर, मसान में उनकी काली काली आंखों ने खूब जलवा दिखाया और अब जिस कहानी के साथ वह ओटीटी पर लौट रही हैं, उसका तो नाम ही है, ये काली काली आंखें। इस सीरीज के दूसरे सीजन में उनके किरदार पर ही लोगों की निगाहें टिकने वाली हैं क्योंकि बाकी सारे किरदार इस कहानी में अपने पत्ते पिछले सीजन में ही खोल चुके हैं।**

श्वेता त्रिपाठी कहती हैं, मैं चाहती हूं कि मेरे किरदार मुझसे अलग हों और एक-दूसरे से भी अलग हों। मुझे वे दांव पसंद हैं जो उच्च ड्रामा के साथ आते हैं, जहां प्रत्येक किरदार की यात्रा गहन और प्रभावशाली लगती है। ये काली काली आंखें में शिखा का किरदार मेरे किरदार से बहुत अलग है और मैं उसकी दुनिया में कदम रखने की चुनौती का आनंद लेती हूं। सीरीज ये काली काली आखें के बारे में उनका कहना है, ये शो वास्तव में सवाल पूछता है कि आप प्यार के लिए कितनी दूर तक जाएंगे? इस सीजन में शिखा खुद को इसी यात्रा पर पाती है, और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो दर्शकों को गहराई में ले जाएगा और डराएगा भी। इस सीजन में, दर्शकों को मेरे किरदार का एक स्त्री और कमजोर पक्ष दिखाई देगा, फिर भी वह उग्र और दृढ़ है। यह जीवन में एक रोमांचक संतुलन है।

ये काली काली आंखे के दूसरे सीजन का नेटफ्लिक्स पर खास प्रचार प्रसार तो नहीं हो रहा है लिहाजा इसके कलाकार अपनी बातें अपनी टीम के जरिये ही दर्शकों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस सीरीज का पहला सीजन भी कुछ खास नहीं रहा। लेकिन, हां श्वेता को लोगों ने पसंद किया। इस बार भी वह कुछ नए कांड इस सीरीज में करने वाली हैं।

ीरीज में अपने किरदार के बारे में भी श्वेता ने खुलासा कर दिया है। वह बताती हैं, शिखा की दुनिया तब तबाह हो जाती है जब उसका सच्चा प्यार विक्रांत पूर्वा से शादी कर लेता है, जिससे वह खोई हुई और निराश महसूस करती है। स्वभाव से डरपोक और गैर-संघर्षशील, वह शुरू में दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए किसी भी सीमा को पार करने से बचती है। इस सीजन में शिखा का एक नया पक्ष सामने आने वाला है क्योंकि वह विक्रांत के साथ अपने प्यार के लिए लड़ने का फैसला करती है।




## जारी हुआ अग्नि का ट्रेलर

# फायरमैन के किरदार में प्रतीक गांधी

अग्नि का ट्रेलर सोशल मीडिया पर जारी हो गया है। 2 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के संघर्ष की कहानी को अलग तरीके से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में प्रतीक गांधी फायर ब्रिगेड कर्मचारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, मिर्जापुर के मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु को पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरुआत में कहा जाता है कि जब आग लगती है तो हम किसे बुलाते हैं..बच्चे कहते हैं भगवान को। तो फायर ब्रिगेड कर्मचारी पूछता है, और किसे तो जवाब आता है फायर ब्रिगेड को। फिल्म के ट्रेलर में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के जीवन की कहानी बयां की जा रही है, जिसमें प्रतीक गांधी अहम रोल निभा रहे हैं।



# एक फिल्म के अंदर गुड्डू पंडित को ढालने को लेकर निश्चित नहीं हैं अली

मिर्जापुर अमेजन प्राइम वीडियो की बेहद लोकप्रिय और सफल वेब सीरीज है। हाल में इस पर फिल्म बनाने की घोषणा की गई है, जिसके बाद से फैंस अपने पसंदीदा किरदारों को फिल्मी पर्दे पर देखने के लिए काफी बेकरार हैं। हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान सीरीज में गुड्डू भैया के किरदार में नजर आए अभिनेता अली फजल ने इसे लेकर बात की है। उन्होंने अपने किरदार की फिल्मी रुपांतरण पर संदेह जताते हुए कहा कि वह पूरी तरह से निश्चित नहीं है कि एक फिल्म के अंदर किस तरह से उनके इस किरदार को समाया जा सकेगा। अभिनेता ने मिर्जापुर फिल्म को लेकर कहा कि अब तीनों सीजन की चीजों को नए प्रारूप में ढाल कर एक फिल्म के अंदर लाना काफी चुनौती भरा होगा। उन्होंने कहा कि वो इसे लेकर पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं। उन्होंने कहा, यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी इस नए प्रारूप में कैसे सामने आती है। उन्होंने फिल्म को लेकर उत्सुकता जताते हुए कहा कि यह टीम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस दौरान उन्होंने लोकप्रिय हॉलीवुड सीरीज पीकी ब्लाइंडर्स का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग उस समय ही इस शो को भी फिल्म के रूप में रूपांतरित करने की घोषणा की गई थी।

### बड़े पर्दे पर तीनों सीजन की कहानी को फिट करना होगी चुनौती

अपने किरदार को लेकर बात करते हुए अली फजल ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि उनकी भूमिका को और कितना आगे बढ़ाया जा सकता है, यह देखते हुए कि कई पहलुओं पर पहले ही काम किया जा चुका है। अभिनेता ने यह भी चर्चा की कि निर्माताओं के लिए उनके इतने बड़े किरदार को पर्दे पर फिट करना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। अभिनेता ने कहा, अब लक्ष्य तीनों सीजन की कहानी को एक या दो घंटे के संक्षिप्त सिनेमाई अनुभव में बदलना है, जो काफी चुनौतीपूर्ण है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी इस नए प्रारूप में कैसे सामने आती है। हाल ही में, निर्माताओं द्वारा मिर्जापुर फिल्म की घोषणा करते हुए पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु और अभिषेक बनर्जी की झलक दिखाई गई थी। फरहान अख्तर द्वारा साझा किए गए इस वीडियो जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि मिर्जापुर- द फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में आएगी। फरहान ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, अब भौकाल भी बड़ा होगा और पर्दा भी। मिर्जापुर द फिल्म, जल्द ही आ रही है।

### ऋतिक रोशन के कालीन भैया के किरदार में नजर आने की है अफवाह

फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर अफवाहों को दौर भी शुरू हो गया है। ऐसी ही एक अफवाह में कहा जा रहा है कि मिर्जापुर फिल्म में कालीन भैया की भूमिका में पंकज त्रिपाठी की जगह ऋतिक रोशन को लिया जाएगा। यह फिल्म मिर्जापुर की दुनिया में और गहराई से उतरेगी, जिसके तहत इसके मूल किरदार अपनी लोकप्रिय भूमिकाओं को दोबारार से निभाते हुए नजर आएंगे। बताते चलें कि मिर्जापुर- द फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियो और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित किया गया है। वहीं, फिल्म का निर्माण पुनीत कृष्णा ने किया है और गुरमीत सिंह इसका निर्देशन करने वाले हैं।

# शादी की खबरों पर मीनाक्षी चौधरी ने चुप्पी तोड़ी



मीनाक्षी चौधरी साउथ की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। वर्तमान में अभिनेत्री के पास कई फिल्में हैं। हाल ही में उनकी फिल्म मटका रिलीज हुई, जिसमें वे साउथ अभिनेता वरुण तेज के साथ नजर आईं। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुकाबले प्रदर्शन नहीं किया। वहीं, अब अभिनेत्री अपनी अगली फिल्मों की तैयारियों में व्यस्त हो गई हैं। इस बीच अभिनेत्री की शादी की चर्चाओं ने भी तूल पकड़ा। वहीं, अब खुद मीनाक्षी ने अपनी शादी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है।

### नागार्जुन के भतीजे को मीनाक्षी कर रहीं डेट?

दरअसल, पिछले कुछ हफ्तों में सोशल मीडिया एक अफवाह उड़ी कि नागार्जुन के भतीजे सुशांत मीनाक्षी चौधरी से शादी करने वाले हैं। इस जोड़ी ने फिल्म इचता वाहनमुलु निलुपराधु में काम किया था। यह अफवाह क्यों और कैसे उड़ी, इसका कोई कारण नहीं पता, लेकिन यह वायरल हो गई। दावा किया गया कि वे नागार्जुन के भतीजे सुशांत को डेट कर रही हैं और अब शादी करने वाली हैं।

### शादी की खबरों को बताया झूठा

मीनाक्षी चौधरी की इस साल की छठी फिल्म मैकेनिक रॉकी जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। अभिनेत्री फिल्म के प्रचार में जुटी हुई हैं। हालांकि, कल रात मैकेनिक रॉकी के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान मीनाक्षी ने इस बात को साफ कर दिया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने भी ये अफवाहें सुनी हैं और उनका सख्त रूप से खंडन किया है। साथ ही उन्होंने कुछ फिल्मों का हिस्सा होने की खबरों का भी खंडन किया।

### सिंगल हैं अभिनेत्री

मीनाक्षी ने आखिरकार स्पष्ट किया कि वह शादी नहीं कर रही हैं। मीनाक्षी ने कहा, यह एक अफवाह है और मैं शादी नहीं कर रही हूं। मुझे नहीं पता कि ये अफवाहें क्यों उड़ती हैं। एक दिन, मैंने पढ़ा कि मैं सालार का हिस्सा हूं और दूसरे दिन, मैंने पढ़ा कि मैं विश्वंभरा का हिस्सा हूं। अभिनेत्री ने यह भी पुष्टि की कि वह फिलहाल सिंगल हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैं फिलहाल सिंगल हूं, लेकिन अभी शादी के लिए तैयार नहीं हूं।

### मीनाक्षी की आने वाली फिल्में

वहीं, बात करें मीनाक्षी चौधरी की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वे विक्ट्री वेंकटेश के साथ संक्रांतिकी वस्तुन्नम के लिए कमर कस रही हैं, जो संक्रांति 2025 के दौरान एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। उन्होंने नागा चैतन्य के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। मैकेनिक रॉकी इस महीने की 22 तारीख को सिनेमाघरों में आ रही है। श्रद्धा श्रीनाथ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।



# शाहिद कपूर के साथ मतभेद की अटकलों पर बोले अनीस बज्मी

अनीस बज्मी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म भूल भुलैया 3 की सफलता का आनंद ले रहे हैं। हाल में ही कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये बताया जा रहा था कि शाहिद और रश्मिका मंदाना के साथ अनीस बज्मी की कॉमेडी फिल्म अगस्त 2023 में शुरू होने वाली थी, लेकिन रचनात्मक मतभेदों के कारण कपूर के बाहर चले जाने के बाद इसे बंद कर दिया गया।

### न किसी से दुश्मनी है न नाराजगी

न्यूज 18 के साथ एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक ने बंद हो चुकी कॉमेडी फिल्म के लिए शाहिद कपूर के साथ फिर से जुड़ने का संकेत दिया है। निर्देशक ने कहा, मेरे दिमाग में अभी भी वह फिल्म है। इस दौरान उन्होंने शाहिद के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा भी की।इस दौरान उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके बीच कोई मतभेद या दुश्मनी नहीं है। निर्देशक के इस बात से दोनों को लेकर भविष्य में साथ काम करने की संभावनाएं जाहिर होती हैं। उन्होंने साफ-साफ कहा, मुझे किसी से न दुश्मनी है न नाराजगी।

### स्पष्ट बातें भ्रम से बचाने में मददगार होती हैं

अनीस बज्मी ने विवाद की अफवाहों को संबोधित करते हुए बताया कि फिल्म निर्माण के लिए आपसी समझ और ईमानदारी की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपेक्षाओं के बारे में स्पष्ट बातें भ्रम से बचने में काफी मददगार होती हैं। अपनी खुद की कार्यशैली को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि वर्षों के अनुभव के बाद, उनके लिए अपना दृष्टिकोण बदलना अब काफी चुनौतीपूर्ण है।

### साथ आएंगे तो, बेहतर फिल्म ही बनाएंगे

अनीस बज्मी ने आगे कहा कि शाहिद का भी उनके जैसा ही काम करने और सोचने का अपना एक अलग तरीका है। उन्होंने कहा कि दोनों के दृष्टिकोण हमेशा मेल नहीं खाते, लेकिन उनका मानना है कि यह बिल्कुल ठीक है। उन्होंने उल्लेख किया कि अगर भविष्य में उनकी संवेदनाएं मेल खाती हैं, तो वे निश्चित रूप से फिर से सहयोग करेंगे। निर्देशक ने दोनों के बीच के रिश्ते को लेकर कहा कि इस स्थिति ने उनके बंधन को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने साझा किया कि शाहिद हमेशा उन्हें प्यार और सम्मान के साथ बधाई देते हैं, और वह अभिनेता को लेकर भी ऐसा ही महसूस करते हैं। भूल भुलैया 3 निर्देशक ने आगे कहा कि जब वे फिर से साथ आएंगे, तो बिनी किसी शंका के एक बेहतरीन फिल्म बनाएंगे।

### शाहिद और अनीस बज्मी का वर्क फंट

बात करें, शाहिद कपूर के वर्क फंट की, तो उनकी आगामी फिल्म देवा है, जो प्रसिद्ध मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित एक एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म है। ये फिल्म 14 फरवरी, 2025 को वैलेंटाइन डे पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी और कुब्रा सैत भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा शाहिद कपूर अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूजमें काम करने वाले हैं। वहीं, बात करें अनीस बज्मी की, तो कहा जा रहा है कि वो नो एंट्री के सीक्वल की तैयारियां कर रहे हैं।



# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी:जायसवाल-राहुल के नाबाद अर्धशतक, भारत की पकड़ मजबूत

## दूसरी पारी में बगैर किसी नुकसान के बनाए 172 रन, कुल 218 रन की बढ़त

**पर्थ (एजेंसी)।** कप्तान जसप्रीत बुमराह 30 रन पर 5 विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद यशस्वी जायसवाल (नाबाद 90) और केएल राहुल (नाबाद 62) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत भारत ने पहले टेस्ट मैच में दूसरे दिन पकड़ मजबूत कर ली। भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 172 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को कुल 218 रनों की बढ़त ले ली। भारत ने पहली पारी में 46 रन की बढ़त हासिल की थी। सुबह ऑस्ट्रेलिया को 104 रन पर समेटने के बाद भारतीय ओपनर्स ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। जायसवाल ने 193 गेंदों पर 90 रन में 7 चौके और 2 छक्के लगाए हैं, जबकि राहुल ने 153 गेंदों पर 62 रन में 4 चौके लगाए हैं। दोनों बल्लेबाजों ने काफी सतर्कता के साथ बल्लेबाजी की और 3.01 के रन रेट से रन बनाए। दोनों ने 57 ओवर में 172 रन की अविजित साझेदारी की है। पहली पारी में जायसवाल शून्य और राहुल 26 रन बनाकर आउट हुए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने साहसिक बल्लेबाजी की। भारत ने अब तक मैच में अपना दबदबा बनाए रखा है। पहले दिन जहां गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, वहीं दूसरे दिन बल्लेबाजों ने अपनी भूमिका निभाई। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार के सात विकेट पर 67 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट जल्दी ही गंवा दिए और उसका स्कोर नौ विकेट पर 79 रन हो गया।

### बुमराह ने 11वीं बार लिए पांच विकेट

बुमराह ने 11वीं बार अपने टेस्ट करियर में एक पारी में 5 विकेट हासिल किए। बुमराह ने एलेक्स कैरी को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। कैरी ने 21 रन बनाये। बुमराह का यह पांचवां विकेट था। उन्होंने शुक्रवार को चार विकेट लिए थे। हर्षित राणा ने नाथन लियोन को स्लिप में केएल राहुल के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट झटका। लेकिन इसके बाद मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने आखिरी विकेट के लिए 25 रन की साझेदारी कर मेजबान टीम को 100 के पार पहुंचाया। राणा ने स्टार्क को पंत के हाथों लपकवा कर ऑस्ट्रेलिया की पारी 104 रनों पर समेट दी। स्टार्क ने 112 गेंदों पर उपयोगी 26 रन बनाए, जो उनकी टीम की तरफ से सर्वाधिक स्कोर रहा। हेजलवुड सात रन पर नाबाद रहे। भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज को 20 रन पर दो विकेट और राणा को 48 रन पर तीन विकेट मिले।




# प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पायेंगे पंड्या




**मुम्बई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा। पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है कयोंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें।

मैच में ओवर समय पर पूरा नहीं करने की वजह से पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा था, जबकि अन्य इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अंतिम - 12 पर 12 लाख या मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगा था। बता दें कि टूर्नामेंट में यह तीसरा मौका था, जबकि पंड्या की कप्तानी वाली टीम समय पर ओवर पूरा नहीं कर सकी थी और उसे धीमी ओवर गति के लिए दंडित किया गया था।

# अर्शदीप बन सकते हैं सबसे महंगे गेंदबाज : चोपड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जमकर प्रशंसा की है। चोपड़ा ने कहा है कि अर्शदीप को इस बार आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा नीलामी में 18 से 20 करोड़ रुपए की मोटी रकम मिल सकती है। ऐसे में वह सबसे महंगे गेंदबाज बन जाएंगे। अर्शदीप ने भारतीय टीम की ओर से अबतक टी20 मुकाबलों में 95 विकेट लिए हैं। उन्होंने साल 2019 के बाद से पंजाब किंग्स की ओर से 65 मैचों में 76 विकेट लिए हैं। इस बार पंजाब किंग्स ने नीलामी से पहले ही उन्हें रिलीज कर दिया था। ऐसे में 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली नीलामी के दौरान अर्शदीप पर सभी 10 टीमें बोली लगा सकती हैं। चोपड़ा ने कहा कि इससे अर्शदीप को 18 से 20 करोड़ मिल सकते हैं, जिससे वह नीलामी में सबसे महंगे गेंदबाज बन जाएंगे। दबाव में वह शानदार गेंदबाजी करते हैं और यही उनका सकारात्मक पक्ष है। वहीं पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि अर्शदीप को 10-15 करोड़ की रकम मिल सकती है। उन्हें यह भी लगता है कि ट्रेंट बोल्ट और हर्षल पटेल के लिए सभी 10 टीमें बोली लगाएंगी। उन्होंने कहा कि बोल्ट नई गेंद से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, लेकिन हर्षल एक भारतीय हैं और पुरानी गेंद से खेलने का कौशल उन्हें आईपीएल में मूल्यवान खिलाड़ी बनाता है।उथप्पा का मानना है कि पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल 2024 सीजन में कमजोर प्रदर्शन के बाद भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर सैम कुरेन पर नीलामी में मोटी रकम लगेगी। कुरेन को लेने के लिए केकेआर और आरआर जैसी टीमें भी बोली लगा सकती हैं।



# बुमराह ने पंच से तोड़ा कपिल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शनिवार को पर्थ में खेले जा रहे भारत-आष्ट्रेलिया टेस्ट मैच में पांच विकेट लेते हुए एक नया रिकॉर्ड दर्ज कर लिया। बुमराह ने सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में सातवीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा करते हुए वे महान भारतीय तेज गेंदबाज कपिल देव के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान सेना परिस्थितियों में भारत के सर्वकालिक महान गेंदबाज के रूप में अपनी विरासत में एक और उपलब्धि जोड़ ली। ऐतिहासिक रूप से सेना देशों में भारत का रिकॉर्ड कमजोर रहा है और 2000 के दशक में टीम ने रिकॉर्ड में सुधार किया है। कपिल देव के बाद जसप्रीत बुमराह भारत के दूसरे तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने सेना देशों में सबसे ज्यादा 7 बार 5 प्लस विकेट लिए हैं। एक तरह इस मामले में जहां बुमराह ने कपिल की बराबरी की है। वहीं दूसरी ओर बुमराह ने सबसे तेजी से इस कमाल को करने में कपिल का रिकॉर्ड भी तोड़ा है। सेना देशों में 7 बार 5 प्लस विकेट लेने के लिए बुमराह ने जहां सिर्फ 51 पारियां खेली, वहीं कपिल देव ने ऐसा 62 पारियों में किया था। अब सेना देशों में 27 टेस्ट में बुमराह ने 22.55 की औसत से 118 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/33 रहा है। उन्होंने कुल सात बार पांच विकेट लिए हैं। उन्होंने कपिल सात के साथ बराबरी की है और बीएस चंद्रशेखर, जहीर खान (छह बार पांच विकेट) और बिशन सिंह बेदी, अनिल कुंबले (पांच बार पांच विकेट) का नंबर आता है। टेस्ट मैचों में पांच विकेट लेने वाले बुमराह पांचवें भारतीय कप्तान हैं, उनसे पहले वीनू मांकड़ (एक), बिशन (आठ), कपिल (चार) और कुंबले (दो) ने ऐसा किया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले आखिरी भारतीय कप्तान कुंबले थे, जिन्होंने 2007 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में यह कारनामा किया था। बुमराह ने जोहान्सबर्ग, मेलबर्न, नॉटिंघम, नॉर्थ साउंड, किंग्स्टन, केपटाउन, बेंगलुरु, विशाखापत्तनम और पर्थ में पांच विकेट लिए हैं।




# ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश की कप्तानी करेंगे एडवडर्स, बोलैंड शामिल

पर्थ । क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को भारत के खिलाफ 30 नवंबर से कैनबरा में शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच के लिये प्रधानमंत्री एकादश में शामिल किया है। इस टीम का कप्तान न्यू साउथवेल्स के ऑलराउंडर जैक एडवडर्स को बनाया गया है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री एकादश के इस मैच से दोनो ही टीमों को एडीलेड में छह दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट की तैयारी का अवसर मिलेगा। भारतीय टीम करीब तीन साल बाद यहां दिन रात का टेस्ट खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'हम टेस्ट टीम की तैयारी के तहत ही बोलैंड की मैच फिटनेस का पता लगाने के लिए उन्हें यह अवसर दे रहे हैं। प्रधानमंत्री एकादश में पिछले साल अंडर 19 विश्व कप जीतने वाली टीम में शामिल हरे सैम कोंसास, माहली बीयर्डमैन, चार्ली एंडरसन और एडान ओकोनोर को भी जगह मिली है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में प्रधानमंत्री एकादश का समृद्ध इतिहास रहा है। इसलिए मुझे इसके लिए टीम की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से है जिसके पास विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी है। इस टीम के लिए खिलाफ खेलने का अनुभव यादगार होगा।



**टीम इस प्रकार है** –जैक एडवडर्स (कप्तान), चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, स्कॉट बोलैंड, जैक क्लेटन, एडेन ओकोनोर, ओली डेविस, जेडन गुडविन, सैम हार्पर, हान्नो जैकब्स, सैम कोंस्टास, लॉयड पोप, मैथ्यू रेनशॉ, जेम रियान।

# सुनील गावस्कर ने फर्जी लेख पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक क्रिकेट वेबसाइट पर उनके नाम से लेख लिखे जाने का पुरजोर खंडन किया है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। वेबसाइट क्रिकेट सेप्शन ने शुक्रवार शाम को 'नेतृत्व में एक नया युग- बुमराह की कप्तानी और कोहली के नेतृत्व ने टीम इंडिया को पुनर्जीवित किया' शीर्षक से एक कॉलम प्रकाशित किया, जिसमें झूठा दावा किया गया कि यह पूर्व कप्तान द्वारा लिखा गया था। गावस्कर ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर इस मुद्दे को संबोधित किया, एक वीडियो साझा किया जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लेख से कोई संबंध नहीं है और इसे तुरंत हटाने की मांग की। क्रिकेट के दिग्गज ने वेबसाइट से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने को भी कहा, चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में गावस्कर ने कहा, 'हाय, मैं सुनील गावस्कर हूं, और मैं कहना चाहता हूं कि क्रिकेट सेप्शन नामक एक वेबसाइट है, जिसने मेरे नाम से एक लेख छापा है। मुझे कहना होगा कि यह पूरी तरह से फर्जी है। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं किया है, और मैं उस वेबसाइट से कहना चाहता हूं कि इसे तुरंत हटा दे। माफ़ी मांगो। अगर तुम ऐसा नहीं करते, तो मैं इस मामले को अपनी कानूनी टीम को सौंप दूंगा। इसलिए जो कुछ भी तुमने पढ़ा है, उस पर एक शब्द भी यकीन मत करो। यह मेरे नाम से लिखा गया एक पूरी तरह से फ़र्जी लेख है।'



# तिलक वर्मा ने 11 दिनों में तीसरा शतक जड़ रचा इतिहास

**राजकोट (एजेंसी)।** भारतीय टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ हैदराबाद की ओर से खेलते हुए इतिहास रच दिया है। मैच में तिलक वर्मा ने विस्फोटक शतक लगाकर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। तिलक पुरुष या महिला क्रिकेट में 11 दिनों के अंतराल में तीन लगातार शतक लगाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने 2007 में शुरू हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी अपने नाम किया है। मैच के दौरान तिलक ने सिर्फ 67 गेंदों में 14 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 151 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 225.37 रही। 22 वर्षीय तिलक ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार 2 शतक, सेंचुरियन में 107 रन और जोहान्सबर्ग में नाबाद 120 रन बनाए थे। वह टी20 क्रिकेट में 150 से अधिक स्कोर बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी भी बने। इससे पहले महिला क्रिकेट में किरण नवगिरे ने महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए 2022 में सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में नागालैंड के लिए खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 162 रन बनाए थे। तिलक ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तेज गेंदबाज दीपू संगमा की 18 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने इससे पहले 2019 में सिक्किम के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते हुए 71 गेंदों में 7 चौकों और 15 छक्कों की मदद से 147 रन बनाए थे। तिलक रविवार से सोमवार तक होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन की मेगा नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस द्वारा रिटेन किए गए पांच खिलाड़ियों में से एक हैं।



# एंडरसन पहली बार आईपीएल नीलामी में उतरेंगे

लंदन । इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के जरिये खेल को लेकर अपना ज्ञान बढ़ाना चाहते हैं। इसीलिए उन्होंने पहली बार आईपीएल मेगा नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। एंडरसन ने इस साल की शुरुआत में ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। उन्होंने अपना अंतिम अंतिम टी20 मैच 2014 में खेला था। वह आईपीएल में कभी नहीं खेले हैं। इस प्रकार वह करीब एक दशक के बाद कोई टी20 मैच खेलेंगे। आईपीएल मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होगी। इसके लिए एंडरसन ने अपना आधार मूल्य 1.25 करोड़ रुपए रखा है। एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए 188 मैच में 704 विकेट लिए। इससे वह श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन 800 और ऑस्ट्रेलिया के दिग्गजर स्पिनर शेन वार्न 708 के बाद तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन ने कहा, 'मेरे अंदर अब भी कुछ ऐसा है जिसे लगता है कि मैं अब भी खेल सकता हूं। मैंने कभी आईपीएल नहीं खेला है। मैंने कभी इसका अनुभव नहीं किया है और कई कारणों से मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी टी20 लीग में खेलकर वह केवल एक गेंदबाज के तौर पर अपना ज्ञान ही नहीं बढ़ाना चाहते बल्कि बतौर कोच और अनुभव और ज्ञान हासिल करना चाहते हैं। इस तेज गेंदबाज ने कहा, ''मैंने गर्मियों में अपना करियर खत्म करने के बाद से ही कुछ समय कोचिंग भी की है। मैं इंग्लैंड की टीम के साथ थोड़ा बहुत 'मेंटोर के तौर पर भी काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस तरह की लीग में खेलने और उसका अनुभव हासिल करने से शायद मुझे खेल के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने में मदद मिले जिससे आगे चलकर मुझे और लाभ मिलेगा।



# आईसीसी ने 26 नवबंर को क्यों बुलाई आपात बैठक... इसके पीछे कारण भारतीय टीम तो नहीं

दुबई । आईसीसी ने 26 नवबंर को अपने बोर्ड की आपात बैठक बुलाई है, इसमें 2025 चैंपियंस ट्रॉफ़ी पर होगी। सूत्रों ने बताया कि बैठक का एकमात्र एजेंडा यह है कि क्या टूर्नामेंट के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाया जाए, जिसमें पाकिस्तान और किसी अन्य देश में इस टूनामेंट को आयोजित किया जाए। टूर्नामेंट की संभावित शुरुआत से 100 दिन से भी कम समय बचा है। मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टूर्नामेंट को 19 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित करने के लिए निर्धारित किया है। हालांकि आईसीसी ने अभी तक इसका शेड्यूल जारी नहीं किया है। लेकिन बीसीसीआई ने आईसीसी को सूचित किया है कि भारत सरकार ने रोहित शर्मा की टीम को पाकिस्तान यात्रा करने की अनुमति नहीं दी है। वहीं पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा था कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में आयोजित होने को लेकर सकारात्मक अपेक्षाएं हैं। नकवी पाकिस्तान सरकार के गृह मंत्रालय के प्रमुख भी हैं, उन्होंने कहा कि वह बीसीसीआई से गतिरोध को तोड़ने के लिए संवाद करने के लिए तैयार हैं। पीसीबी आईसीसी से इस बात का जवाब पाने का इंतज़ार कर रहा है कि भारत को पाकिस्तान यात्रा करने की अनुमति क्यों नहीं दी जा सकती। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब पाकिस्तान को भारत की वजह से टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित करने के प्रश्न से जूझना पड़ा है। पिछले वर्ष एशिया कप के लिए भी भारत ने पाकिस्तान जाने से मना किया था, इसकारण टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर पाकिस्तान और श्रीलंका में आयोजित करना पड़ा था। इसके ठीक बाद पाकिस्तान को वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत की यात्रा करनी पड़ी थी, पीसीबी ने हाल ही में कहा था कि उसने यह फ़ैसला इसलिए किया था ताकि इसके चलते उसे चैंपियंस ट्रॉफ़ी केवल पाकिस्तान में ही आयोजित किए जाने का ठोस आधार मिलेगा।

# आईपीएल मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत पर बरसेंगे 25 करोड़? नीलामी में इन खिलाड़ियों पर भी बरस सकता है पैसा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को होनी है। इस नीलामी में टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सबसे महंगे खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। वहीं इस नीलामी में 577 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। आईपीएल की दस टीमों के पास 641.5 करोड़ रुपे का पर्स है और 204 संभावित चयन होने बाकी है। ऐसे में सभी की नजरें पंत के नाम पर लगी होंगी। पंजाब किंग्स के पास सभी टीमों में से सबसे ज्यादा 110.50 करोड़ रुपये है जबकि आरसीबी के पास 83 करोड़ रुपये हैं।

बता दें कि, दिल्ली कैपिटल्स के पास 73 करोड़ रुपये और राइट टू मैच कार्ड है, जिससे वे अपने पूर्व कप्तान को खरीद सकते हैं। वैसे समझा जाता है कि पंत नहीं चाहते कि दिल्ली आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल करे क्योंकि अलग होते संबंधों में दरार आ गई थी और पंत खुद को अब टीम का हिस्सा नहीं मानते। उन्होंने कहा भी था कि मेरा रिटेंशन पैसे को लेकर नहीं था। ये तय है। जिसके बाद सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या पंत 25 करोड़ रुपये पार करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनेंगे।

वहीं चेन्नई सुपर किंग्स या मुंबई इंडियंस के पास महज 45 करोड़ रुपये है और वे उन्हें इस कीमत पर खरीदने की स्थिति में नहीं होंगे। हर दो साल में टीम बदलने के लिए महशूर पंजाब किंग्स के पास काफी पैसा मौजूद है और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग अपने पसंदीदा खिलाड़ी के साथ फिर एकजुट होना चाहेंगे। नीलामी के लिए 81 खिलाड़ियों का बेसप्राइज दो करोड़ रुपये है। मौजूदा क्रिकेटर एक मिलियन डॉलर यानी 8.5 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकते हैं।

वहीं अभी तक 96 टी20 इंटरनेशनल विकेट ले चुके अर्शदीप सिंह पर भी बड़ी बोली लग सकती है। पंजाब के पास आरटीएम कार्ड है लेकिन कहां तक जाती है। तेज गेंदबाजों की भी काफी मांग होंगी जबकि श्रेयस अय्यर और केएल राहुल को छोड़कप भारत के लगभग सभी स्टार क्रिकेटर लिए जा चुके हैं। अय्यर कप्तानी के लिए दिल्ली की पसंद हो सकते हैं।

आरसीबी, कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के लिए तीन संभावित कप्तान पंत, राहुल या अय्यर हो सकते हैं। भारतीय खिलाड़ियों में ईशान किशन भी प्रमुख होंगे लेकिन इस बार मुंबई इंडियंस उन्हें पिछली बार की तरफ 15 करोड़ रुपये में खरीदने की स्थिति में नहीं है। मोहम्मद शमी पर भी नजरें रहेंगी जो सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल रहे हैं।



# स्टार्क ने हर्षित पर कसा तंज, जायसवाल ने सुनाई खरी–खरी

पर्थ। टेस्ट मैच के दौरान भारत और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में शनिवार को मामूली नोंकझोक हुई। दूसरे दिन का मैच शुरू हाते ही बल्लेबाजी करने आए मिचेल स्टार्क ने गेंदबाजी कर रहे हर्षित राणा पर तंज कसा था। भारतीय टीम को जब बल्लेबाजी मिली तो सलामी बल्लेबाजी जायसवाल ने भी स्टार्क को खरी–खरी सुना दी। 21 वर्षीय जायसवाल से बातें सुनकर स्टार्क ने भले ही शर्मिंदगी महसूस की, लेकिन उन्होंने अपने चेहरे पर मुस्कान लाकर इसे जाहिर नहीं होने दिया। हालांकि शुरूआत स्टार्क ने ही की थी। उन्होंने पहली पारी में 112 गेंद खेलते हुए 26 रन बनाए थे ताकि ऑस्ट्रेलिया की टीम 100 रन पार हो सके। भारतीय गेंदबाजों के बाऊंसर के आगे स्टार्क ने कई रक्षात्मक शॉट खेले। इसी दौरान हर्षित की एक गेंद ने स्टार्क को परेशान किया तो उन्होंने उसे चिढ़ाने के लिए बोल दिया। मैं तुमसे ज्यादा तेज गति से गेंद फेंक लेता हूं, और मैं इसे याद रखूंगा। हर्षित ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वह मुस्कराते हुए अपने रनअप की ओर चले गए। ऑस्ट्रेलिया जब 104 रन पर सिमट गई तो भारत की ओर से जायसवाल के साथ केएल राहुल ओपनिंग के लिए आए। दोनों ने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों का जमकर सामना किया और विकेट नहीं जाने दिया। शुरूआती ओवरों में विकेट न मिलने से ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज निराश दिखे। इस दौरान गेंदबाजी कर रहे स्टार्क बार–बार जायसवाल को घूरने लगे। आखिरकार जायसवाल से रहा नहीं गया, उन्होंने एक गेंद के बाद स्टार्क को बोला– आपकी गेंद की गति ज्यादा नहीं है। निश्चित रूप से स्टार्क द्वारा हर्षित को कसे तंज से जायसवाल निराश दिखे और उन्होंने बेबाकी से स्टार्क को असलियत दिखाने की कोशिश की।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में बढ़ती महंगाई से निपटने के लिए सरकार ने दिए 39 ट्रिलियन येन



**टोक्यो, एजेंसी।** जापान में बढ़ती महंगाई से निपटने के लिए प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने 39 ट्रिलियन येन (लगभग 252 बिलियन डॉलर) के आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, सूत्रों ने क्योडो न्यूज को बताया कि इस पैकेज के तहत बिजली, गैस और पेट्रोल की ऊंची कीमतों को कम करने के लिए सब्सिडी और कम आय वाले परिवारों को नकद सहायता प्रदान करना शामिल होगा। मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रोत्साहन उपायों को औपचारिक रूप देने की योजना बनाई है। इसमें दिए गए पैकेज को वित्तपोषित करने के लिए सामान्य रूप से खर्च होने वाले लगभग 13.9 ट्रिलियन येन को वित्त वर्ष 2024 के आगामी अनुपूरक बजट में शामिल करने का सरकार का इरादा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पैकेज में कर-मुक्त आय सीमा को बढ़ाने की योजना भी शामिल होगी, जिसे विपक्षी पार्टी की मांग के आधार पर बढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस पैकेज के लिए राशि पारित करने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन को विपक्षी दल के सहयोग की आवश्यकता होगी। लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सहयोगी कोमिटो के सत्तारूढ़ गठबंधन ने बजट विधेयक पारित कराने के लिए उनका समर्थन प्राप्त करने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के वर्तमान 10.3 लाख येन से गैर-करयोग्य आय स्तर को बढ़ाने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। इस गठबंधन ने पिछले महीने के आम चुनाव में अपना बहुमत खो दिया था। विपक्षी पार्टी उपभोग को बढ़ावा देने के लिए इस धन की सीमा को बढ़ाकर 17.8 लाख येन करना चाहती है। लेकिन सरकार का अनुमान है कि इस प्रस्ताव से वार्षिक कर राजस्व में अनुमानित सात-आठ ट्रिलियन येन की कमी आ सकती है।

### कौन हैं मैथ्यू व्हिटेकर? जिन्हें ट्रंप बनाएंगे नाटो राजदूत



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह पूर्व कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल मैथ्यू व्हिटेकर को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में वाशिंगटन का राजदूत नियुक्त करेंगे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि आयोवा राज्य के व्हिटेकर हमारे नाटो सहयोगियों के साथ संबंधों को गहरा करेंगे और शांति एवं स्थिरता के लिए खतरों का सामना करने में मजबूत रहेंगे और वह अमेरिका को सर्वप्रथम रखेंगे। व्हिटेकर ने नवंबर 2018 और फरवरी 2019 के बीच पहले ट्रंप प्रशासन के कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य किया था। इसके अलावा व्हिटेकर आयोवा के दक्षिणी जिले के पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी भी हैं और आयोवा विश्वविद्यालय से स्नातक हैं। व्हिटेकर का नामांकन ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन में युद्ध को लेकर नया घटनाक्रम सामने आया है। दरअसल, हाल ही में निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा यूक्रेन को लंबी दूरी की अमेरिकी बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल रूसी क्षेत्र के अंदर करने की अनुमति दी है। इन मिसाइलों को आर्मी टेक्निकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) के रूप में जाना जाता है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, अनुमति मिलने के बाद, यूक्रेनी बलों ने मंगलवार को रूस के ब्रायंस्क ओब्लास्ट की ओर कई एटीएसीएमएस मिसाइलें दागी हैं।

### नेपाल ने भारत के आर्मी चीफ को जनरल की उपाधि से नवाजा, राष्ट्रपति भवन में हुआ भव्य सम्मान



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने 1950 से जारी दशकों पुरानी परंपरा को जारी रखते हुए यहां राष्ट्रपति भवन (शीतल भवन) में बृहस्पतिवार को आयोजित विशेष समारोह में भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को नेपाल सेना के जनरल की मानद उपाधि से सम्मानित किया। पांच-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जनरल द्विवेदी अपने नेपाली समकक्ष जनरल अशोक सिगडेल के आमंत्रण पर पांच-दिवसीय आधिकारिक यात्रा के लिए बुधवार को यहां पहुंचे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने जनरल द्विवेदी को एक तलवार, प्रतीक चिह्न और सम्मान आदेश का प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति विशेष समारोह में उपस्थित थे। नेपाल सेना के सूत्रों ने बताया कि 1950 से भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच जारी संबंधों के तहत एक-दूसरे के सेना प्रमुखों को जनरल की मानद उपाधि देने की परंपरा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में जनरल द्विवेदी ने यहां नेपाली सेना के मुख्यालय में जनरल सिगडेल से मुलाकात की और दोनों सेनाओं के बीच सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा की।

# नेतन्याहू के खिलाफ आईसीसी के वारंट पर बोले इजरायली पीएम- हम इसे अस्वीकार करते हैं



**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइली प्रधानमंत्री और हमास के एक शीर्ष अधिकारी के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी करने के अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के फैसले ने उन्हें मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोपी नेताओं के एक छोटे समूह में डाल दिया है. न्यायालय ने गुरुवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, उनके पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और हमास के एक नेता मोहम्मद डेफ के लिए वारंट जारी किया, जिनके बारे में इजराइल का दावा है कि उनकी हत्या हो चुकी है. न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने कहा कि वारंट उचित आधार पर आधारित थे कि नेतन्याहू और गैलेंट गाजा पट्टी में युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं, जहां इजरायल और हमास के बीच 13 महीने के युद्ध में कथित तौर पर 44,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और 104,000 से अधिक घायल हुए हैं. नेतन्याहू ने वारंट की निंदा करते हुए कहा कि इजरायल बेतुके और झूठे कार्यों को घृणा के साथ अस्वीकार करता है.

डेफ के खिलाफ वारंट में कहा गया है कि यह मानने का कारण है कि वह हत्या, बलात्कार, यातना और बंधकों को लेने में शामिल था, जो युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के बराबर है, जो कि आतंकवादी समूह द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर किए गए हमलों के लिए है. उन हमलों में लगभग 1,200 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर नागरिक थे, और अन्य 250 का अपहरण कर लिया गया. हमास ने कहा कि वह नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ वारंट का स्वागत करता है. हमास के बयान में डेफ के लिए वारंट का उल्लेख नहीं किया गया. इजरायल का दावा है कि उसने हवाई हमले में उसे मार डाला, लेकिन हमास ने कभी भी उसकी मौत की पुष्टि नहीं की.

**आईसीसी क्या है :** आईसीसी अंतिम उपाय का स्थायी न्यायालय है, जिसकी स्थापना 2002 में युद्ध अपराधों, मानवता के विरुद्ध अपराधों, नरसंहार और आक्रामकता के लिए व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने के लिए की गई थी. न्यायालय के 124 सदस्य देशों ने उस संधि पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत न्यायालय का गठन किया गया था. दर्जनों देशों ने हस्ताक्षर नहीं किए और न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को स्वीकार नहीं करते. इनमें इजराइल, अमेरिका, रूस और चीन शामिल हैं. आईसीसी किसी मामले में तब हस्तक्षेप करता है जब राष्ट्र अपने क्षेत्र में अपराधों पर मुकदमा चलाने में असमर्थ या अनिच्छुक होते हैं. इजराइल का तर्क है कि उसके पास एक कार्यशील न्यायालय प्रणाली है, और किसी राष्ट्र की मुकदमा चलाने की क्षमता या इच्छा पर विवादों ने न्यायालय और अलग-अलग देशों के बीच पिछले विवादों को हवा दी है. जबकि वारंट नेतन्याहू और गैलेंट के लिए विदेश यात्रा को जटिल बना सकते हैं, लेकिन उन्हें जल्द ही हेग में न्यायाधीशों का सामना करने की संभावना नहीं है. सदस्य देशों को वारंट का सामना करने वाले संदिग्धों को हिरासत में लेना आवश्यक है, यदि वे उनकी धरती पर कदम रखते हैं, लेकिन न्यायालय के पास इसे लागू करने का कोई तरीका नहीं है. आईसीसी के न्यायाधीशों ने लगभग 60 गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं. 21 लोगों को हिरासत में लिया गया है. अदालत में पेश किया गया है, जैसा कि इसकी वेबसाइट पर बताया गया है. लगभग 30 लोग अभी भी फरार हैं. अदालत ने 11 लोगों को दोषी ठहराया है और चार को बरी किया है.

**इजराइली वारंट किस बारे में हैं :** न्यायालय ने कहा कि नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ यह मानने के लिए उचित आधार हैं कि वे भुखमरी के युद्ध अपराध और हत्या, उत्पीड़न और अन्य अमानवीय कृत्यों सहित मानवता के विरुद्ध अपराधों के सह-अपराधी के रूप में जिम्मेदार हैं. न्यायालय ने कहा कि हालांकि वह मानवता के विरुद्ध विनाश के अपराध पर निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सका, लेकिन उसने कहा कि हत्या के आरोप का समर्थन उन आरोपों से होता है कि गाजा के निवासियों को भोजन, पानी, बिजली और चिकित्सा आपूर्ति जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित किया गया था. इसने गाजा में नागरिक आबादी के एक हिस्से के विनाश के लिए गणना की गई स्थितियां पैदा कीं. जिसके कारण कुपोषण और निर्जलीकरण से बच्चों और अन्य लोगों की मृत्यु हुई. न्यायालय ने यह भी पाया कि अस्पताल की आपूर्ति और दवा को गाजा में जाने से रोककर, डॉक्टरों को बिना एनेस्थीसिया या बेहोश करने के असुरक्षित साधनों के बिना ऑपरेशन करने और अंग विच्छेदन करने के लिए मजबूर किया गया, जिसके कारण आम लोगों को बहुत पीड़ा झेलनी पड़ी. अदालत ने कहा कि उसे दो घटनाएं मिलीं जिनमें अभियोजन पक्ष द्वारा दिए गए साक्ष्यों से यह निष्कर्ष निकला कि हमले जानबूझकर नागरिकों के खिलाफ किए गए थे। उसने कहा कि यह मानने के लिए उचित आधार हैं कि नेतन्याहू और गैलेंट उन हमलों को रोकने में विफल रहे. जबकि गवाहों की सुरक्षा के लिए गिरफ्तारी वारंट को गुप्त के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, अदालत ने कहा कि उसने कुछ जानकारी प्रदान की क्योंकि इजराइल की कार्रवाई जारी है. इसने यह भी कहा कि वह चाहता है कि पीड़ितों और उनके परिवारों को वारंट के बारे में सूचित किया जाए।

## पाकिस्तान में पैसेंजर वैन पर हमला, 50 की मौत: 20 घायल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूख्वा प्रांत में गुरुवार को एक पैसेंजर वैन पर फायरिंग की गई। इसमें 50 लोगों की मौत हो गई। 20 लोग घायल हैं। घटना खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम घाटी की है। वैन पेशावर से कुर्रम जा रही थी। इससे पहले मंगलवार रात को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में सेना की एक पोस्ट पर आत्मघाती हमला हुआ था। इस हमले में 12 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी। वहीं 6 आतंकी भी मारे गए थे। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने जानकारी देते हुए बताया था कि आतंकियों ने चेक पोस्ट की दीवार में गाड़ी टकराते हुए उसमें रखे विस्फोटक में ब्लास्ट कर दिया। ब्लास्ट की चपेट में आने से 12 सैनिक मारे गए। वहीं जवाबी कार्रवाई में सेना ने 6 आतंकियों को भी मार गिराया। पांच दिन पहले बलूचिस्तान में हुआ था हमला पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में 16 नवंबर को सेना की पोस्ट पर हमला हुआ था। इसमें हमले में पाक सुरक्षाबलों के 7 सैनिक मारे गए थे। हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली थी। न्यूज एजेंसी एएफपी ने एक स्थानीय व्यक्ति के हवाले से बताया था कि हमले में 40 से 50 बलूच विद्रोही शामिल थे। इस दौरान बलूच विद्रोहियों ने सेना की पोस्ट पर फायरिंग की। हमले में 7 सैनिकों की मौत के अलावा 15 सैनिक घायल भी हुए थे। क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हमले में मारे गए थे 26 लोग पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर 9 नवंबर, शनिवार सुबह ब्लास्ट हुआ था। इस ब्लास्ट में 26 लोग मारे गए थे, वहीं 50 से ज्यादा घायल हुए थे। इस हमले की जिम्मेदारी भी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी ) ने ली थी। बलूच लिबरेशन आर्मी प्रवक्ता ने कहा कि आत्मघाती हमले को मजीद ब्रिगेड यूनिट ने अंजाम दिया। उनका निशाना इन्फैंट्री स्कूल के सैनिक थे।

## सिडनी में नहीं बंद होंगी रेल सेवाएं, रेल कर्मचारियों की हड़ताल टली

**सिडनी, एजेंसी।** रेलकर्मियों की होने वाली हड़ताल टल गई है। इसे लेकर लोगों में व्यापक चिंता थी क्योंकि अगर हड़ताल होती तो सिडनी का रेल नेटवर्क कई दिनों तक पूरी तरह ठप हो जाता। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया कि न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) की सरकार ने गुरुवार की शाम को ऐलान किया कि सरकार का रेल, ट्राम और बस यूनियन (आरटीबीयू) के साथ समझौता हो गया है। यह हड़लात रेल कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले वेतन विवाद की वजह से बुलाई गई थी। आरटीबीयू की प्रस्तावित हड़ताल के कारण सिडनी का रेल नेटवर्क शुक्रवार से रविवार के बीच पूरी तरह से बंद होने वाला था। कर्मचरी यूनियन की पहले नेटवर्क शटडाउन गुरुवार से रविवार तक करने की योजना थी। लेकिन राज्य सरकार और यूनियन के बीच बातचीत जारी रहने के कारण इसे एक दिन के लिए टाल दिया गया। गुरुवार (21 नवंबर) को राज्य सरकार के साथ बैठक के बाद, आरटीबीयू ने दो सप्ताह के लिए कार्य कार्य करने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरान विवाद के स्थायी समाधान पर बातचीत जारी रहेगी। इसके बदले में, न्यू साउथ वेल्स सरकार ने इस सप्ताह के अंत में सीमित 24 घंटे रेल सेवाएं चलाने पर सहमति व्यक्त की। सरकार और यूनियन की बातचीत के दौरान 24 घंटे की रेल सेवा को स्थायी बनाना यूनियन की प्रमुख मांग रही है।

# कनाडा में हिंदुओं को नहीं मिली सुरक्षा, एक और भारतीय कैंप रद्द, 4000 लोग प्रभावित

**ओटावा, एजेंसी।** बढ़ते तनाव के बीच भारत ने कनाडा में कॉन्सुलर कैंप को एक बार फिर रद्द कर दिया है। कॉन्सुलेट ने कहा है कि हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बावजूद कनाडा हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान करने में पूरी तरह फेल रहा है। यह दूसरी बार है जब वाणिज्य दूतावास शिविर रद्द किए गए हैं। इससे पहले कनाडा के टोरंटो में भारत के कॉन्सुलेट जनरल ने सुरक्षा एजेंसियों द्वारा भारतीय शिविर आयोजकों को सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता जताए जाने के बाद कुछ कैंप को रद्द करने का फैसला किया था। अब ओंटारियो प्रांत के हिंदू मंदिर ने रविवार को आयोजित होने वाले वाणिज्य दूतावास शिविर को रद्द करने की घोषणा की है। ओकविले में वैष्णो देवी मंदिर में 23 नवंबर को भारत के वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित कैंप की मेजबानी करनी थी। इस शिविर में पेंशनभोगियों को लाइफ सर्टिफिकेट बांटे जाने वाले थे। हालांकि गुरुवार को मंदिर की कार्यकारी समिति ने एक बयान जारी कर शिविर रद्द करने की घोषणा की। इसने कहा कि शिविर को हेल्टन क्षेत्रीय पुलिस सेवा के प्रमुख रोजर विल्की से बातचीत के बाद रद्द कर दिया गया है। विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों, समुदाय के सदस्यों और आम जनता सहित सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम को रद्द किया गया है। कॉन्सुलेट ने कहा कि पुलिस ने मौजूदा समय में सुरक्षा का आकलन करने के बाद यह निष्कर्ष



निकला है कि यह आयोजन ऐसे तरीके से नहीं हो सकता है जिससे कर्मचारियों को खतरा हो। बयान में कहा गया है, हमें इस बात का गहरा दुख है कि हमारे वरिष्ठ नागरिक और समुदाय के सदस्य पूजा स्थलों या सार्वजनिक संस्थानों में इन आवश्यक सेवाओं तक सुरक्षित रूप से नहीं पहुंच पा रहे हैं। हमारे समुदाय, विशेष रूप से हमारे बुजुर्ग सदस्यों की सुरक्षा को लेकर हम चिंतित हैं।

इस बीच आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने बुधवार को धमकी दी थी कि वह इन कैंप्स में भारतीय अधिकारियों की मौजूदगी का विरोध करने के लिए रविवार को ओकविले मंदिर और 30 नवंबर को टोरंटो के लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रदर्शन करेगा। मामले पर खालिस्तानी गुरपतवंत पन्नू ने कहा, स्न्नछ्व का विरोध प्रदर्शन भारतीय राजनयिकों निशाना बनाने के लिए है न कि पूजा स्थलों को। 3 नवंबर को ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा हिंसक हमला किए जाने के बाद से शिविरों के आयोजन को लेकर तनाव बना हुआ है। इसके बाद माल्टन में एक गुरुद्वारे के बाहर विरोध प्रदर्शन किए गए थे। 4 नवंबर को हिंदू सभा मंदिर के बाहर एक रैली भी निकाली गई। हालांकि इन घटनाओं से हिंसा की घटनाएं सामने आईं और अब तक इस संबंध में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## आरोप लगने के बाद गेट्स ने वापस लिया अपना नाम, ट्रंप ने पैम बॉन्डी को सौंपी जिम्मेदारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को अमेरिका का नया अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया है. बॉन्डी को मैट गेट्स की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है. पेड सेक्स और यौन उत्पीड़न को लेकर चर्चा में आए मैट गेट्स ने अपना नाम वापस ले लिया था. ट्रंप ने एक बयान में कहा कि मुझे फ्लोरिडा राज्य की पूर्व अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को संयुक्त राज्य अमेरिका की अगली अटॉर्नी जनरल के रूप में नियुक्त करने पर गर्व है. उन्होंने बताया कि बॉन्डी ने करीब 20 साल तक अभियोजक के तौर पर काम किया, जिसके दौरान वह हिंसक अपराधियों के खिलाफ़ बहुत सख्त रहीं और फ्लोरिडा के परिवारों के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाया. उन्होंने कहा कि फिर, फ्लोरिडा की पहली महिला अटॉर्नी जनरल के तौर पर, उन्होंने घातक दवाओं की तस्करी को रोकने और फेंटेनाइल ओवरडोज से होने वाली मौतों की त्रासदी को कम करने के लिए काम किया, जिसने हमारे देश भर में कई परिवारों को



तबाह कर दिया है. ट्रंप ने अविश्वसनीय काम करने के लिए बॉन्डी की प्रशंसा की. उन्होंने आरोप लगाया कि न्याय विभाग को उनके और अन्य रिपब्लिकन के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. ट्रंप ने आगे कहा कि पाम डीओजे को अपराध से लड़ने और अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने के अपने इच्छित उद्देश्य पर फिर से केंद्रित करेंगी. मैं पैम को कई सालों से जानता हूं, वह स्मार्ट और सख्त है और एक अमेरिका फर्स्ट फाइटर है, जो अटॉर्नी जनरल के रूप में शानदार काम करेगी. इससे पहले गैट्ज ने विपक्ष और अपने रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटरों दोनों की आलोचना के बाद खुद को नामांकन से वापस ले लिया था. गेट्ज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि वाशिंगटन में अनावश्यक रूप से लंबे समय तक चलने वाले झगड़े पर समय बर्बाद करने का कोई मतलब नहीं है, इसलिए मैं अटॉर्नी जनरल के रूप में काम करने के लिए अपने नाम पर विचार करने से पीछे हट जाऊंगा. ट्रंप के डीओजे को पहले दिन से ही तैयार रहना चाहिए।

## गौतम अडानी पर लगे आरोपों पर वाइट हाउस की पहली प्रतिक्रिया: भारत से अटूट रिश्ता, इसे भी सुलझा लेंगे

**वाशिंगटन , एजेंसी।** व्हाइट हाउस ने कहा कि उसे अडानी समूह के अध्यक्ष और भारतीय अरबपति गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिका में लगाए गए आरोपों का पता है। अमेरिकी अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि गौतम अडानी और इसक केस में 7 अन्य आरोपियों ने आंध्र प्रदेश के एक बड़े अधिकारी को 1750 करोड़ की रिश्वत दी थी। आरोपियों में गौतम अडानी के भतीजे सागर अडानी भी शामिल हैं। आरोप है कि अडानी ग्रुप ने यह रिश्वत भारत के सबसे बड़े सोलर परियोजना का ठेका हासिल करने के लिए दी थी। अडानी ग्रुप ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सिरे से नकार दिया है। वहीं, भारत सरकार के अधिकारियों ने अब तक इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। गुरुवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में वाइट हाउस की प्रेस सचिव करिन जीन-पियरे ने पत्रकारों से कहा कि प्रशासन को अडानी के खिलाफ आरोपों की जानकारी है। उन्होंने कहा, हम इन आरोपों से अवगत हैं और इसके बारे में विशिष्ट जानकारी के लिए मैं आपको एसईसी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन) और डीओजे (डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस) के पास जाने के लिए कहूंगी। जीन-पियरे ने भारत और अमेरिका के रिश्तों को मजबूत बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत नींव पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, हम विश्वास करते हैं कि हम इस मुद्दे को भी उसी तरह से नेविगेट करेंगे जैसे हम अन्य मुद्दों को करते हैं। अडानी समूह का जवाब गुरुवार को अडानी समूह ने अमेरिकी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा, अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी सिक्योरिटीज और एक्सचेंज कमीशन द्वारा अडानी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं और हम इन्हें नकारते हैं। वहीं, कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने अडानी की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा, हम मांग करते हैं कि अडानी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। लेकिन हम जानते हैं कि ऐसा नहीं होगा क्योंकि मोदी उन्हें बचा रहे हैं। भाजपा ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री मोदी पर हमले की आलोचना की और कहा कि अमेरिकी अदालतों में जिन चार राज्यों का जिस समय जिक्र किया गया है वहां भाजपा की सरकार नहीं थी। भाजपा के प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कहा, कानून अपना रास्ता तय करेगा।

# भारतीय परिवार की बर्फ में जमने से मौत के मामले में गवाह ने किया चौंकाने वाला खुलासा

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका-कनाडा सीमा पार करते समय बर्फबारी में जमकर मारे गए एक भारतीय परिवार की घटना ने मानव तस्करी के भयावह नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस मामले में भारतीय नागरिक हर्षकुमार रमनलाल पटेल (29) और फ्लोरिडा निवासी स्टीव शैंड (50) के खिलाफ सुनवाई चल रही है। बर्फीले तूफान के बीच अमेरिका-कनाडा सीमा पार करने वाले भारतीय नागरिक ने बताया है कि एक परिवार के चार लोगों की बर्फ में जमने से मौत होने के कुछ ही देर के अंदर वह उनसे अलग हो गया था। भारतीय नागरिक हर्षकुमार रमनलाल पटेल (29) और फ्लोरिडा के निवासी स्टीव शेंड (50) के खिलाफ जारी मुकदमे की सुनवाई के तीसरे दिन बुधवार को यश पटेल (23) नामक व्यक्ति ने यह गवाही दी। अभियोजकों का कहना है कि आरोपियों ने दिसंबर 2021 से जनवरी 2022 के बीच पांच सप्ताह के दौरान मिनेसोटा में भारतीय प्रवासियों को तस्करी के जरिए सीमा पार कराने के प्रयास के दौरान मानव जीवन के बजाय वित्तीय लाभ को तरजीह दी। अभियोजकों के अनुसार रमनलाल पटेल तस्करी योजना का हिस्सा था और उसने शैंड से वाहन चालक के तौर पर काम लिया था। दोनों व्यक्तियों ने मानव तस्करी से संबंधित चार मामलों में अपना अपराध स्वीकार नहीं किया है। संघीय अभियोजकों का कहना है कि जगदीश पटेल (39) उनकी पत्नी वैशालीबेन (लगभग 30 वर्ष), बेटी विहांगी (11) और बेटे धार्मिक (3) की 19 जनवरी, 2022 को ठंड के



कारण मौत हो गई। 'द कैनेडियन प्रेस की खबर के अनुसार यश पटेल (23) ने एक दुभाषिये के माध्यम से गवाही दी कि वह पटेल परिवार से अलग हो गया था और पांच या छह घंटे तक अकेले चलता रहा, जिसके बाद उसे एक वैन मिली, जिसमें उसकी प्रतीक्षा की जा रही थी। अभियोजकों का कहना है कि वह वैन स्टीव शैंड चला रहा था। परिवार की मौत कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश के दौरान हुई। उस समय तापमान -38 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका था। यश पटेल (23) ने गवाही दी कि वह परिवार के साथ सीमा पार कर रहा था लेकिन रास्ते में उनसे अलग हो गया। कई घंटे अकेले चलने के बाद वह एक वैन तक पहुंचा, जिसे अभियोजकों के अनुसार स्टीव शैंड चला रहा था। वैन में पहुंचने के कुछ देर बाद अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने उन्हें पकड़ लिया। हर्षकुमार पटेल और स्टीव शैंड पर आरोप है कि वे एक अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह का हिस्सा थे। यह गिरोह भारत से कनाडा और फिर अमेरिका तक प्रवासियों को तस्करी के जरिए पहुंचाता था। राजिंदर सिंह पटेल, जो इसी गिरोह का सदस्य था, ने स्वीकार किया कि उसने 4 वर्षों में 500 से अधिक प्रवासियों को सीमा पार कराने में मदद की और 400,000 अमेरिकी डॉलर कमाए।

**कैसे होती थी तस्करी :** ग्राहकों को भारत में ढूंढा जाता था, खासकर गुजरात के डिंगुचा गांव जैसे इलाकों से। इन्हें कनाडा का छात्र वीजा दिलवाया जाता था। कनाडा पहुंचने के बाद, प्रवासियों को सीमा पर लाकर अमेरिका में तस्करी की जाती थी। इस प्रक्रिया में लोग खतरनाक हालात में घंटों पैदल चलने के लिए मजबूर होते थे। 19 जनवरी, 2022 की सुबह कनाडाई अधिकारियों को बर्फ में जमे हुए पटेल परिवार के शव मिले।जगदीश पटेल अपने बेटे धार्मिक (3) को कंबल में लपेटे हुए पकड़े हुए थे।

## मणिपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच नौ शवों का किया गया अंतिम संस्कार

### – नदियों से बरामद किये गए थे शव

इम्फाल । मणिपुर के जिरीबाम जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच मेइती समुदाय की तीन महिलाओं और तीन बच्चों सहित नौ लोगों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया। अ?धिका?रियों ने बताया ?कि असम के कछार जिले में स्थित सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएमसीएच) में शवों का पोस्टमार्टम किये जाने के बाद उन्हें जिरीबाम लाया गया था। राज्य सरकार ने मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी है। राज्य में 11 नवंबर को सुरक्षा बलों और हथियारबंद कुकी–जो समुदाय के लोगों के बीच गोलीबारी के बाद तीन महिलाओं और तीन बच्चों सहित कुछ लोग लापता हो गए थे। बाद में लापता महिलाओं और बच्चों के शव जिरीबाम तथा असम के कछार जिले में जिरी एवं बराक नदियों से बरामद किये गए थे।

## कोटा में फिर एक छात्र ने की सुसाइड, हॉस्टल की छठवीं मंजिल से कूदा

कोटा । कोचिंग हब कोटा से एक और छात्र ने सुसाइड कर ली है। सोलह साल के विवेक कुमार ने हॉस्टल की छठवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। कोटा में इस साल में सोसाइड का यह 18वां मामला है। 16 वर्षीय विवेक कुमार ने अपने हॉस्टल की छठवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शनिवार को हुई, जब छात्र अपने कमरे में अकेला था। विवेक इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहा था। शुरुआती जांच के मुताबिक, वह पढ़ाई के दबाव और मानसिक तनाव से परेशाना था। इस साल कोटा में आत्महत्या का यह 18वां मामला है, जो छात्रों पर बढ़ते दबाव और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं को उजागर करता है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है। विवेक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन दोस्तों और परिवार से बातचीत के आधार पर कारणों का पता लगाया जा रहा है। कोटा जिले के प्रशासन ने हर बार की तरह इस बार भी घटना पर दुख जताकर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए कदम उठाने का भरोसा दिलाया है। हालांकि, इस समस्या का स्थायी समाधान अब भी चुनौती बना हुआ है।

## राहुल गांधी के मानहानि के केस में नहीं हो सकी जिरह, सुनवाई चार को

सुलतानपुर । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में शनिवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया था। भाजपा नेता परिवादी विजय मिश्र के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बचाव पक्ष के जिरह के लिए चार दिसंबर की तारीख नियत की है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय



अध्यक्ष व मौजूदा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर कथित रुप से आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है। परिवादी से जिरह की कार्रवाई में मामले की सुनवाई नियत की गई है।

## भिवंडी के कबाड़ गोदाम के परिसर में लगी आग ; कोई घायल नहीं

ठाणे । महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी कस्बे में एक कबाड़ गोदाम परिसर में आग लग गई। नगर निकाय के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। अधिकारी ने बताया कि फातिमा नगर इलाके में कबाड़ के गोदाम के परिसर में शाम करीब 4.45 आग लगी थी। आग लगने की सूचना मिलने के बाद भिवंडी–निजामपुर सिटी नगर निगम (बीएनएमसी) की तीन और कल्याण–डोंबिवली नगर निकाय की एक दमकल गाड़ी को मौके पर भेजा गया। तड़वी ने बताया कि आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि आग तेजी से फैल गई और इसने आसपास के कबाड़ के कई गोदामों को अपनी चपेट में ले लिया।

## 3 साल की बच्ची से 70 साल के एक बुजुर्ग ने किया बलात्कार, गिरफ्तार

मंगलुरु। मंगलुरु में उल्लाल थानाक्षेत्र के पुनी गांव में तीन साल की एक बच्ची का 70 साल के एक बुजुर्ग द्वारा कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने का मामले आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलुरु के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि स्थानीय दुकानदार 70 वर्षीय अब्दुल्ला को मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी मुडांगरकट्टे में रहता है और वह मूल रूप से पुत्तूर का निवासी है। उन्होंने बताया कि बच्ची एक दुकान के पास खेल रही थी तभी अब्दुल्ला ने बच्ची के साथ बलात्कार किया, इससे बच्ची को रक्तस्राव होने लगा और वह जोर–जोर से रोने लगी। बच्ची की चीख सुनकर वहां पहुंची उसकी मां ने तत्काल बच्ची का इलाज करवाया और थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पॉक्सो और भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# दिल्ली में बढ़ते अपराधों से खफा हुए शाह, पुलिस आयुक्त से कहा- कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी आपकी...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में बढ़ रहे अपराधों को लेकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा तलब करते हुए साफ कह दिया कि कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी आपकी है। इसमें किसी तरह की कोई हीलाहवाली नहीं चल सकती। दिल्ली में आए दिन हो रहीं हत्या, लूट, बलात्कार और झपटमारी जैसे अपराधों की बड़ी-बड़ी वारदातों के बीच शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के साथ गृह मंत्रालय में बैठक कर यहां देश की राजधानी दिल्ली में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। सिक्योरिटी रिव्यू में गृह मंत्री ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा को साफतौर पर निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आपकी और पूरी दिल्ली पुलिस की है कि दिल्ली पुलिस को देखकर दिल्ली के लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। पुलिस को देखकर दिल्ली वालों में सुरक्षा का भाव आना चाहिए और अपराधियों में भय और डर का। ऐसा नहीं कि दिल्ली पुलिस को देखकर



लोग डरें और गैंगस्टर और बदमाश वारदात करते रहें।

मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि सिक्योरिटी रिव्यू में गृह मंत्री शाह ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को कहा कि निर्देश दिया कि यह साफ है कि अपराध के खिलाफ केंद्र सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसलिए दिल्ली की कानून-व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जिसमें यहां रहने वाले लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करें, उनमें अपराध और अपराधियों के डर का कोई माहौल ना हो। हर एक दिल्ली वाला खुद को पूर्ण रूप से सुरक्षित महसूस करे। यह जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस कमिश्नर के साथ ही पूरी दिल्ली पुलिस की है। इसके लिए दिल्ली पुलिस के हर कर्मचारी की यह व्यक्तिगत जवाबदेही है। उन्होंने लोगों की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए कुछ अहम क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने की जरूरत महसूस की जा रही है। इसके लिए विशेष कार्य योजना तैयार कर विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए, जिसका असर भी लोगों में सकारात्मक रूप से दिखाई दे। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की प्रायरिटी दिल्ली में अपराध और अपराधियों को कंट्रोल करना तो है ही साथ ही बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को भी दिल्ली पुलिस प्राथमिकता दे।

## महाराष्ट्र की जनता ने परिवार की विरासत को किया खारिज : सुधांशु त्रिवेदी

नई दिल्ली । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की शानदार जीत पर खुशी जाहिर करते हुए बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अभी तक महाराष्ट्र के जो नतीजे दिख रहे हैं, वह शानदार तरीके से भारतीय जनता पार्टी और महायुति के पक्ष में हैं। भाजपा यहां पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि मैं इस प्रचंड बहुमत का श्रेय सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य,



भाजपा और सहयोगी संगठन के कार्यकर्ताओं की जीतोड़ मेहनत, हमारे प्रदेश नेतृत्व के शानदार कार्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वसनीयता को देता हूं। मैं एक और बात कहना चाहूंगा कि हम शब्द प्रयोग करते हैं, विचार और परिवार। यह जो चुनाव था, इसमें इस बात का भी निर्णय होना था कि विचार की विरासत को जनादेश मिलेगा या परिवार की विरासत को। महाराष्ट्र की जनता ने साफ कर दिया कि उन्होंने विचार की विरासत को आशीर्वाद दिया है, जो विचार को छोड़कर परिवार की विरासत का दावा करते थे, उनको खारिज किया है। दूसरी तरफ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, एक हैं तो सेफ हैं। मोदी है तो मुमकिन है। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर एक चरण में 20 नवंबर को वोट डाले गए थे। यहां पर महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी ने 149 सीटों पर चुनाव लड़ा है, वहीं शिवसेना (शिंदे) ने 81 सीटों और अजित पवार की एनसीपी ने 59 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे।

# महाराष्ट्र चुनावः यह जनता का फैसला नहीं बल्कि कुछ तो गड़बड़ है



* उद्धव गुट के संजय राउत ने चुनावी नतीजों को लेकर दी प्रतिक्रिया

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र चुनाव के रुझानों में महायुति अभी तक के रुझानों में बढ़त बनाए हुए है। वहीं महाअघाड़ी के उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना की प्रतिक्रिया सामने आई है। रुझानों में अभी तक 221 सीटों पर महायुति आगे है जबकि अघाडी केवल 55 सीटों पर आगे चल रही है। इन रुझानों पर शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि यह जनता का फैसला नहीं है बल्कि कुछ तो गड़बड़ है।

उन्होंने कहा कि महायुति ने पूरी मशीनरी को कब्जे में ले लिया है। इस राज्य की जनता बेईमान नहीं है। शिंदे के सारे उम्मीदवार कैसे जीत सकते हैं? राउत ने आगे कहा कि दो दिन पहले गौतम अडाणी के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में एक गिरफ्तारी वारंट निकला है। रिश्वत का केस है दो हजार करोड़ का, उसमें बीजेपी की पोल खुल गई है। उस पर से ध्यान हटाने के लिए ये पूरी कारिस्तानी हुई है, उसकी तैयारी पहले से चल रही थी। महाराष्ट्र गौतम अडाणी की जेब में जा रहा है, हमने विरोध किया कि अडाणी राष्ट्र नहीं होने देंगे। इस प्रकार के नतीजे के राज्य पर लादे गए हैं।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता का मन हमें मालूम है ये हो ही नहीं सकता है। लाडकी बहिन योजना को लेकर किए गए सवाल पर राउत ने कहा कि यहां लाडले भाई हैं, लाडले नाना जी हैं, लाडले दादा जी हैं। सब कुछ लाडले हैं यहां। हमको मालूम है कि यहां क्या है, ये जो नतीजे आए हैं वह जनता के नहीं है। उन्होंने कहा कि शिंदे के सारे उम्मीदवार कैसे जीत रहे हैं। राउत ने कहा कि लोकसभा के दो चुनाव 2014 और 2019 में मोदी और शाह ने यही किया था कि विपक्ष का नेता कांग्रेस को नहीं मिलना चाहिए, इस बार वही रणनीति इन्होंने महाराष्ट्र में अपनाई है कि विधानसभा में कोई विपक्ष का नेता नहीं रहेगा, ये हमेशा बीजेपी की रणनीति रही है।

# नड्डा ने खरगे को लिखा पत्र, कहा- कांग्रेस मणिपुर पर विभाजनकारी ताकतों को कर रही मजबूत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे को पत्र लिख मणिपुर के मामले पर कांग्रेस द्वारा राजनीति करने का आरोप लगाया है। नड्डा ने पत्र में लिखा है कि कांग्रेस नेताओं का मणिपुर पर स्टैंड विदेशी और विभाजनकारी शक्तियों के गठजोड़ को मजबूती देता है। देश को कमजोर करने वाली शक्तियों के प्रयास को हम सफल नहीं होने देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने मणिपुर को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा था, माना जा रहा है कि नड्डा का पत्र इसी की प्रतिक्रिया है।

नड्डा ने अपने पत्र में आरोप लगाया है, 'कांग्रेस के नेताओं द्वारा लगातार मणिपुर के मुद्दे को सेंसेशनलाइज़ करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस शासनकाल में विदेशी आतंकियों को भारत आने की खुली छूट थी। पी चिदंबरम के गृहमंत्री काल में आतंकियों के साथ समझौता हुआ था, जिससे वो और घोषित आतंकवादी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना देश छोड़ सकते थे। आज उस व्यवस्था को खत्म किया जा चुका है। पिछले 10 सालों से मणिपुर में शांति और विकास चल रहा था, लेकिन वो ताकतें दोबारा वही माहौल बनाना चाहती हैं, और मणिपुर को दशकों पुरानी अव्यवस्था के उस काल में ले जाना चाहती हैं।'





पत्र में नड्डा ने लिखा, इस साल की शुरुआत में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर में हिंसा के मुद्दे को संबोधित कर रहे थे, तब आप और आपकी पार्टी ने जिस अपमानजक और गैर-जिम्मेदाराना तरीके वॉकआउट किया था, उसे प्रत्यक्ष रूप से देखने के बाद इस मुद्दे पर राष्ट्रपति को संबोधित आपका पत्र देखना मेरे लिए हैरान करने वाला है। कांग्रेस के नेताओं की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर अनगिनत अपमानजनक टिप्पणियां की गई हैं। ऐसा लगता है कि आप आपकी पार्टी और कांग्रेस सरकार दोनों ने 90 के दशक में और यूपीए सरकार के समय किए गए गलत फैसलों को भूल रही है। मैं आपकी पार्टी को याद दिलाना चाहता हूं कि कांग्रेस की इस बड़ी नाकामी के परिणाम आज मणिपुर में महसूस किए जा रहे हैं।

नड्डा ने कहा, पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे पूर्वोत्तर क्षेत्र ने हर क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखा है, चाहे वह अर्थव्यवस्था हो, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा या विकास के अवसरों तक पहुंच हो। हमारे पूर्वोत्तर में गोलीबारी और विस्फोट रोजमर्रा की बात बन गए थे, वहां देश की आजादी के बाद वहां पहली बार शांति, समृद्धि और प्रगति देखी जा रही है।

यह बदलाव उन लोगों से पूरी तरह से समर्थन हासिल कर रहा है, जिन्होने बार-बार कांग्रेस और उनके सहयोगियों के झूठे वालों की जगह डबल-इंजन एनडीए सरकारों की स्थिरता पर भरोसा जताया है। दस वर्षों में ऐतिहासिक शांति समझौतों से लेकर अभूतपूर्व कनेक्टिविटी तक, हमारी सरकारें वास्तव में पूर्वोत्तर के लोगो को एक-दूसरे के करीब ला रही हैं। यह ध्यान देने योग्य बात है कि मणिपुर में 2013 में 20 फीसदी से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से पीड़ित थे, जो 2022 में घटकर पांच फीसदी तक रह गई है।

## अदाणी से जुड़े भ्रष्टाचार की कीमत आम भारतीय चुका रहा है : राहुल

नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अदाणी समूह से जुड़े 'भ्रष्टाचार' की कीमत आम भारतीय को चुकानी पड़ रही है। राहुल गांधी ने पोस्ट में कहा, यह भ्रष्टाचार का बेहद ख़तरनाक खेल है। अदाणी मोदी जी को फंड देते हैं और बदले में मोदी जी उन्हें देश की राष्ट्रीय संपत्ति सौंपते हैं। वे दोनों सबसे पहले एक–दूसरे की रक्षा करते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि इसमें कीमत लोगों को चुकानी पड़ रही है। राहुल ने कहा, ''जब अदाणी रिश्वत देकर महंगी बिजली बेचने का सौदा करते हैं, तब बढ़े हुए बिजली के दाम किसे चुकने पड़ते हैं? आपको, जनता को। जब घोटाले सामने आने पर अदाणी के फर्जी तरीके से बढ़ाए हुए शेयर गिरते हैं, तब नुकसान किसका होता है? आपका, खुदरा निवेशकों का। राहुल गांधी ने दावा किया, जब बंदरगाह, हवाई अड्डे, सीमेंट, रक्षा क्षेत्र अदाणी के हवाले किए जाते हैं, तब उन्हें मिलने वाला मुनाफा किसकी जेब से जाता है? आपकी जेब से। उन्होंने कहा, ''इसीलिए मैं बार–बार बोल रहा हूं कि इस खेल को समझिए, इसमें हार हमेशा जनता की होगी।



# चीन के तल्ख तेवरों के बीच जापान, फिलीपींस के रक्षा मंत्री से मिले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण चीन सागर में चीन के लगातार आक्रामक होते तेवरों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लाओस की राजधानी वियनतियाने में जापान और फिलीपींस के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इनमें जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी के साथ हुई बैठक में दोनों ने बीते सप्ताह जापान में हुए यूनिकॉर्न मास्ट के कार्यान्वयन के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के क्षणों को याद करते हुए रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में सह-उत्पादन और सह-विकास में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई और रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी सहयोग के महत्व को दोहराया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि बैठक में भारत और जापान की सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को और बेहतर बनाने के लिए दोनों देशों के बीच आपूर्ति और सेवा समझौते के पारस्परिक प्रावधान और विभिन्न द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में सेनाओं की भागीदारी पर दोनों वरिष्ठ मंत्रियों ने चर्चा की। साथ ही हवाई क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने पर भी दोनों सहमत हुए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फिलीपींस के अपने समकक्ष रक्षा मंत्री गिल्बर्टो टेओडोरो से मुलाकात में रक्षा उद्योग, आतंकवाद विरोध, विषय वस्तु



विशेषज्ञों, अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में आदान-प्रदान पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति प्रदान की। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री लाओस में 11वें आसियान-प्लस समूह के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए वियनतियाने की तीन दिवसीय यात्रा पर थे। जहां उन्होंने कुल दस देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। नई दिल्ली रवाना होने से पहले राजनाथ सिंह ने वियनतियाने में बौद्ध मंदिर वाट सिसाकट के दर्शन किए और मंदिर के मठाधीश महावेथ चित्ताकारो से आशीर्वाद लिया।

गौरतलब है कि जापान और फिलीपींस का चीन के साथ दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में गंभीर समुद्री सीमा विवाद चल रहा है। इलाके में चीन ने स्वेच्छा और ताकत के बल पर नौ बिंदुओं वाली एक रेखा खींचकर अपने कब्जे की अनौपचारिक घोषणा कर दी है। जिसे फिलीपींस, जापान समेत अन्य भागीदार देशों ने स्वीकार नहीं किया है। उधर, भारत भी समुद्री क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र के नियम, कानूनों के हिसाब से आवागमन की वैश्विक व्यवस्था बनाने के पक्ष में है। लाओस में चीन के रक्षा मंत्री के साथ हुई भारत के रक्षा मंत्री की हालिया बैठक में राजनाथ सिंह यह स्पष्ट कर चुके हैं कि हम अंतरराष्ट्रीय नियम कायदों के तहत एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के गठन को लेकर प्रतिबद्ध हैं। विवादों का समाधान बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जाना चाहिए।

# मतदान में महिलाओं पर पिस्टल तानने वाले एसएसपी का होगा सम्मान?

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** यूपी में मुजफ्फरनगर के मीरापुर उपचुनाव में भारी बवाल देखने को मिला था। यहां 20 नवंबर को मतदान के दौरान झड़प, पत्थरबाजी के बाद पुलिस ने लोगों पर लाठियां भांजी थी। इस बीच थाना काकरोली क्षेत्र के बूथ पर एक दारोगा पिस्टल लिए लोगों को वहां से भगाते नजर आए। वहीं सामने खड़ी महिलाएं वोट डालने उनसे बहस कर रही थीं। इसका वीडियो सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शेयर किया और उक्त दारोगा पर कार्रवाई की मांग की थी। फिर इस घटना के बाद खुद एसएसपी ने सामने आकर सफाई दी थी। अब महिलाओं पर पिस्टल तानने वाले थाना प्रभारी राजीव शर्मा को ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा द्वारा सम्मानित करने की घोषणा की गई है। ब्राह्मण महासभा का कहना है कि उग्र भीड़ को राजीव शर्मा ने रोकने का प्रयास किया है वरना बहुत बड़ी घटना घट सकती थी। महासभा जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर एसएसपी और थाना अध्यक्ष राजीव शर्मा को सम्मानित करेगी।

बता दें कि पिस्टल तानने की घटना पर



एसएसपी ने कहा था कि यह वीडियो साजिश के तहत वायरल किया गया है और वीडियो अधूरा है। एसएसपी के मुताबिक सच्चाई यह है कि झड़प की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची थी जहां रोड जाम करने का प्रयास किया गया और पुलिस पार्टी पर पथराव किया गया। जब पुलिस फोर्स ने बल प्रयोग किया तो उपद्रवी भाग गए और महिलाओं को आगे कर दिया। इधर, बवाल पर मुजफ्फरनगर प्रशासन ने सफाई देते हुए कहा था थाना क्षेत्र ककरौली के पास दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया है जिस पर पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर हटाने का प्रयास किया लेकिन उन लोगों द्वारा पुलिस टीम पर ही पथराव शुरू कर दिया। ऐसे में पुलिस द्वारा सूक्ष्म बल प्रयोग कर हुड़दंग कर रहे लोगों को वहां से हटा दिया गया। बता दें कि आज ही मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे आने शुरु हो गए हैं।

# गजब की बात...अब इंसान नहीं होगा बीमार, वैज्ञानिक तैयार कर रहे कोशिशओं की एटलस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हमारे शरीर को करीब 36 से 37 लाख करोड़ कोशिकाओं यानी सेंल्स ने मिलकर बनाया है। हर कोशिका का अलग काम, अलग व्यवहार और अलग जीवन होता है। ये मरती-जीती रहती हैं। अब वैज्ञानिक इन सभी कोशिकाओं का नक्शा बनाने में जुटे हैं। लेकिन इसमें हर एक सिंगल कोशिका की डिटेल होगी। उस कोशिश के बारे में सारी जानकारी होगी। ताकि अलग-अलग कोशिकाओं से जुड़ी समस्याओं, बीमारियों को रोक सके। विकास, प्रतिरोधक क्षमता जैसी चीजों को बेहतर बना सके। अगर ऐसा हुआ तब भविष्य में इंसानों करीब-करीब अमर किया जा सकेगा। या फिर मनुष्य को जिंदगी भर किसी तरह की बीमारियां नहीं होंगी। वैज्ञानिकों ने अब तक 10 करोड़ कोशिकाओं का हिसाब-किताब लिख लिया है।

इन कोशिकाओं की डिटेल्स दुनियाभर के 10 हजार लोगों के शरीर से लिए गए हैं। ये 100 अलग-अलग देशों के लोग हैं। ताकि अलग-अलग देशों में रह रहे लोगों के शरीर में मौजूद समानताओं और भिन्नताओं को पहचाना जा सके। उनकी भौगोलिक स्थिति और जेनेटिक बैकग्राउंड के आधार पर उनकी हर कोशिका के काम को जाना जा सके।

2026 में वैज्ञानिक ह्यूमन सेल एटलस को पूरा करने वाले है। जिसमें हर एक कोशिका की लोकेशन, पहचान और काम सब पता होगा। वह उम्र के अलग-अलग पड़ाव के बारे में पूरी जानकारी होगी। ताकि यह भी पता चलें कि कोशिका किस उम्र में किस तरह से काम करती है। यह नक्शा शुरूआती होगा। इसके बाद और रिसर्च किए जाएंगे। ताकि इंसान को बेहतर लंबा जीवन दिया जा सके। वैज्ञानिकों ने 40 रिसर्च पेपर्स और तैयार किए हैं। ताकि एटलस का पहली कॉपी तैयार हो सके। यह रिपोर्ट एक नेचर जर्नल में प्रकाशित हुई है। जिसमें कई अंगों और उनके सिस्टम को दिखाया गया है। जैसे फेफड़े, दिमाग और त्वचा।

